स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, सोमवार
2 नवंबर, 2026
कार्त्तिक मास कृष्ण पक्ष 8
सं. 2083 वि.
वर्ष 38, अंक - 75, पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



पीवी सिंधू ने जीता हाइलो ओपन का खिताब

मौसम

न्यूनतम तापमान 19

अधिकतम तापमान 29

सूर्यास्त 5.22 सूर्योदय 6.16

खबर एक नज़र

पंजाब में दो विधायकों ने छोड़ी आप

चंडीगढ़। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के दो विधायकों हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौरामाजरा ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। दोनों विधायकों के इस फैसले को 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए झटका माना जा रहा है। हरमीत सिंह पठानमाजरा सनौर विधानसभा सीट से विधायक हैं, जबकि चेतन सिंह जौरामाजरा समाना सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। पार्टी ने एक दिन पहले ही विस प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की थी।

मणिपुर : दो घटनाओं में पांच लोगों की मौत

इंफाल। मणिपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। नोनी जिले के केकरू नगा गांव में दो हथियारबंद गुटों के बीच कई घंटे तक गोलीबारी हुई। इसमें कुकी समुदाय के 3 लोगों की जान चली गई। वहीं, कांगपोकपी जिले में 29 अक्टूबर से लापता दो युवकों के शव रविवार को मिले। दोनों युवक ताफौ कुकी गांव से लापता हुए थे। पहाड़ी इलाके में मिले शवों की पहचान की जा रही है। इस साल मणिपुर में हिंसा से जुड़ी घटनाओं में करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है।

कमर्शियल सिलिंडर हुआ महंगा

नई दिल्ली। दिवाली और छठ पूजा से पहले देश के कारोबारियों को महंगाई का एक और झटका लगा है। सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने एक नवंबर से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। अलग-अलग शहरों में सिलिंडर के दाम 10 से 12 रुपये तक बढ़े हैं। नई दरें रविवार से देशभर में लागू हो गई हैं। हालांकि, घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं को फिलहाल राहत मिली है। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

रामलीला मैदान : इंडिया गठबंधन की रैली में गरजे राहुल

ज्ञानेश कुमार को भेजेंगे जेल

नई दिल्ली। दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और विपक्ष को डराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। वहीं, पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने एसआईआर और मतगणना को लेकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने भी कथित वोट चोरी का मुद्दा उठाया।



■ मोदी को हटाएंगे : खरगे

राहुल ने कहा कि मैं स्टेज से कहना चाहता हूं। मैं जो कहता हूं वो होता है न। मैंने कोविड-19 के बारे में बोला, सच हुआ। मैं आपको स्टेज से कह रहा हूं कि ज्ञानेश कुमार सीईसी पद से हटेगा। ज्ञानेश कुमार हिंदुस्तान में जेल जाएगा। और अगर यह आम चोरी नहीं है कि किसी ने दुकान से थोड़ी सी छोटी चोरी कर ली। उसके लिए जेल होती है। इन्होंने नॉर्मल चोरी नहीं की है। यह हिंदुस्तान के हर नागरिक के आवाज की चोरी है। इसको कानूनी गलियारों में रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस कहते हैं। इसे देशद्रोही कहते हैं, इसे ट्रीजन कहते हैं और ज्ञानेश कुमार के बिना न नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनता, न अमित शाह गृह मंत्री बनता। आरएसएस इस देश की सारी संस्थाओं को कैप्चर कर लिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सीबीआई, ईडी, न्यायपालिका, नौकरशाही, पुलिस सारी की सारी संस्थाएं, जो आपकी हैं, वह नरेंद्र मोदी, अमित शाह, आरएसएस की नहीं, युवाओं की संस्थाएं हैं। वह इन्होंने कैप्चर कर रखी हैं।

रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र में 'चोरी सरकारें' हैं। भाजपा को सत्ता से बेदखल किए बिना हम चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी हमें डराने के लिए ईडी जैसी सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं क्योंकि हम सभी जानते हैं कि कैसे लड़ना है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- पीएम मोदी हमें बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वह लोगों के वोट छीनने की कोशिश कर रहे हैं। रामलीला मैदान की रैली में कहा मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- अगर मोदी जाएंगे तो ही लोकतंत्र बच सकता है।

यूपी में हिंदुओं के 1.27 करोड़ वोट काटे गए



समाजवादी पार्टी के सांसद और अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, ''जबसे यह तय हुआ है कि रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन एकजुट होकर उन तमाम लोगों को जिन लोगों ने लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है, उनके खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। तबसे सामने आ रहा है कि जनता हमारे साथ जुटना चाहती है। अगर मैं यह कहूं कि एक करोड़ 27 लाख वोट कटे हैं, उसका गणित हम लगा दें 403 विधानसभाओं का तो हर विधानसभा में वोट कम हुए हैं। जो लोग तय कर के आए हैं कि अंगद का पैर है, वे जानते हैं कि जमीन ही नहीं बची है तो पैर कहां रखोगे। जो लोग दावा करते थे कि डबल इंजन की सरकार है, उन्हें काशी की जनता ने जवाब दिया है। वे एक बार एक हार से संतुष्ट नहीं थे।''

ईवीएम, लोकतंत्र और संविधान को लूटा




टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने रामलीला मैदान से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगा। ममता ने कहा 'हम हारे नहीं, हराए गए हैं।' उन्होंने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर आरोप लगाया कि राज्य इसके कारण प्रभावित हुआ है।

बिहार से वोट चोरी शुरू



आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी रैली में वोट चोरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में वोट चोरी की शुरुआत बिहार से हुई थी। तेजस्वी ने सरकार पर निशाना साधते हुए उसे 'दो नंबरी' बताया। तेजस्वी के बयान से साफ रहा कि विपक्षी गठबंधन मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सवालों को राजनीतिक बहस के केंद्र में रखना चाहता है।



14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए आजम खां

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को रविवार को गाजियाबाद की विशेष अदालत में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पेश किया गया। उनकी पेशी को लेकर कोर्ट परिसर के आसपास लोगों और समर्थकों का जमावड़ा लग गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा और पूरे परिसर में सतर्कता बरती गई। दरअसल, आजम खां को शनिवार को रामपुर जेल से रिहाई के तुरंत बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। यह कार्रवाई मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट और जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई है। ईडी की टीम आजम खां को गाजियाबाद की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए कस्टडी रिमांड की मांग की।

■ गाजियाबाद कोर्ट में किया गया था पेश

नीट विवादः नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली परीक्षा सुधार समिति का कार्यकाल बढ़ा, जनवरी 2027 तक देगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने परीक्षा व्यवस्था में सुधार और पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया है। इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली इस समिति को अब जनवरी 2027 तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। पहले समिति को अक्तूबर 2027 तक रिपोर्ट देने का समय दिया गया था। सरकारी सूत्रों के अनुसार, समिति की ओर से विभिन्न पक्षों के साथ विचार-विमर्श की प्रक्रिया अभी जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई में छह सदस्यीय इस उच्चस्तरीय टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की थी। यह फैसला दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के बड़े विरोध प्रदर्शन के बाद लिया गया था। 25 जुलाई को हुए इस प्रदर्शन के बाद तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया था। इसके अगले दिन प्रधानमंत्री ने परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए समिति गठित करने की घोषणा की थी। समिति को अब तक छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, शिक्षण संस्थानों, विषय विशेषज्ञों, उद्योग संगठनों और परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं से 50 हजार से अधिक सुझाव मिल चुके हैं। समिति इन सुझावों के आधार पर परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के उपायों पर विचार कर रही है। समिति ने 2024 में नीट पेपर लीक मामले के बाद केंद्र सरकार की ओर से गठित पैनल के प्रमुख और पूर्व इसरो अध्यक्ष के. राधाकृष्णन से भी चर्चा की है।

'विपक्ष जनादेश न मिलने से हताश'

चंडीगढ़। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दिल्ली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली को लेकर निशाना साधा और कहा कि जनता का जनादेश नहीं मिलने से हताश कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बना रही है। नवीन 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर विपक्ष की रैली के जवाब में हरियाणा के रोहतक में मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा' को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के लिए प्रायश्चित करने और माफी मांगने के बजाय कांग्रेस दंगे की बरसी पर प्रदर्शन करने निकली है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी को सिख भाइयों के खिलाफ किए गए कृत्यों, नरसंहार और हत्याओं के लिए प्रायश्चित करना चाहिए था और माफी मांगनी चाहिए थी, जो 1984 में इसी दिन हुई थीं। इसके बजाय, आज वे प्रदर्शन करने निकल पड़े हैं।'

■ नितिन नवीन बोले- प्रायश्चित करे कांग्रेस

'ड्रोन-लंबी दूरी के हथियार बदल रहे लड़ाई का स्वरूप'

नई दिल्ली। एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कल नए वायुसेना प्रमुख का पद संभाल लिया। आज परेड ग्राउंड में सलामी लेने के बाद वायुसेना प्रमुख आशुतोष दीक्षित ने कहा, भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख के रूप में कमान संभालना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। हमारी सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियां अभी भी गंभीर बनी हुई हैं।



ड्रोन और लंबी दूरी तक सटीक हमला करने वाले हथियारों जैसी नई तकनीकों और प्रणालियों से युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। नए एयर चीफ ने कहा, भारतीय वायुसेना को अगले दशक में देश की जरूरतों के मुताबिक खुद को तैयार करने के साथ युद्ध लड़ने और जीतने के लिए भी हमेशा तैयार रहना होगा। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा, 'भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख के रूप में कमान संभालना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। आज सुबह मैंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। उनका साहस हमारे लिए वह मानक है, जिस पर हम खुद को परखेंगे।' उन्होंने कहा, 'मैं एयर चीफ मार्शल एपी सिंह से वायुसेना की कमान संभाल रहा हूं। उनके नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायुसेना ने दिखाया कि सटीक और निर्णायक हवाई ताकत क्या कुछ कर सकती है। मैं उन्हें इस बात के लिए धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझे पूरी तरह तैयार और मजबूत स्थिति में वायुसेना की जिम्मेदारी सौंपी है।'

■ नए वायुसेना प्रमुख ने कहा- युद्ध जीतने के लिए तैयार रहें

'अर्नब' के बाद अब 'मुरासु' का खतरा

भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव रविवार को चक्रवाती तूफान 'मुरासु' में तब्दील हो गया। इसके बाद ओडिशा सरकार ने राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा बुलेटिन के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान 'मुरासु' बन गया है। इसके तीन नवंबर को आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। आईएमडी ने बताया कि भारत की ओर से नामित चक्रवात 'मुरासु' के बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। इसके तीन नवंबर की सुबह नेल्लोर और नरसापुर के बीच आंध्र प्रदेश के तट को पार करने का अनुमान है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है, जबकि झोंकों के साथ यह 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। ओडिशा के आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने दक्षिणी क्षेत्र में पहले ही हाई अलर्ट जारी कर दिया है। सरकार ने निचले इलाकों और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश भी दिए हैं। भुवनेश्वर मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने बताया कि चक्रवात के प्रभाव से ओडिशा में दो नवंबर से बारिश शुरू होगी। तीन और चार नवंबर को बारिश की तीव्रता बढ़ने की संभावना है।

■ बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात, अलर्ट जारी

कांग्रेस ने सिखों के जख्मों पर नमक छिड़का : शाह

चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को चंडीगढ़ के स्थापना दिवस समारोह में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने 1984 के सिख नरसंहार की बरसी के दिन दिल्ली में कांग्रेस की रैली आयोजित करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने सिखों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन हजारों सिखों की निर्मम हत्या हुई, उसी दिन कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने की क्या जरूरत थी। अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान से नफरत के अलावा कुछ नहीं मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस को पहले यह लगा था कि शायद राहुल गांधी उस समय छोटे थे या उन्होंने इतिहास नहीं पढ़ा, इसलिए उन्हें इस दिन के महत्व की जानकारी नहीं होगी। लेकिन भाजपा ने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस से अपील की थी कि 1, 2 और 3 नवंबर को रैली आयोजित न की जाए, क्योंकि ये वही दिन हैं जब सिख विरोधी दंगे हुए थे। अमित शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक बार कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। अब उनके बेटे राहुल गांधी ने उसी दिन दिल्ली में बड़ी रैली आयोजित की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस से अपील की थी कि 1 से 3 नवंबर के बीच कोई बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम न किया जाए, क्योंकि इससे सिख समुदाय की माताओं, बहनों और बच्चों की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी।



■ दिल्ली में रैली आयोजित करने पर उठाए सवाल

'अज्ञानता-डर से पनपती है मनमानी सत्ता'

शिलांग। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने लोकतंत्र और कानून के शासन को मजबूत करने में 'वैज्ञानिक दृष्टिकोण' के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मनमानी सत्ता अज्ञानता, डर और बिना परखे विश्वासों के सहारे पनपती है।मेघालय के री-भोई जिले में 'यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मेघालय' (यूएसटीएम) के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, जस्टिस भुइयां ने शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों के बीच संबंध पर जोर देते हुए कहा, 'वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही कानून के शासन की नींव रखता है।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसा इसलिए है क्योंकि मनमानी सत्ता अज्ञानता, डर और बिना परखे विश्वासों के दम पर फलती-फूलती है।' विश्वविद्यालय के सेंट्रल ऑडिटोरियम में आयोजित इस दीक्षांत समारोह में कुल 1,469 छात्रों को डिग्री और डिप्लोमा प्रदान किए गए। 'एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज' की महासचिव पंकज मित्तल ने दीक्षांत समारोह में मुख्य संबोधन दिया। इस समारोह में गुवाहाटी हाई कोर्ट के जज - जस्टिस कल्याण राय सुराना, जस्टिस सौमित्र सैकिया, जस्टिस रॉबिन फूकन, जस्टिस करदक एते और जस्टिस उन्नी कृष्णन नायर के साथ-साथ गुवाहाटी हाई कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस पी.के. डेका भी मौजूद थे।

■ जस्टिस भुइयां ने वैज्ञानिक सोच को बताया जरूरी

'राज धरम तो यहै 'सूर' जो प्रजा न जाहिं सताए'

निर्विवाद तौर पर संसार के सर्वश्रेष्ठ कूटनीतिज्ञ भगवान श्रीकृष्ण के सौंदर्य–श्रृंगार, लीला–लावण्य और भक्ति–भाव से हिंदी साहित्य को सराबोर करनेवाले सूरदास जी ने दूसरों को दिए जाने वाले उपदेशों पर खुद भी अमल करने और हर हाल में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने को ही राजनीति और राजधर्म का परम प्राथमिक कर्तव्य बताते हुए लिखा है कि– 'हरि हैं राजनीति पढ़ि आए / तें क्यौं अनीति करें आपुन, जे और अनीति छुड़ाए / राज धरम तो यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए / हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।'

इस कसौटी पर परखें तो मौजूदा दौर की सियासी तस्वीर सूरदास की सीख और अपेक्षाओं के उलट न सिर्फ़ 'दूसरों को नसीहत, खुद मियाँ फ़ज़ीहत' वाली दिखाई पड़ती है बल्कि जनहित के प्रति भावनात्मक संवेदनशीलता और जनकल्याण को प्राथमिक जिम्मेदारी के तौर पर स्वीकार करने के ईमानदार दृढ़ संकल्प का भी अभाव नजर आता है। जबकि राजनीतिक दलों को नहीं भूलना चाहिए कि जनता केवल चुनावी सभाओं में जुटने वाली भीड़ नहीं बल्कि रोजमर्रा की जरूरतों, जिम्मेदारियों और परेशानियों से जूझने वाला समाज है जिसकी सुविधा, समय और आर्थिक हितों की रक्षा भी राजनीति की जवाबदेही का अनिवार्य हिस्सा है। लेकिन विडंबना है कि जनहित के प्रति जिम्मेदारी और संवेदना को ताक पर रखकर पक्ष–प्रतिपक्ष द्वारा सड़क पर शक्ति प्रदर्शन करके अपनी राजनीति चमकाने के लिए ऐसे समय और तरीके का चयन किया गया है जब धनतेरस से लेकर देवोत्थान एकादशी तक का साल का सबसे बड़ा और पावन त्योहारी पखवाड़ा मनाने की तैयारियों और खरीदारियों में हर व्यक्ति, हर परिवार और पूरा समाज अपनी-अपनी सामर्थ्य एवं भावनाओं के अनुसार व्यस्त और उलझा हुआ है। बेशक, लोकतंत्र में सरकार की नीतियों का विरोध और जवाबदेही सुनिश्चित करना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी है। इसी तरह सरकार को भी अपने निर्णयों का बचाव और विरोधियों की असली मंशा का खुलासा करने का अधिकार है। लेकिन, समस्या तब होती है जब राजनीतिक संघर्ष में जनसुविधा पीछे छूट जाती है और सड़कें लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के बहाने शक्ति प्रदर्शन और सियासी तांडव का रंगमंच बन जाती हैं। सवाल यह नहीं है कि पक्ष-विपक्ष की ओर से जिन मुद्दों को तूल दिया जा रहा है और आम जनमानस को अपने पक्ष में लामबंद करके अधिकतम जनसमर्थन जुटाने का प्रयास हो रहा है वह कितना सही और कितना गलत है? उसमें कितनी वास्तविकता है और कितना छल–छद्म है? वह कितना प्रभावशाली और कितना बेमानी है? असली सवाल है कि राजनीतिक दल अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए जिस जनता के नाम पर राजनीति कर रहे हैं उसी जनता को अपनी राजनीति की कीमत चुकाने के लिए विवश करना उचित है क्या? क्या जनहित के मुद्दों को उठाने वाले दल जनता के समय, श्रम और आजीविका के प्रति भी उतने ही संवेदनशील हैं जितने उसके समर्थन और सहानुभूति के प्रति? लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन का अधिकार महत्वपूर्ण है, लेकिन उसके साथ सार्वजनिक व्यवस्था, कानून और दूसरों के अधिकारों के प्रति जिम्मेदारी भी तो जुड़ी हुई है। बहरहाल, राजनीति पूरे साल हो सकती है और कानूनी व संवैधानिक दायरे में रहते हुए अपनी बात रखने का तरीका और सलीका भी मनचाहा अपनाया जा सकता है। लेकिन इसमें समय और परिस्थिति के साथ ही जनसुविधाओं और समाज की सहूलियत के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव हो तो सियासत का सकारात्मक पहलू समाज के समक्ष प्रदर्शित होगा जिससे भावनात्मक जनजुड़ाव में भी इजाफा होगा। इस परिप्रेक्ष्य में रीतिकाल के प्रसिद्ध कवि वृंद की यह सीख विचारणीय है कि 'नीकी पै फीकी लगै, बिनु अवसर की बात। जैसे बरनत युद्ध में, रस सिंगार न सुहात॥

जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।



नज़र और नज़रिया - नवकांत ठाकुर

नवागंतुक चौकी प्रभारी ने संभाला कार्यभार अपराध मुक्त होगा क्षेत्र



-चौकी प्रभारी अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा पीड़ितों और आम जनमानस के लिए 24 घंटे खुले रहेंगे दरवाजे...

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

माती.कानपुर देहात। कोतवाली शिवली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बाघपुर चौकी में नवागन्तुक चौकी प्रभारी अरविंद कुमार मिश्रा ने कार्यभार ग्रहण कर ग्रामीणों के साथ साथ दुकानदारों व स्थानीय जन प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित किया।उन्होंने चौकी क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के प्रति अपने बेबाक रुख का परिचय देते हुए कहा कि अपराध का समूल नाश करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी और इसमें किसी प्रकार का समझौता मेरी तरफ से स्वीकार नहीं होगा।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुलिस को पूरी सतर्कता के साथ लोगों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बना कर रखना होगा।उन्होंने कहा कि पीड़ितों और आम जनता के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे यदि किसी को किसी भी प्रकार की समस्या आ रही हो या अपराध के खिलाफ शिकायत करनी हो तो वह निःसंकोच सीधे आकर उनसे संपर्क स्थापित कर सकता है और उनका प्रयास है कि हर व्यक्ति को न्याय मिले और अपराध पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित किया जाए।उन्होंने मीडिया को भी सहयोग और सच्चाई को सामने लाने का आह्वान करते हुए कहा कि पुलिस जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना चाहती है।ताकि शिवली थाना क्षेत्र की बाघपुर चौकी एक सुरक्षित और शांतिमय क्षेत्र बन सके और जहां हर नागरिक निसंकोच अपने को सम्मानित और सुरक्षा व्यवस्था को महसूस कर सके।।

रसूलाबाद में खेत से लौट रहे किसान पर लाठी डंडों से हमला घर में घुसकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

-विवाद को लेकर आधा दर्जन से अधिक लोगों पर मारपीट का आरोप पुलिस ने शुरू की जांच

स्वतंत्र भारत ब्यूरो रसूलाबाद कानपुर देहात। थाना रसूलाबाद क्षेत्र के ब्रह्मणगांव गांव में धान की कटाई कर घर लौट रहे एक किसान के साथ आधा दर्जन से अधिक लोगों द्वारा गाली गलौज और लाठी डंडों से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित का पीछा कर घर में घुसकर भी मारपीट की।

पीड़ित की तहरीर के अनुसार घटना 17 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे के बीच की है। वह अपने भाइयों और पत्नी के साथ खेत से लौटा था। बाजार में सामान लेने के दौरान कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे घेर लिया और हमला कर दिया। किसी तरह भागकर वह घर पहुंचा तो आरोपियों ने वहां भी पहुंचकर मारपीट की। बीच बचाव करने आए उसके भाई को भी चोटें आईं। शोर सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना रसूलाबाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राम प्रकाश को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है जांच के बाद तथ्यों के अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

रसूलाबाद में ट्रैक्टर रोककर मारपीट, 112 पुलिस ने बीच बचाव कर बचाई जान 13 पर रिपोर्ट दर्ज

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, रसूलाबाद। रसूलाबाद क्षेत्र में 29 अक्टूबर की रात ट्रैक्टर से लौट रहे चालक और उसके साथियों के साथ मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि तोरना बाजार के सामने पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने ट्रैक्टर रोककर गाली गलौज और लाठी डंडों से हमला कर दिया। ट्रैक्टर मालिक को सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचा और 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर बड़ी मुश्किल से घायलों को बचाया। पीड़ित ने दबंगई और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए मेडिकल परीक्षण और मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। जिस पर थाना पुलिस ने गत दिवस को 13 नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उपनिरीक्षक केशव देव को सौंपी है। चौकी इंचार्ज केशव देव ने बताया कि ज्यादातर आरोपी झगड़ालू प्रवृत्ति के व्यक्ति है । जांच के बाद सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

रसूलाबाद में सहकारी समितियों में हड़ताल से किसान बेहाल, प्राइवेट दुकानों पर खुलेआम हो रही महंगे दाम पर खाद की बिक्री

सरकारी रेट 1350 की डीएपी 1700में बेचने का आरोप कृषि विभाग मौन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

रसूलाबाद कानपुर देहात। क्षेत्र में सहकारी समितियों के सचिवों की हड़ताल का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। समितियों पर खाद न मिलने से किसान प्राइवेट दुकानदारों से खाद लेने को मजबूर हैं जिसका फायदा उठाकर दुकानदार मनमाने दाम पर डीएपी खाद बेच रहे हैं।

किसान हरिश्चंद्र का आरोप है कि सरकार ने डीएपी का मूल्य 1350 रुपये प्रति बोरी निर्धारित किया है लेकिन रसूलाबाद लालू असालतगंज और कन्हिजरी क्षेत्र में प्राइवेट दुकानदार डीएपी 1700 रुपये प्रति बोरी तक खुलेआम बेच रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इतनी खुली लूट के बावजूद कृषि विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि कृषि विभाग के कथित संरक्षण में ही यह ठगी का खेल चल रहा है। कोई अधिकारी दुकानों की जांच करने नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि तत्काल प्राइवेट खाद विक्रेताओं की दुकानों पर छापे डलवाकर और अधिक मूल्य पर खाद बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ मुकदमे दर्ज कराए जाए।जिससे अन्नदाता को मंहगी खाद न खरीदनी पड़े । इस संबंध में उपकृषि निदेशक से टेलीफोन पर वार्ता करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा ।जिससे किसानों की महत्व पूर्ण समस्या पर वार्ता नहीं हो सकी ।

विरासत से विकास की ओर बढ़े क्षत्रिय समाज-डॉ हरिवंश

चित्रकूट। जिला मुख्यालय स्थित श्रीराम वाटिका में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का 130वां स्थापना दिवस ष्विरासत से विकास के रूप में जिलाध्यक्ष कुंवर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में धूमधाम मनाया गया। कार्यक्रम में समाज की गौरवशाली परंपराओंए समाज की एकताए शिक्षाए रोजगारए सामाजिक उत्थानए वर्तमान चुनौतियों और भावी पीढ़ी के विकास को लेकर मंथन किया गया। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ कुंवर हरिवंश सिंह और वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू समेत विभिन्न वक्ताओं ने समाज को संगठित और जागरूक रहने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ कुंवर हरिवंश सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज को अपनी गौरवशाली विरासत के साथ वर्तमान चुनौतियों का सामना करने के लिए मजबूत संगठन खड़ा करना होगा। उन्होंने जिले में क्षत्रिय समाज के लिए धर्मशाला निर्माण की दिशा में सहयोग और आश्वासन दिया। युवाओं से शिक्षा और रोजगार को प्राथमिकता देने तथा नशे से दूर रहकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यूजीसी एक्ट में संशोधन के लिए केंद्र सरकार को दो माह का समय दिया गया है्ए मांग पूरी न होने पर लखनऊ में विशाल रैली और प्रदर्शन किया जाएगा। वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू व सुखवीर सिंह भदौरिया ने यूजीसी एक्ट में संशोधन तथा एससी.एसटी से जुड़े मुद्दों को लेकर समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 और लोकसभा चुनाव 2029 में क्षत्रिय समाज की राजनीतिक भागीदारी और ताकत का प्रभावी प्रदर्शन करने की बात कही। राष्ट्रीय संगठन मंत्री इ भुवनेश्वर सिंह व अनुज चौहान ने कहा कि क्षत्रिय समाज की पहचान केवल शौर्य और पराक्रम से नहींए बल्कि त्यागए सेवाए संस्कारए न्याय और राष्ट्रभक्ति से भी रही है। उन्होंने युवाओं से इतिहास से प्रेरणा लेकर आधुनिक शिक्षाए तकनीकी ज्ञान और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह भदौरिया व कृष्णन सिंह ने समाज में व्याप्त नशाखोरी और अन्य सामाजिक कुरीतियों से दूरी बनाकर सकारात्मक वातावरण तैयार करने पर भी जोर दिया गया।

विधिक शिविर में जैविक सब्जियों और बंदियों के हस्तनिर्मित उत्पादों की रही धूम

अधीक्षक धीरज कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कारागार की व्यवस्थाओं और सुधारवादी सोच की न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने की मुक्तकंठ से प्रशंसा



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

माती कानपुर देहात । ईको पार्क के सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले संपन्न हुए बृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर में 26 विभागों के स्टॉलों के बीच जिला कारागार द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी आम जनमानस के आकर्षण का विशेष केंद्र रही।

जिला कारागार के स्टॉल पर कारागार की कृषि भूमि पर बिना रासायनिक खाद एवं दवाइयों के जैविक खाद से उत्पादित ताजी सब्जियां बैंगन मूली पालक फूलगोभी पत्ता गोभी हरा प्याज कद्दू भिंडी आदि बिक्री के लिए रखी गई थीं। साथ ही बंदियों द्वारा निर्मित मिट्टी और लकड़ी के आकर्षक प्रोडक्ट सजावटी सामान भी रखे गए थे इस मौके पर सम्मानित न्यायिक अधिकारियों प्रशासनिक अधिकारियों और आम लोगों में इन सब्जियों और प्रोडक्टों को खरीदने की होड़ लग गई लोगों ने जैविक सब्जियों की गुणवत्ता और बंदियों की कारीगरी की जमकर सराहना की इस अवसर पर मौजूद माननीय न्यायिक अधिकारियों जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार की व्यवस्थाओं को बेहतरीन बताया आम जनमानस ने जिला कारागार के अधीक्षक धीरज कुमार सिन्हा जेलर अरुण कुमार सिंह डिप्टी जेलर आनंद कुमार कृषि उत्पादन में बेहतरीन योगदान करने वाले हेड वार्डन बृज गोपाल कुशवाहा तथा बंदी रक्षक हरिओम अतुल दीक्षित आदि के प्रयासों की सराहना की। लोगों का कहना था कि अधीक्षक धीरज कुमार सिन्हा के कुशल नेतृत्व में जिला कारागार में न केवल सुरक्षा और अनुशासन की व्यवस्थाएं बेहतरीन हैं बल्कि यहां निरुद्ध बंदियों की स्थिति और सुधार के लिए किए जा रहे प्रयास भी बेहतरीन हैं।जिला कारागार की कृषि भूमि पर विभिन्न प्रकार की बेहतरीन सब्जियों का बिना कीटनाशक दवाइयो तथा रासायनिक खाद का प्रयोग किए हुए जैविक खादों के बल पर बेहतरीन फसलों का उत्पादन करवाने में जिला कारागार के अधिकारियों के निर्देशन पर जिला कारागार कानपुर देहात के हेड वार्डर बृज गोपाल कुशवाहा एवं बंदी रक्षक हरिओम का सराहनीय योगदान रहता है। उनके अथक परिश्रम से कारागार की बंजर भूमि आज हरी.भरी जैविक कृषि भूमि में बदल गई है। यहां की कृषि भूमि पर बेहतरीन उत्पादन के लिए जिला कारागार के अधिकारियों एवं बंदी रक्षक हरि ओम को विगत वर्षों चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जा चुका है। यह सम्मान पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है।

शिविर में जिला कारागार के इस रचनात्मक प्रयास ने साबित कर दिया कि कारागार केवल दंड की जगह नहीं बल्कि सुधार और स्वावलंबन का केंद्र भी बन सकता है।

रसूलाबाद में सहकारी समितियों में हड़ताल से किसान बेहाल, प्राइवेट दुकानों पर खुलेआम हो रही महंगे दाम पर खाद की बिक्री

- सरकारी रेट 1350 की डीएपी 1700 में बेचने का आरोप कृषि विभाग मौन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

रसूलाबाद कानपुर देहात। क्षेत्र में सहकारी समितियों के सचिवों की हड़ताल का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। समितियों पर खाद न मिलने से किसान प्राइवेट दुकानदारों से खाद लेने को मजबूर हैं जिसका फायदा उठाकर दुकानदार मनमाने दाम पर डीएपी खाद बेच रहे हैं।

किसान हरिश्चंद्र का आरोप है कि सरकार ने डीएपी का मूल्य 1350 रुपये प्रति बोरी निर्धारित किया है लेकिन रसूलाबाद लालू असालतगंज और कन्हिजरी क्षेत्र में प्राइवेट दुकानदार डीएपी 1700 रुपये प्रति बोरी तक खुलेआम बेच रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि इतनी खुली लूट के बावजूद कृषि विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि कृषि विभाग के कथित संरक्षण में ही यह ठगी का खेल चल रहा है। कोई अधिकारी दुकानों की जांच करने नहीं पहुंच रहा है।

उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि तत्काल प्राइवेट खाद विक्रेताओं की दुकानों पर छापे डलवाकर और अधिक मूल्य पर खाद बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ मुकदमे दर्ज कराए जाए।जिससे अन्नदाता को मंहगी खाद न खरीदनी पड़े । इस संबंध में उपकृषि निदेशक से टेलीफोन पर वार्ता करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा ।जिससे किसानों की महत्व पूर्ण समस्या पर वार्ता नहीं हो सकी ।

वृहद विधिक सेवा जागरूकता शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया स्टॉल 75 लोगों की हुई शुगर एवं बीपी की जांच



-तंबाकू मुक्त युवा अभियान.2026 का किया गया शुभारंभ हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से तंबाकू सेवन न करने का दिया संदेश

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

माती कानपुर देहात । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को वृहद विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र सिंह एवं जिलाधिकारी कपिल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए। इस दौरान माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिलाधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् जय गोविन्द तथा पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् सिद्धार्थ पाठक एवं जिला वित्त एवं लॉजिस्टिक परामर्शदाता राजू साहू द्वारा स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 28 अक्टूबर से 26 दिसंबर तक 60 दिवसीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा तंबाकू सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्टॉल पर आने वाले लाभार्थियों एवं आगंतुकों की गैर.संचारी रोग ;एनसीडीद्ध स्क्रीनिंग की गई। इसके अंतर्गत 30 व्यक्तियों की ब्लड शुगर तथा 45 व्यक्तियों के रक्तचाप बीपी की जांच की गई। साथ ही जांच के उपरांत लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने संतुलित खानपान नियमित व्यायाम तथा बीमारियों से बचाव के संबंध में आवश्यक परामर्श एवं सुझाव दिए गए।

इस अवसर पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यालयों एवं विभिन्न संस्थानों में नियमित पर्यवेक्षण करने तंबाकू नियंत्रण से संबंधित नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार जुर्माना लगाए जाने तथा व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए।


कार्यक्रम के दौरान 60 दिवसीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान का औपचारिक शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित हस्ताक्षर अभियान में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र सिंह जिलाधिकारी कपिल सिंह पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् जय गोविन्द अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हस्ताक्षर कर तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

शिविर के माध्यम से आमजन को विधिक सेवाओं के साथ.साथ स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

मारपीट में घायल अधेड़ ने बीती रात्रि उपचार के दौरान तोड़ दिया दम

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

मंगलपुर कानपुर देहात । थाना क्षेत्र के प्रयागपुर गांव में 21 अक्टूबर की शाम मारपीट के मामले में घायल अधेड की इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम हैलट अस्पताल में मौत हो गई। शनिवार देर रात शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



मृतक की फाइल फोटो

मंगलपुर थाना क्षेत्र के प्रयागपुर निवासी सिद्ध कुमारी ने 21 अक्टूबर को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह घर के अंदर बैठी अपने पिता रामचंद्र 55 वर्ष से बातें कर रही थी तभी गांव के ही शोभित सुमित सुनीता और उनके रिश्तेदार राहुल निवासी भानदत्त पुरवा रूरा ने घर के अंदर घुसकर उनके पिता पर रंजिशन जानलेवा हमला कर दिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।पिता को बचाने के लिए जब वह बीच.बचाव करने लगीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की जिससे उसके शरीर में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। इसके बाद घायल रामचंद्र को उपचार के लिए हवासपुर अस्पताल ले जाया गया जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां भी उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और उन्हें बेहतर उपचार के लिए हैलट अस्पताल भेजा गया जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में पीड़िता ने मंगलपुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इस पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत किया था। रामचंद्र की मौत के बाद शनिवार की देर रात शव घर पहुंचते ही पत्नी चंदारानी बदहवास हो गई वहीं पुत्री सिद्ध कुमारी का रो रोकर बुरा हाल था । इंस्पेक्टर मंगलपुर प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि पंजीकृत मुकदमे में बीएनएस की धारा और बढ़ाकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

परीक्षार्थियों के लिए मसीहा बने एआरएम मो. अशफाक समय पर बस सेवा उपलब्ध करा करके सभी का जीता दिल

रविवार को सम्पन्न प्रतियोगी परीक्षा में माती डिपो की बसों ने निभाई अहम भूमिका

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

माती कानपुर देहात। रविवार को जनपद में आयोजित हुई प्रतियोगी परीक्षा में हजारों परीक्षार्थियों के आवागमन को सुगम बनाने में माती डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद अशफाक की भूमिका सबसे अहम रही।



जानकारी के अनुसार एआरएम मोहम्मद अशफाक ने परीक्षा को देखते हुए एक दिन पूर्व ही कार्ययोजना तैयार कर ली थी। उन्होंने जनपद के अकबरपुर रूरा पुखरायां रसूलाबाद सिकंदरा भोगनीपुर सहित विभिन्न कस्बों में डिपो के कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई। रविवार सुबह 5 बजे से ही माती डिपो की रोडवेज बसों को परीक्षा केंद्रों के रूट पर लगा दिया गया एवं परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए रोडवेज कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई जिससे दूर.दराज से आए परीक्षार्थी समय से पहले अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच सके। यही नहीं परीक्षा समाप्त होने के बाद भी अशफाक के निर्देश पर बसों को परीक्षा केंद्रों के बाहर तैनात रखा गया ताकि परीक्षार्थियों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए भटकना ना पड़े। परीक्षा देकर लौटे कई परीक्षार्थियों ने बताया कि अक्सर प्रतियोगी परीक्षाओं में बस न मिलने से देरी हो जाती है लेकिन इस बार माती डिपो की वजह से ऐसी कोई समस्या नहीं हुई। इसके लिए सभी ने एआरएम मोहम्मद अशफाक की कार्यशैली की खुलकर प्रशंसा की। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार मोहम्मद अशफाक जनसेवा के प्रति सदैव तत्पर रहते हैं और उनकी गिनती विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों में होती है। जनपदवासियों ने उनके इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है।

डीएम व एसपी ने पीईटी परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

परीक्षा को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के दिए निर्देश

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

माती कानपुर देहात । उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पीईटी 2026 के अंतर्गत रविवार को प्रथम पाली में जिलाधिकारी कपिल सिंह व पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय द्वारा जनपद के अकबरपुर महाविद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी स्ट्रांग रूम सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।।

सुंदरकांड का पाठ करने के साथ प्रसाद वितरण कर मनाया मंदिर का वार्षिकोत्सव

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

माती कानपुर देहात। शिवली स्थित ओंकारेश्वर धाम पर शिव भक्तों द्वारा रविवार को धूमधाम के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शिव मंदिर पर संगीत में सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सैकड़ो की तादाद में शिव भक्तों ने बाबा के भोग की प्रसादी ग्रहण की ।

कस्बा शिवली के रामनगर मोहल्ले में अति प्राचीन ओम्कारेश्वर मन्दिर मौजूद है। जिसका करीब एक दशक पूर्व कस्बे के ही निवासी अशोक कुमार अग्निहोत्री ने जीर्णोद्धार करवाया था। उसके कुछ वर्षों बाद जनसहयोग से मंदिर का बरामदा बनवाया गया था। कस्बे के शिव भक्तों द्वारा प्रतिवर्ष कालेश्वर धाम पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया जाता है इस वर्ष भी रविवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया जिसमें शिव भक्तों द्वारा संगीतमई सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के समापन पर शिव भक्तों ने बाबा भोलेनाथ के चरणों में माथा टेककर प्रसाद ग्रहण किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक कुमार अग्निहोत्री पूर्व सभासद विमलेश अग्निहोत्री वीरेंद्र अग्निहोत्री वतनराज अग्निहोत्री मिंटू बाबा सभासद कमल तिवारी मौजी अग्निहोत्री बड़े गुप्ता सौरभ तिवारी अतुल द्विवेदी लल्ला कीर्ति तिवारी जगत नारायण बाजपेई समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



अरौल में मातृशक्ति महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

महिलाओं की उमड़ी भीड़

अरौल। कानपुर जनपद की बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के अरौल में मातृशक्ति महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन सपा नेत्री रचना सिंह द्वारा किया गया और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सपा की राष्ट्रीय सचिव अपर्णा बंसल जैन रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र की माताओं.बहनों बुजुर्गों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम की आयोजक एवं बिल्हौर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 12 वर्षों से जनता के बीच रहकर गरीबों और जरूरतमंदों की लड़ाई लड़ना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि माताओं.बहनों और क्षेत्र की जनता ने जिस तरह अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है वही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। थाने और तहसील में अव्यवस्था को खत्म करने के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।

मुख्य अतिथि अर्पणा बंसल जैन ने कहा कि महिलाओं का सम्मान सुरक्षा अधिकार और सामाजिक भागीदारी मजबूत करना जरूरी है। मातृशक्ति को समाज में बराबरी का अवसर मिलना चाहिए और उनकी आवाज को सम्मान के साथ सुना जाना चाहिए। राष्ट्रीय प्रवक्ता नीतेन्द्र यादव ने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी और सम्मान को मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। महिलाओं की समस्याओं को सुनना और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का कुशल संचालन समाजवादी पार्टी के बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष इंजीनियर विनय यादव ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों पदाधिकारियोंए कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र से आई माताओं.बहनों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव बैकुंठ नाथ भारतीय जिलाध्यक्ष सुलेखा यादव पूजा यादव महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव दीपशिखा आशीष कटियार ब्लॉक अध्यक्ष कंचन पाल आरपी पाठक कपूर कटियार ज्ञान चंद कोरी अरुणा यादव किरण सिंह राहुल यादव ऋषभ यादव जिलाध्यक्ष शशिकांत पाल महासचिव शादाब उपाध्यक्ष साहिर हुसैन जाफरी उपाध्यक्ष डॉण् उपदेश यादव शौर्य यादव रमेश गौतम डॉ अलोक शर्मा हरेंद्र गौतम बंटी बिहारी लाल यादव वीरेंद्र वर्मा मनीष कटियार अनुज यादव विमल कोरी अनिल कुशवाह आशा कुशवाहा संध्या पाल सोनी यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं।

कालपी बार संघ अध्यक्ष की हत्या, शव गुजैनी नहर में फेंका

-केस फाइल के बहाने कार से किया था अपहरण
-कालपी पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार
स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। कालपी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष की अपहरण के बाद हत्या के मामले पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर गुजैनी नहर से उनका शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस व फॉरेंसिक ने जांच-पड़ताल कर साक्ष्य एकत्र किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में जमीन विवाद की बात सामने आई है। 3 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कालपी कोतवाली के कागजीपुरा में रहने वाले गयादीन अहिरवार कालपी बार संघ के चौथी बार अध्यक्ष बने थे। परिवार में पत्नी राजेश्वरी, तीन बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ा बेटा सौरभ लखनऊ में काम करता है। छोटा बेटा हर्षमित्रा कालपी में घर पर ही रहता है। एक बेटे गौरव मित्रा की 31 अक्टूबर 2025 को मौत हो गई थी। बड़ी बेटी संघ मित्रा और मणि मित्रा हैं। मणि की शादी हो चुकी है। शनिवार को वह मुकदमों की पैरवी के लिए उरई कोर्ट जाने की बात कहकर घर से निकले थे। बेटे हर्षमित्रा ने बताया कि दोपहर साढ़े तीन बजे पापा ने फोन करके कहा कि उरई से वापस आ रहा हूं, मुझे मुन्ना फुल पावर चौराहा से पिक कर लो। एक क्लाइंट से दुर्गा मंदिर के पास फाइल लेने चलना है। मैं स्कूटी से पापा को लेकर दुर्गा मंदिर ले गया। वहां पहले से एक सफेद रंग की डिजायर कार खड़ी थी। जिस पर पीछे नंबर प्लेट नहीं थी। अंदर 3 लोग बैठे थे। उनसे पापा की पहले से फोन पर बात हो रही थी। 2 लोग पीछे वाली सीट से उतरे और गयादीन से कहा चाचा थोड़ा चाय-नाश्ता कर लीजिए। इसके बाद फाइल दे देंगे। उन लोगों ने उनकों कार में बैठा लिया और आलमपुर चौराहे की तरफहाईवे पर चले गए। हर्ष स्कूटी से काफी दूर तक पीछे-पीछे चलता रहा, लेकिन कुछ देर बाद गाड़ी काफी आगे निकल गई। जिसके बाद वह



घर लौट आया। जब वह काफी देर तक गयादीन घर नहीं लौटे तो उन्हें कॉल किया गया, तो स्विच ऑफ बता रहा था। कहीं कुछ पता नहीं चला तो पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने जांच के लिए टीम गठित की। रातभर उनकी तलाश के बाद सुबह उनका शव जालौन से 80-90 किमी दूर कानपुर के गुजैनी नहर में उतराता मिला। जिन्होंने भी इस घटना को अंजाम दिया हैए जिसके कहने पर यह सब हुआ हैए उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मामले में कालपी पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की। उनकी सूचना पर गुजैनी पुलिस ने गंभीरपुर के पास नहर से शव बरामद किया। मौके पर फॉरेंसिक टीम पहुंची। हत्या में इस्तेमाल किया गया जैक भी बरामद होने की जानकारी सामने आई है।

जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

कालपी तहसील के कदौरा क्षेत्र के मौजा हासा में स्थित गाटा संख्या 565, 566 और 576 की करीब 4 हेक्टेयर भूमि है। इस जमीन पर गयादीन को स्टे ऑर्डर मिलने के बाद मैनपुरी के घनश्यामपुर निवासी इंद्रजीत सिंह यादव हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। दलील दी थी कि गयादीन कालपी बार संघ के अध्यक्ष हैं। ऐसे में कालपी न्यायालय में मामले की निष्पक्ष सुनवाई प्रभावित हो सकती है। इसी आधार पर उन्होंने मुकदमे को दूसरी अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की थी। इसके बाद मामला कालपी से उरई की अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया। एक अन्य मामले में गयादीन अहिरवार ने 3 अक्टूबर को इंद्रजीत, उसकी पत्नी सविता यादव समेत कई लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था और मारपीट का आरोप लगाया था। मामले में शनिवार को सुनवाई थी। सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने आदेश के लिए 11 नवंबर की तारीख तय की थी। शनिवार को उरई कोर्ट में तारीख पर पेश होने के बाद गयादीन अहिरवार वापस लौट रहे थे, तभी वारदात को अंजाम कर दिया गया।

परिवार को एक करोड़ मुआवजे की मांग

अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समित संयोजक व लायर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पं रवींद्र शर्मा ने बताया कि अधिवक्ता और अधिवक्ता परिवारों पर निरंतर हमले हो रहे हैं। अधिवक्ताओं की हत्याएं तक की जा रही है। 31 अक्टूबर को कालपी बार एसोसिएशन अध्यक्ष गया दीन अहिरवार की कालपी से अपहरण कर हत्या कर दी गई। आज उनका शव गुजैनी नहर में मिला। अहिरवार करीब 45 वर्षों से वकालत कर रहे थे पूर्व में भी कई बार अध्यक्ष रहे थे अभी तक हत्यारे पकड़े नहीं गए हैं। बार एसोसिएशन अध्यक्ष की हत्या से संपूर्ण अधिवक्ता समाज आक्रोशित है। श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री को भेजकर मांग की है कि तत्काल कालपी बार एसोसिएशन अध्यक्ष के हत्यारों की गिरफ्तारी करवाएं और उनके परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान करें। इसके साथ ही न्यायालय के अधिकारी अधिवक्ताओं की सुरक्षा और जीवन रक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करें।

नशे के खिलाफ कंजड़नपुरवा में चला सर्च ऑपरेशन, तीन गिरफ्तार



-पुलिसकर्मियों ने घरों में ली तलाशी, 11 किलो गांजा बरामद
स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। नशा तस्करी के खिलाफ रविवार तड़के पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। किदवई नगर के कंजरपुरवा में डीसीपी साउथ के नेतृत्व में करीब 150 पुलिस कर्मियों ने एक साथ सर्च ऑपरेशन चलाया। पूरे मोहल्ले की घेराबंदी के साथ ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। कार्रवाई में पुलिस ने 11 किलो गांजा बरामद कर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि कंजरपुरवा बस्ती में एसीपी घाटमपुर, किदवईनगर, गोविन्द नगर, जूही, बाबुपुरवा समेत चार थानों की फोर्स के साथ छापेमारी की गई। पुलिसकर्मियों की टीम को अलग-अलग टोलियों में बांटकर कई रास्तों से बस्ती में दाखिल कराया गया। पुलिस ने ड्रोन कैमरे के जरिए बस्ती के घरों और आसपास के इलाकों पर नजर रखी, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके। भारी पुलिस बल देख बस्ती में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके से भागने की कोशिश कर रहे लोगों को भी घेराबंदी कर पकड़ लिया। इस दौरान करीब 60 से 70 घरों की तलाशी ली गई। पेमारी के दौरान पुलिस ने सागर, अरमान और अंजली को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से करीब 11 किलो गांजा बरामद किया गया है। कार्रवाई के दौरान कई अन्य संदिग्धों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। डीसीपी ने बताया कि नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए यह संयुक्त अभियान चलाया गया। पुलिस की टीमें इलाके में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। अभियान के दौरान बरामदगी और गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

डॉक्टर को डिजीटल अरेस्ट कर ठगी करने वाला बिहार से गिरफ्तार



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। ईडी व सीबीआई अधिकारी बनकर डॉक्टर से 48 लाख रुपये की ठगी करने वाले शातिर को साइबर पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से तीन एंड्रायड मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। एनसीआरपी पोर्टल पर जांच के दौरान उत्तर प्रदेशए दिल्ली और महाराष्ट्र समेत विभिन्न स्थानों से जुड़ी चार साइबर अपराध शिकायतें सामने आईं। इनमें करीब 1.42 करोड़ 68 हजार रुपये की ठगी से संबंधित धनराशि का विवरण मिला है। इससे पहले पुलिस तीन आरोपियों को जेल चुकी है। सहायक पुलिस आयुक्त अंजना दहिया ने बताया कि स्वरूप नगर निवासी डॉ योगेश चंद्र मिश्रा को साइबर ठगों ने खुद को प्रवर्तन निदेशालय का वरिष्ठ अधिकारी बताया। इसके बाद काल दूसरे साथी को ट्रांसफर कर दिया, जिसने खुद को सीबीआइ अधिकारी बताया। ठगों ने डाक्टर को गंभीर आपराधिक और वित्तीय अनियमितता के मामले में जांच के दायरे में होने की बात कहकर डराया। गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर उन्हें लगातार मानसिक दबाव में रखा। साथ ही किसी से संपर्क न करने और पुलिस को जानकारी नहीं देने की हिदायत दी। इस तरह डिजिटल अरेस्ट के नाम पर उनसे करीब 48 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए थे। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बैंक खातों, मोबाइल फोन, कॉल रिकॉर्ड और डिजिटल लेन-देन की जांच शुरू की। पूर्व में गिरफ्तार तीन आरोपियों से पूछताछ और उनके मोबाइल फोन से मिले डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर ठगी की रकम हासिल करने वाले दूसरे खातों की जानकारी जुटाई गई। इसी दौरान सहरसा के सलखुआ निवासी राजीव रंजन का बैंक खाता सामने आया। जांच में इस खाते में चिकित्सक से ठगी गई करीब 48 लाख रुपये की रकम पहुंचने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने बिहार पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक खाते खुलवाते थे। इसके लिए आधार और पैन कार्ड समेत दूसरे दस्तावेजों में कूटरचना कर खुद को प्रतापगढ़ का निवासी दर्शाया गया था। इसी आधार पर बाउकोयो कॉन्ट्रैक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से फर्जी कंपनी तैयार कराई गई और प्रतापगढ़ के पते पर उसके नाम से बैंक खाता संचालित किया गया। इस खाते में 15 लेन-देन के जरिये करीब 25 लाख 98 हजार 200 रुपये आए। इसके बाद में 611 लेन-देन के माध्यम से यह रकम अलग-अलग बैंक खातों में भेज दी गई। पुलिस के मुताबिक इस तरीके से साइबर ठगी की रकम को कई खातों में घुमाकर उसका स्रोत छिपाने की कोशिश की जा रही थी। पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन और बैंक खातों का तकनीकी विश्लेषण किया तो पता चला कि इन खातों का इस्तेमाल सिर्फ कानपुर की घटना में ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों में भी साइबर ठगी के लिए किया गया था।

1.42 करोड़ की ठगी का मामला आया सामने

पुलिस के अनुसार एनसीआरपी पोर्टल पर जांच के दौरान उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र समेत विभिन्न स्थानों से जुड़ी चार साइबर अपराध शिकायतें सामने आईं। इनमें करीब 1.42 करोड़ 68 हजार रुपये की ठगी से संबंधित धनराशि का विवरण मिला है। पुलिस की जांच में कानपुर के मुकुल चौबे को भी वांछित किया गया है उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और बैंक खातों की जांच के आधार पर इससे पहले नवाबगंज निवासी वासु, रायबरेली के आतिश कुमार और कैंट के कंचन प्रजापति निवासी को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि शातिरों ने आधार कार्ड, पैन कार्ड समेत अन्य दस्तावेजों में कूटरचना कर खुद को प्रतापगढ़ का निवासी दर्शाया था। इसके बाद बाउकोयो कांक्ट्रैक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से फर्जी फर्म तैयार कर उसके नाम पर बैंक खाता खुलवाया गया। इस खाते में 15 ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 25.98 लाख रुपये आए, जिन्हें आगे 611 ट्रांजेक्शन के माध्यम से अलग-अलग बैंक खातों में भेजा गया।

श्री हंस जयंती पर आयोजित हुआ सत्संग समारोह



स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर। मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में श्री हंस जयंती के अवसर पर आयोजित सत्संग समारोह के हंस मंदिर आश्रम में किया गया। समारोह में सतपाल जी महाराज की शिष्या पदमा बाई, साध्वी रोहनी बाई व साध्वी आकृति बाई ने अपने सत्संग विचार रखे। आश्रम प्रभारी साध्वी चंदन बाई ने कहा कि सत्संग वह मान सरोवर है जहां पर ज्ञान रूपी मोती प्राप्त होता है। साधक को मुक्ति दिलाने का रास्ता बताता है। जिससे मानव अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने लगता है। सत्संग सब मंगलो का का मूल है भगवान की जब कृपा होती है तब मनुष्य को सत्संग और संतों का संग प्राप्त होता है, तब भक्ति मजबूत होती है। सत्संग से ही मानव जीवन जीने का तरीका पता चलता है, विवेक जागृत होता है और विवेक जागृत होने पर भगवान के प्रति प्रेम बढ़ता है। उन्होंने कहा कि प्रेम से प्रभु की प्राप्ति होती है। मानव के करोड़ों करोड़ों जन्म के पाप नष्ट हो जाते हैं मानव का मन विशुद्ध होता हैं। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। कायक्रम में मुख्य रूप से शैलेंद्र पाल, अवधेश कटियार, हरीकरन सिंह, विवेक राजावत, माया दीक्षित, मिथलेश सोनी, अमित यादव, करन कठेरिया समेत कई लोग मौजूद रहे।

सोशल मीडिया पर महायुद्ध

बीजेपी का डिजिटल हथियार, 2027 में विपक्ष पर सीधा वार

- पोस्ट, स्लोगन और डिजिटल कंटेंट से सियासी मैदान सजाने की तैयारी
स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार पार्टी का फोकस रैलियों और जनसभाओं के साथ सोशल मीडिया पर भी रहेगा। विपक्ष के आरोपों का जवाब देने, पुराने राजनीतिक कार्यकाल का हिसाब जनता के सामने रखने और युवाओं को जोड़ने के लिए धारदार स्लोगन और साइबर योद्धाओं की टीम तैयार की जाएगी।



लखनऊ स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ताओं को मिशन-2027 के लिए पूरी ताकत से जुटने का संदेश दिया। उन्होंने संगठन में गुटबाजी और आपसी मनमुटाव खत्म करने पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से अपनी नाराजगी गोमती नदी में बहाकर जाने की बात कही। संदेश साफथा कि चुनावी जीत के लिए संगठन की एकजुटता जरूरी है। बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनस उस्मानी के मुताबिक बैठक में कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर सक्रिय रहकर विपक्ष के नेगेटिव का जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए मंडल स्तर पर साइबर टीमें गठित कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। पार्टी अपनी सरकार के कामकाज और विपक्ष के कार्यकाल की तुलना वाली पुस्तिका भी जनता तक पहुंचाएगी। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी के अनुसार पार्टी के साइबर योद्धा 2012 से 2017 तक सपा सरकार के कार्यकाल और उसकी कमियों को स्लोगन के जरिए जनता के सामने रखेंगे। छोटे और प्रभावी नारों के माध्यम से सोशल मीडिया पर विपक्ष को घेरने की रणनीति बनाई जा रही है।

जेन-जी को जोड़ने पर खास जोर

बीजेपी की नजर नई पीढ़ी और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं पर भी है। पार्टी अपनी नीतियों और योजनाओं को जेन-जी तक पहुंचाने के लिए डिजिटल कंटेंट और सोशल मीडिया के नए तरीकों का इस्तेमाल करेगी। मकसद युवाओं के बीच अपनी बात प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में अमित शाह का मुख्य जोर संगठन की एकजुटता पर रहा। एमएलसी चुनाव में सपा की जीत और प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र काशी की दोनों सीटों पर बीजेपी की हार के बाद नेतृत्व कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने और संगठन को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। कुल मिलाकर बीजेपी ने 2027 के चुनाव के लिए संगठनात्मक मजबूती के साथ डिजिटल प्रचार को भी अहम हथियार बनाने की तैयारी की है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएसए के 11 वैज्ञानिक हुए सम्मानित

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। सीएसए के 11 कृषि वैज्ञानिकों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से भेजे गए प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कुलपति डा अशोक कुमार और कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से वैज्ञानिकों को प्रशंसा पत्र सौंपे। इस मौके पर पूर्व कुलपति ने वैज्ञानिकों के प्रयासों की सराहना की। कुलपति ने कहा कि इस सम्मान से कृषि अनुसंधानए आधुनिक तकनीक और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। सम्मानित होने वाले वैज्ञानिकों में डॉ महक सिंह, डॉ विजय यादव, डॉ कौशल कुमार, डॉ वीके त्रिपाठी, डॉ रामजी गुप्ता, डॉ संजीव सचान, डॉ संजीव शर्मा, डॉ अखिलेश मिश्रा, डॉ सर्वेश कुमार, डॉ पीके राठी और डॉ उमनाथ शुक्ला शामिल हैं।



4 को भाजपा निकालेगी लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा



- कार्यक्रम में शामिल होंगे डिप्टी सीएम व राष्ट्रीय मंत्री जगदीश भाई पटेल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। लोकतंत्र की गरिमा, संवैधानिक मूल्यों और जनविश्वास की मजबूती का संदेश लेकर भाजपा 4 नवंबर को लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा निकालेगी। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 25 हजार कार्यकर्ताओं, युवाओं, छात्रों, व्यापारियों, अधिवक्ताओं और प्रबुद्धजनों की सहभागिता करने का लक्ष्य रखा गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू ने नवीन मार्केट स्थित पार्टी कार्यालय में विभिन्न व्यवस्थाओं में लगाए गए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की टोली के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि यह पदयात्रा केवल पार्टी कार्यकर्ताओं तक सीमित न रहे, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की व्यापक भागीदारी का प्रतीक बने। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 4 नवंबर को ब्रजेंद्र स्वरूप पार्क में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के कार्यकर्ता एकत्र होंगे। यहीं से विशाल पदयात्रा प्रारंभ होकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा तक पहुंचेगी। पदयात्रा के समापन के उपरांत एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी जगदीश भाई पटेल तथा उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, क्षेत्रीय संयोजक राजेश पटेल, महामंत्री आनंद सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीतू सिंह एवं क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

1984 के सिख नरसंहार के शहीदों की स्मृति में शहीद चौक हुआ लोकार्पण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। 1984 के सिख नरसंहार के 42 वर्ष पूर्ण होने पर शहीदों की स्मृति में शास्त्री नगर स्थित चैन फैक्ट्री चौराहे पर निर्मित शहीद चौक का लोकार्पण कृषि राज्यमंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख द्वारा किया गया। इस दौरान शहीद हुए 127 निर्दोष सिखों के नाम शहीद चौक पर अंकित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शहीद चौक सिख संगतों को समर्पित किया गया। इसके साथ ही नरसंहार में अपने परिजनों को खोने तथा उस समय हुई लूटपाट और हिंसा का शिकार बने परिवारों के सदस्यों को गुरु महाराज का सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बलजीत कौर एवं गुरुद्वारा फुलवारी की बहनों द्वारा चौपाई साहिब के पाठ से किया गया। गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि उनका सिख समाज से प्रारंभ से ही गहरा आत्मीय संबंध रहा है। वर्ष 1984 के दौरान उनके पड़ोस में रहने वाले अनेक सिख परिवारों को जब हिंसा और हमलों का सामना करना पड़ा, तब उन्होंने उनकी सुरक्षा एवं



सहायता के लिए हर संभव प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सिख समाज के साथ उनका यह आत्मीय और पारिवारिक रिश्ता आज भी कायम है। कृषि राज्यमंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख ने कहा कि किसी एक व्यक्ति के कृत्य के लिए पूरी कौम को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। वर्ष 1984 में सिख समाज के साथ हुआ नरसंहार अत्यंत दुखद घटना थी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और जो दोषी अभी तक चिह्नित नहीं हो पाए हैं, उन्हें भी चिह्नित कर कानून के दायरे में लाने तथा सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने शहीद चौक को सिख समाज के बलिदान और स्मृति का महत्वपूर्ण प्रतीक बताया। कार्यक्रम का संचालन सिख वेलफेयर सोसाइटी उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डॉ मनप्रीत सिंह भट्टी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरदार गुरविंदर सिंह छाबड़ा, हरविंदर सिंह लार्ड, अवध बिहारी मिश्रा, रिंपी बिंद्रा, गगनदीप सिंह, परमजीत सिंह संडोक, संदीप छाबड़ा, रविंदर सिंह सोमी, रविंदर सिंह सोनू, जसबीर जुनेजा, गगन सोनी समेत कई लोग मौजूद रहे।

लोगों ने सड़क निर्माण में लगाया धांधली का आरोप, हंगामा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। वार्ड-30 में सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर क्षेत्रीय लोगों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। सूचना पर नगर निगम के इंजीनियर मौके पर पहुंचे और कारवाई का आश्वासन दिया। इसकेबाद निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराया गया।

काकोदव के चंदेल चौराहे के पास सड़क निर्माण का काम चल रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क की ढलाई निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं की जा रही है। लोगों ने ठेकेदार से घटिया सीमेंट की मात्रा और ढलाई की मोटाई को लेकर आपत्ति जताई। विवाद बढ़ने पर निर्माण कार्य बंद करा दिया गया और जोन.6 के सहायक अभियंता तोताराम को मौके पर बुलाया गया।स्थानीय निवासी धर्मवीर सिंह राठौर ने बताया कि ठेकेदार से सड़क निर्माण में सीमेंट की मात्रा को लेकर विवाद हुआ था। क्षेत्रीय लोगों के विरोध के बाद सीमेंट डालना शुरू किया गयाए लेकिन ढलाई की मोटाई डेढ़ से दो इंच ही दिखाई दे रही थी। इस पर काम रुकवा दिया गया। इसके बाद एई को मौके पर बुलाया गया। अधिकारी के



पहुंचने के बाद ठेकेदार ने करीब साढ़े तीन से चार इंच तक ढलाई का काम शुरू कराया। आरोप है कि ठेकेदार कम सीमेंट डालकर घटिया सड़क निर्माण करा रहा है। सड़क की डेढ़ से दो इंच तक की मोटाई की जा रही है। क्षेत्रीय लोगों आरोप है कि इससे पहले भी पास की एक सड़क भी बनाई गई थी, लेकिन वह महज चार महीने में ही उखड़ गई थी। ऐसे में अगर इस बार भी निर्माण में लापरवाही हुई तो सड़क ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाएगी। यह देख रविवार को लोगों को गुस्सा फुट पड़ा और विरोध प्रदर्शन करते हुए निर्माण कार्य रूकवा दिए। सूचना पर जोन-6 के सहायक अभियंता तोताराम मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाया और मानक के अनुसार करीब चार इंच की ढलाई कराने की बात कही। इसके बाद निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो सका। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता की नियमित जांच होनी चाहिए, ताकि सरकारी धन खर्च होने के बाद भी सड़क कुछ ही महीनों में खराब न हो।

क्राइस्ट चर्च कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर। क्राइस्ट चर्च कॉलेज में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। सरदार पटेल के राष्ट्र की एकता एवं



अखंडता के प्रति अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की सह-पाठ्यक्रम गतिविधि समिति किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता तथा सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व एवं स्वतंत्रता के पश्चात विभिन्न रियासतों के भारतीय संघ में विलय के माध्यम से राष्ट्र के एकीकरण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति उनका समर्पण आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कायक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विनय जे. सेबेस्टियन एवं उप-प्राचार्या प्रो श्वेता चंद के संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो शालिनी कपूर थीं। कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में प्रो विभा दीक्षित एवं मनीषी त्रिवेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बचाओ-बचाओ की गूंजती चीखों का बेरहम आरोपियों पर नहीं हुआ असर

भीतरगांव। ग्रामीणों के अनुसार बीती रात मारपीट के साथ बचाओ बचाओ की आवाजें तो सुनी जा रही थी लेकिन लोगों ने प्रतिदिन होने वाली मारपीट समझ मौके पर नहीं पहुंचे बताया जाता है कि आए दिन विकास शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट गाली गलौज आदि करता था बीती रात करीब दो बजे भी ग्रामीणों द्वारा मारपीट के साथ रोने चीखने और बचा लेने की आवाजें सुनी गई।मृतक की मां ने बताया कि बेटे अतुल ने बताया कि सब ने बांधकर मारा है और मुझे बचा लो कहकर वह बेहोश हो गया हालांकि पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है।

मरणासन्न कर आरोपियों ने ही दी युवक के परिजनों को सूचना

भीतरगांव। मृतक अतुल उर्फ गोपाल तिवारी की मां के मुताबिक देर रात करीब ढाई बजे दूसरे मोहल्ले का कल्लू अवस्थी दरवाजे आया और बोला कि अपने लड़के को हमारे यहां से उठा लाओ यह सुनते ही बदहवास मां कल्लू अवस्थी के घर पहुंची जहां बेटे अतुल को लहूलुहान और मरणासन्न हालत में देखा तभी पीछे से पहुंचे अन्य परिजनों को देख अतुल बचा लेने की गुहार लगा बेहोश हो गया परिजन उसे उपचार हेतु ले जा रहे थे जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई मौत की खबर से कोहराम मच गया।

डीसीपी साउथ ने घटनास्थल का लिया जायजा पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के बेहटा गंभीरपुर गांव में युवक की पीट पीटकर हत्या की जानकारी पर डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी मौके पर पहुंचे विस्तृत जानकारी लेते हुए प्रभारी निरीक्षक साढ़ को जल्द से जल्द घटना के खुलासे के निर्देश दिए।थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले में कालिका प्रसाद उर्फ कल्लू अवस्थी पुत्र बब्बू अवस्थी पत्नी बबली तथा दो पुत्र विकास और मोहित अवस्थी तथा सुमन पत्नी विकास अवस्थी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है टीमें गठित कर जांच की जा रही मृतक के कंधे सर एवं पीठ कमर में चोट के निशान पाए गए है बाकी पीएम रिपोर्ट आने के बाद सही जानकारी हो पाएगी।

अवैध संबंधों के शक में युवक की बेरहमी से हत्या, आरोपी फरार



-ऽपरिजनों ने पड़ोसियों पर लगाया हत्या करने का आरोपए साढ़ थाना क्षेत्र के गम्भीर का मामला



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

घाटमपुर, भीतरगांव,कानपुर । साढ़ थाना क्षेत्र के गंभीरपुर गांव में अवैध संबंधों के शक में एक युवक की पीट.पीट कर हत्या कर दी गई। घटना की खबर मिलने पर पहुंची पुलिस व परिजन अन्तिम सांसे गिन रहे युवक को इलाज केलिए भीतरगांव सीएचसी लेकर पहुंचीए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने पड़ोसियों पर निर्मम हत्या करने का आरोप लगाया है।साढ़ थाना क्षेत्र के गंभीरपुर गांव निवासी गोपाल तिवारी 28 रविवार की सुबह लगभग चार अपने पड़ोस के रहने वाले कल्लू के घर में घुसे थे। इस दौरान परिजनों ने गोपाल तिवारी को घर में देख लियाए तो युवक की पीट पीटकर हत्या कर दीए इसके बाद कल्लू गोपाल तिवारी के घर पर पहुंचे और बेटे के मृत पड़े होने की परिजनों को जानकारी दी। साढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैए प्रथम दृष्ट्या जांच में अवैध संबंधों में युवक की पीट पीटकर हत्या की बात सामने आई है। घटना की जांच के साथ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। एसीपी कृष्णकांत ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगाई गई है।तहरीर का आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

आरोपियों के घर बुलडोजर से गिराने की मांग के साथ ग्रामीणों ने शव रखकर काटा हंगामा

- साढ़ घाटमपुर मार्ग घंटों रहा जाम पुलिस ग्रामीणों को समझाने का कर रही प्रयास

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के बेहटा गंभीरपुर गांव में युवक का शव पहुंचते ही कोहराम मच गया सैकड़ों की संख्या में जुटे ग्रामीणों ने शव को मुख्यमार्ग पर रखकर दबंग आरोपियों के घर बुलडोजर से गिराने के साथ कठोर कार्यवाही करने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे मौके पर सर्किल पुलिस हालात काबू करने में जुटी रही।ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी विकास अवस्थी पूर्व में भी एक किशोरी की हत्या के मामले में जेल काट चुका है जिससे उसके हौसले बुलंद है ऐसे अपराधियों के खिलाफ पुलिस को सख्त कार्यवाही करनी चाहिए पुलिस द्वारा उत्तेजित ग्रामीणों को समझाते हुए कार्यवाही करने की बात कही जाती रही लेकिन ग्रामीण उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाकर आरोपियों का घर बुलडोजर से गिराने की मांग पर अड़े रहे खबर लिखे जाने तक पुलिस ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करती नजर आई ।

बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में बैरिस्टर नरेन्द्रजीत सिंह स्मृति समारोह एवं वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न





स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर । बेनाझाबर स्थित बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के विशाल प्रांगण में शनिवार को श्रद्धेय बैरिस्टर नरेन्द्रजीत सिंह का 33वां स्मृति समारोह एवं वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचार प्रमुख मा0 सुभाष जी एवं अन्य अतिथियों द्वारा बैरिस्टर नरेन्द्रजीत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण स्वस्ति वाचन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर अतिथियों ने सिलाई केंद्र एवं बाल संस्कार केंद्र के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। केंद्र की प्रबंधिका मंजूबाला श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया। प्रबंध समिति के प्रबंधक एवं अधिवक्ता आदित्य शंकर बाजपेयी ने दोनों केंद्रों की वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इसके बाद विद्यालय की वार्षिक पत्रिका ऽसमर्पणश् का विमोचन किया गया।समारोह में सिलाई केंद्र की छात्राओं ने सामूहिक गीत एवं पारंपरिक ढेड़िया नृत्य प्रस्तुत किया वहीं बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने स्वच्छता जागरूकता पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित श् संघ यात्रा श् नृत्य नाटिका भी आकर्षण का केंद्र रही। इसमें संघ के विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों का सुंदर चित्रण किया गया।

शिक्षा एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता ब्रह्मावर्त सनातन धर्म महामंडल के अध्यक्ष मा0 वीरेन्द्रजीत सिंह ने की। मुख्य अतिथि सुभाष जी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज सेवा केवल उपकार नहीं बल्कि जीवन का अनिवार्य दायित्व है। उन्होंने स्वबोध हिंदुत्व सामाजिक समरसता राष्ट्रप्रेम और सेवा भाव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की सच्ची सेवा से ही राष्ट्र की सेवा संभव है। उन्होंने श्रद्धेय बैरिस्टर नरेन्द्रजीत सिंह के सेवाभावी जीवन का स्मरण करते हुए सभी से उनके आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया।अध्यक्षीय उद्बोधन में वीरेन्द्रजीत सिंह ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और संस्कारों के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अंत में विद्यालय प्रबंध समिति की सदस्या नीतू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक समरसता सहभोज के साथ हुआ।इस अवसर पर बाल कृष्ण लाहोटी सुरेन्द्र कक्कड़ कमल किशोर गुप्ता शरद कृष्ण पांडेय विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन कुमार सिंह सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य अभिभावक शिक्षक तथा छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

जलभराव से राहत राह हुई आसान ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने किया लोकार्पण



स्वतंत्र भारत ब्यूरो बिठूर । कल्याणपुर विकास खंड के अंतर्गत गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से ग्रामीणों की राह आसान हो रही है। इसी कड़ी में क्षेत्र पंचायत कल्याणपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत होरा कछार में पक्की नाली और इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण पूरा होने से ग्रामीणों को जलभराव और आवागमन की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। रविवार को ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी और बिठूर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अवस्थी ने नवनिर्मित सड़क और नाली का लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत होरा कछार में रंजीत के घर से सतीश गुप्ता के घर के पास तक पक्की नाली और इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया गया है। लंबे समय से बेहतर रास्ते और जल निकासी की सुविधा की अपेक्षा कर रहे ग्रामीणों के लिए यह निर्माण कार्य राहत लेकर आया है। सड़क बनने से जहां आवागमन सुगम होगा वहीं पक्की नाली से पानी की निकासी बेहतर होने और जलभराव की समस्या कम होने की उम्मीद है।लोकार्पण के दौरान ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी और वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अवस्थी का माला व पटका पहनाकर स्वागत किया। साथ ही विकास कार्य के लिए आभार जताया। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क और नाली जैसी बुनियादी सुविधाएं गांव की जरूरत हैं। इनके बेहतर होने से रोजमर्रा के आवागमन में सहूलियत मिलेगी और जलभराव से होने वाली परेशानियां भी कम होंगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रामनारायण वर्मा पूर्व शिक्षक हरिश्चंद्र वर्मा आदित्य तिवारी सत्यनारायण किशन सिंह अमित यादव गौरव शुक्ला केपी यादव और सीपी शुक्ला सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

मनियापुर में हनुमान मंदिर से घंटे चोरी ग्रामीणों में रोष

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। बीती रात साढ़ थाना क्षेत्र के मनियापुर गांव के बाहर बने हनुमान मंदिर से अज्ञात चोर घंटे खोल ले गए सुबह पूजा करने पहुंचे लोगों ने घंटे गायब देख ग्रामीणों को सूचना दी चोरी की घटना से ग्रामीणों में रोष है। जानकारी के अनुसार मनियापुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास हनुमान जी का मंदिर है जहां मन्नत पूरी होने पर लोगों ने घंटे चढ़ाए थे ग्रामीण योगेश कुमार गजराज सिंह गुलाब सिंह आदि ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर गर्भगृह के अंदर लगे घंटे खोल ले गए ग्रामीणों द्वारा साढ़ पुलिस को सूचना देने की बात कही जा रही थी ।

डॉ. भव्या त्रिपाठी को भाजपा महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया

बिल्हौर। भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपते हुए डॉण् भव्या त्रिपाठी को भाजपा महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन की जानकारी मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। डाक्टर भव्या त्रिपाठी शिवराजपुर के ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई की पत्नी है उनके मनोनयन की जानकारी मिलते ही ब्लॉक परिसर में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया।

फांसी पर झूलता मिला नवविवाहिता का शव, हत्या का आरोप

-मायके वालों ने हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का लगाया आरोपए पुलिस कर रही पोस्ट मार्टम रिपोर्ट का इंतजार



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

घाटमपुर। सजेती थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव के मजरा कल्यानपुर में रविवार की दोपहर बाद एक नवविवाहिता का शव फांसी पर झूलता मिला। मामले की जानकारी मिलने पर पहुंचें मायके वालों ने नवविवाहिता की हत्या कर शव फांसी पर लटका ने का आरोप लगाया है। रोशनी देवी 23 पत्नी चतुर कुमार निषाद रोज की तरह ससुराल वालों के साथ खेतों में करने गई थी। जहां से दोपहर घर लौटने पर सूने पड़े घर में उसका शव फांसी झूलता मिला। घर के लोगों का कहना था कि घटना के समय परिवार के सभी लोग खेत में बाजरे कि फसल काटने गये थे।बीबीपुर चौकी के उप निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि फिलहाल जांच में प्रकाश में आया है कि रोशनी देवी भी काम करने खेतों में गई थी और वहां से घर वापस आ गई थी।बाद में शव फांसी पर झूलता मिला।

परिजनों ने बताया कि चतुर सिंह कि शादी 24अप्रैल 2026? को गछपुरव थाना जसपुरा जनपद बांदा में राम गोपाल निषाद की पुत्री रोशनी देवी से हुई थी। वहीं थाना प्रभारी अनुज कुमार भारती ने बताया शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया हैए रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

सड़क हादसों में महिला समेत दो घायल

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के भदवारा पावर हाउस के पास हुए सड़क हादसे में महिला व जहांगीराबाद के पास हुए हादसे में बुजुर्ग घायल हुए। जिन्हें इलाज केलिए सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को उर्सला अस्पताल रेफर किया गया। थाना सजेती क्षेत्र के भदवारा गांव निवासी राधिका पत्नी यशवंत पैदल किसी काम से जा रही थी। तभी भदवारा पावर हाउस के पास बाइक सवार टक्कर मारकर भाग गया। वहीं दूसरी घटना जहांगीरा बाद में एक पेट्रोल पंप के पास हुई। जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से जहांगीराबाद निवासी मन्नी लाल कुशवाहा घायल हो गए।

राजेश बने कानपुर डिवीजन कमेटी के चुनाव में मण्डल अध्यक्ष



-लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडियाएकानपुर के हुए मंडलीय अधिवेशन में किया गया चुनाव

घाटमपुर। रविवार को लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया की कानपुर में हुए मंडलीय अधिवेशन में कानपुर डिवीजन कमेटी का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें घाटमपुर इकाई के अध्यक्ष राजेश अवस्थी को कानपुर मंडल का मण्डल अध्यक्ष चुना गया।साथ ही मंडल महासचिव हरे राम ठाकुर कोए कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह भदोरिया को एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा कोए शिखा सोनी बनी महिला विंग की अध्यक्ष और ममता पांडे पुखरायां को उपाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधाकर चतुर्वेदीए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह एवं क्षेत्रीय महामंत्री विजय सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष के के मिश्राए पूर्व मंडल सचिव चंद्र मोहन पांडेए पूर्व कोषाध्यक्ष अनुराग पांडेए रामकुमार सिंह यादवए आशुतोष त्रिपाठीए कौशल किशोर श्रीवास्तवए प्रेम निषादए विनय त्रिपाठीए पीके लोधीए नवीन शुक्लाए बीएन चौबेए निकिता अवस्थीएबीके पांडेए अभिषेक मिश्रा आदि कानपुर डिविजन के 26 ब्रांच के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

जनपद में पेट परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न

12 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई परीक्षाए प्रथम पाली में 3ए558 तथा द्वितीय पाली में 3ए564 अभ्यर्थी हुए सम्मिलित

हमीरपुर। जनपद हमीरपुर में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा ;पेटद्ध दो पालियों में 12 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्णए सकुशल एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को निष्पक्षए पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी।

अपर जिलाधिकारी ;वित्त एवं राजस्वद्ध राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा की शुचिता एवं सुचारू संचालन के लिए जनपद में पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईए जिससे परीक्षा प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान कुल 5ए136 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3ए558 अभ्यर्थी उपस्थित रहेए जबकि 1ए578 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 69ण्27 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित तथा 30ण्73 प्रतिशत अनुपस्थित रहे।

इसी क्रम में द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल 5ए136 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3ए564 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुएए जबकि 1ए572 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार द्वितीय पाली में 69ण्39 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित तथा 30ण्61 प्रतिशत अनुपस्थित रहे।

प्रशासनिक एवं मजिस्ट्रेट स्तर पर की गई व्यवस्थाओं के परिणामस्वरूप परीक्षा दोनों पालियों में बिना किसी बाधा के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

रंजिश को लेकर घर लौट रहे युवक की लाठी डंडों से पिटाई

-हमलावर भाइयों के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्टए थाना क्षेत्र के हथेही गांव का मामला

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के हथेही गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर तीन भाइयों ने मिलकर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिसके लहूलुहान होने पर हमलावर भाग गए।हथेही निवासी अनवर अली उर्फ राजू पुत्र मुबारक अली ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि वह 16 अक्टूबर को को 07 बजे रात्रि को ग्राम आगापुर से काम करके अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह गाँव के बाहर तालाब के निकट पहुंचा ही था कि तभी पुरानी रंजिश में पूर्व नियोजित योजना के तहत गाँव के साबिरए साकिर और अफसर पुत्रगण सैयद अली ने उस पर लाठी डांडों से हमला बोलकर लहुलूहान कर दिया।

किसी तरह घर की ओर भागे तो पीछा कर घर के अन्दर घुस कर मारा। बचाने आई पत्नी गुड़िया के साथ भी सभी ने लात घूसों से मार पीट की।पुलिस द्वारा मामले की जांच के साथ कार्यवाही की बात कही जा रही थी।

कुड़नी में चल रही रामकथा के पांचवे दिन उमड़ा श्रोताओं का हुजूम



जगदुरु रामानंदाचार्य जी की शिष्या आस्था मिश्रा के श्री मुख से प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव की कथा सुन लगे जयकारे

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ क्षेत्र के कुड़नी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय श्री राम महायज्ञ एवं रामकथा के पांचवे दिन कथा व्यास आस्था मिश्रा अयोध्या धाम छावनी परिषद द्वारा भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की कथा सुनाई कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गए कार्यक्रम के अंतिम दिवस छः नवंबर को विराट संत सम्मेलन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम आयोजक राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर परमेश्वर दास जी महाराज ने बताया की एक सौ एक कुंडीय श्री राम महायज्ञ का आयोजन बाबा की कृपा से संपन्न कराया जा रहा है इसमें एक सौ एक गांव के यजमानों को सम्मिलित किया गया है साथ ही अयोध्या धाम से परम पूज्य रामानंदाचार्य जी के अस्वस्थ रहने के चलते उनकी शिष्या आस्था व्यास के श्री मुख से राम कथा का रसपान हो रहा है यज्ञ का उद्देश्य क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि एवं शांति के लिये है कई बुजुर्ग ग्रामीणों ने बताया की इतना बड़ा एक सौ एक कुंडीय यज्ञ क्षेत्र में पहली बार हो रहा है पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है सभी लोग बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभा रहे है वहीं कथा परिसर में साढ़ पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

एसीपी ने किन्नरों पर नज़र रखने को टोल में लगाई गई पुलिस



-रात के समय पुलिस की गाड़ी भी रहेगी मौजूदए आस पास मिले तो की जाएगी उन पर कार्यवाही

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

घाटमपुर। किन्नरों द्वारा की जाने वाली अवैध वसूली पीआरवी के सिपाहियों से अभद्रता व मारपीट की घटना के बाद चर्चा में आए सजेती थाना क्षेत्र के अलियापुर टोल प्लाजा में अब किन्नरों की जबरदस्ती नहीं चलेगी। उनकी जबरजस्ती रोकने के लिए टोल पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके आलावा रात के समय पुलिस की गाड़ी भी मौजूद रहेगी। इतना ही नहीं एसीपी कृष्णकांत ने किन्नरों द्वारा हाइवे में किसी भी प्रकार की गतिविधि को रोकने के लिए थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय हो कि अलियापुर टोल प्लाजा में ज्यादातर रात के समय किन्नर बाहरी नंबरों की गाड़ियों को रोककर जबरन वसूली करते हैं। यदि किसी ने इंकार किया तो मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। 26 अक्टूबर की रात भी भदोही के बंजारी गांव निवासी अंकित सिंह से किन्नर जबरन रुपये मांग रहे थे। साथ ही न देने पर उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ भी कर दी थी। उनकी सूचना पर पहुंचे पीआरवी पुलिस कर्मियों से अभद्रता और मारपीट की थी। जिस पर पुलिस ने दो नामजद व अज्ञात किन्नरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।एसीपी कृष्णकांत ने बताया कि टोल प्लाजा में पुलिस पिकेट लगा दी गई है। इसके साथ ही रात में पुलिस की गाड़ी जहां मौजूद रहेगीए वहीं क्षेत्र के पूरे हाइवे पर नजर रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया वह खुद भी समय समय पर क्षेत्र में जाकर देखेंगे।

लखनऊ में तीन नवंबर को पैदल मार्च करेंगे उन्नाव के भाजपाई,भाजपा जिला कार्यालय में बैठक कर आंदोलन की तैयारियों पर मंथन

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के साथ ही आगामी कार्यक्रमों की तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तीन नवंबर को लखनऊ में प्रस्तावित पैदल मार्च में जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। वहीं, किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का भी गठन कर पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि विपक्ष जनता के बीच भ्रम फैलाकर प्रदेश के विकास कार्यों को बाधित करने का प्रयास कर रहा है। इसके विरोध में भाजपा लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत तीन नवंबर को लखनऊ में पैदल मार्च निकालेगी। इसमें उन्नाव से पार्टी पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाने में जुटेंगे। प्रदेश कार्यसमिति की ओर से निर्धारित 45 प्रमुख सांगठनिक कार्यों को बूथ स्तर तक लागू कराया जाएगा।

बैठक में जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, रजनीश वर्मा, मनीष जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, सुशील तिवारी, नवीन सिंह, आनंद अवस्थी, जितेंद्र प्रताप सिंह पटेल, मलखान सिंह, संदीप लोधी, संदीप शुक्ला, अवनीश शुक्ला, साधना दीक्षित, अमित त्रिपाठी, समीर शुक्ल, रमेश तिवारी, विवेक तिवारी, कुश सिंह, उदय प्रताप सिंह, दीपांकर मिश्र, मनीष पांडेय, राजेंद्र द्विवेदी और संदीप निगम मौजूद रहे।

किसान मोर्चा में 20 पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

भाजपा किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा भी कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी और क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी की अनुमति से जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कमल बाजपेई ने संयुक्त रूप से नई टीम की सूची जारी की।

कार्यकारिणी में सुधीर सिंह, शत्रुघन सिंह, विनोद सिंह, विकास पटेल, श्रीकान्त तिवारी, राघवेन्द्र शुक्ला, अमित लोधी और क्रान्ती सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। अरुण प्रताप सिंह, अनिल कुमार शुक्ला और नृपेन्द्र सिंह को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी तरह निखिल कुमार सिंह, हरिकेश सिंह सेंगर, मनीष निगम, अमरेश तिवारी, धीरेन्द्र पटेल, शैलेन्द्र प्रताप सिंह और जय प्रकाश द्विवेदी को जिला मंत्री बनाया गया है। कमलेश गुप्ता को जिला कोषाध्यक्ष और रजनीश सिंह को जिला मीडिया संयोजक नियुक्त किया गया है। हर्षित विश्वकर्मा और राजेश तिवारी को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

नई टीम की घोषणा पर जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कमल बाजपेई समेत वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई टीम किसान कल्याणकारी योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने के साथ संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

छोटा सा प्रयास ने किया शहीदों को नमन कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र भारत व्यूरो

शुक्लागंज ;उन्नाव। देश की सीमा को सुरक्षित करते हुए दुश्मनों से अपने देश को सुरक्षित करने के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों तथा देश में अमन चैन कायम करने के लिए अपने प्राणों तक की आहूति देने वाले शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक छोटा सा प्रयास द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीदों को नमन कार्यक्रम आयोजित कर दीपक जला कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उक्त कार्यक्रम में अनेक राजनेताओं विभिन्न दलों के नेताओ प्रशासनिक तथा पुलिस के अधिकारियों पूर्व सैनिकों सहित सैकड़ो लोगों ने सहभागिता कर दीपक जलाकर तथा पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी ।

कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए संस्था के प्रमोद गोड़िया ने कहा कि हम दीपावलीण् ईद होली बकरीद आदि त्योहार अपने परिजनों के साथ हंसी खुशी मनाते हैं जबकि इन अवसरों पर भी हमारी सेना के जाबांज जवान हम सबकी सुरक्षा के लिए सीमा पर तैनात रहते हैं। जवानों के लिए इन त्योहारों से बढ़ कर देश की सुरक्षा है। इसी प्रकार पुलिस के जवान त्योहारों के अवसर पर भी अपना कर्तव्य निभाते है। अपने कर्तव्य को अंजाम देने के दौरान सेना व पुलिस के अनेक जवान शहीद भी हो जाते है। ऐसे अमर शहीदो को श्रद्धाजलि अर्पित करने के लिए पत्रिका परिवार द्वारा शहीदो को नमन कार्यक्रम के तहत तेजीपुरवा स्थित श्री आदिशक्ति धाम प्रांगण में शहीदी की मृत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया तथा दीपक जलाकर शहीदों को नमन किया गया। उक्त अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता सपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला डॉ अभिनव कुमार प्रशांत कटियार सुरेश शुक्ला संजय सिंह चौहान रामबाबू निषाद राजकुमार पाल कमल तिवारी दीपक राजपूत पवन साहू मिंटू निषाद सुमित निषाद राजू निषाद राजेश शुक्ला उमा लाल यादव सुनील यादव यशराज प्रताप सिंह एडवोकेट आदि मौजूद है

मछली पकड़ने के जाल में फंसा विशालकाय अजगर, ग्रामीणों में मची अफरातफरी



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव। विकासखंड के कटेहरू गांव में रविवार को उस समय ग्रामीणों में हड़कंप मच गया, जब गांव के किनारे भरे पानी में मछली पकड़ने वाले जाल में एक अजगर फंसा दिखाई दिया। जाल में अजगर को फड़फड़ाते देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। कुछ देर तक मौके पर अफरातफरी का माहौल बना रहा।

ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। जानकारी मिलते ही वन दरोगा जितेंद्र पांडे टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद अजगर को जाल से सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उसे आबादी से दूर सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

अजगर के सुरक्षित रेस्क्यू होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन दरोगा जितेंद्र पांडे ने बताया कि कटेहरू गांव में अजगर के मछली पकड़ने वाले जाल में फंसे होने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे सुरक्षित बाहर निकाला और वन क्षेत्र में छोड़ दिया।



सड़क हादसों पर लगाम को सख्त हुआ प्रशासन, डंपरों से लेकर नशे में ड्राइविंग तक पर नजर



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए रविवार को पुलिस लाइन में यातायात माह का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। एक से 30 नवंबर तक चलने वाले अभियान में बिना नंबर प्लेट के दौड़ने वाले डंपरों, नाबालिगों के वाहन चलाने और ड्रिंक एंड ड्राइव पर विशेष नजर रखी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

डीएम घनश्याम मीणा ने कहा कि यातायात माह का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों में ट्रैफिक सेंस विकसित करना है। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कराने के साथ अलग-अलग वर्गों के बीच कार्यशालाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ट्रक चालकों और स्कूली वाहनों के चालकों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने स्कूली बच्चों से अपने घर और आसपास के लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि नाबालिगों के वाहन चलाने पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि बच्चों को लाने-ले जाने वाले निजी वाहनों और वैन में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बिना नंबर प्लेट वाले डंपरों पर रात में भी निगरानी

जिले में बिना नंबर प्लेट के चलने वाले डंपरों पर नियंत्रण के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है। नवंबर के दूसरे सप्ताह में पुलिस, परिवहन विभाग और वाहन मालिकों की संयुक्त बैठक होगी। इसके साथ ही विशेष टीम गठित कर रात में पेट्रोलिंग के दौरान ऐसे वाहनों पर नजर रखी जाएगी। चालकों को जागरूक करने के साथ नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर होगी सख्ती

ड्रिंक एंड ड्राइव पर रोक लगाने के लिए प्रशासन विशेष अभियान चलाएगा। डीएम ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के प्रावधान हैं। नवंबर में इनका प्रभावी अनुपालन कराया जाएगा। विशेष रूप से शराब की दुकानों के आसपास अभियान चलाकर नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने कहा कि यातायात जागरूकता अभियान केवल नवंबर तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे पूरे वर्ष जारी रखा जाए। उन्होंने लोगों से हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और यातायात संकेतों का पालन करने की अपील की।

नुक्कड़ नाटक से भी करेंगे जागरूक

शुभारंभ कार्यक्रम में राजकीय बालिका पीएम श्री इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और अतिथि गीत प्रस्तुत किया। किंग्सन इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। डा. रचना सिंह और डा. आशीष श्रीवास्तव ने क्विज प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को यातायात माह के समापन दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में डीएम ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन रवाना किया। उन्होंने संबंधित विभागों को अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, सिटी मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह, एसडीएम सदर राजेश विश्वकर्मा, सीओ सिटी विनी सिंह, सीओ यातायात प्रदीप कुमार मौर्य, प्रभारी निरीक्षक यातायात सुनील कुमार सिंह सहित पुलिस-प्रशासन के अधिकारी, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

श्री राम नाम लेखन महायज्ञ समिति ने किया राम नाम संकीर्तन का आयोजन .



स्वतंत्र भारत व्यूरो

शुक्लागंज ;उन्नाव। श्री राम नाम लेखन महायज्ञ समिति के तत्वावधान में आज समिति के सह सचिव राजीव मिश्र के आवास गोपीनाथपुरम् में सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं रामनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। आचार्य पंडित शिव श्याम पांडेय ने विधि विधान से ऐजन कराया यजमान अंशुमान मिश्र ने पूजन किया। पहले सुंदरकांड का पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । तदुपरान्त राम नाम संकीर्तन सिया राम जय राम जय जय राम किया गया आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर श्री राम नाम लेखन महायज्ञ समिति के संरक्षक आशुतोष शुक्ला महासचिव ओम प्रकाश सहसचिव राजीव मिश्र कोषाध्यक्ष अमित पांडे महेश पाण्डेय सांस्कृतिक प्रमुख आचार्य पंडित संपूर्णानंद शास्त्री प्रचार मंत्री अशोक शुक्ला हरिओम पांडे श्रीप्रकाश मिश्र हरिशंकर तिवारी श्रीकांत पांडे विष्णु प्रसाद पांडे अंजनी अग्निहोत्री अनुज तिवारी लालाराम शुक्ला श्रीकांत त्रिवेदी महेश पांडे प्रदीप शुक्ला मुनेश शुक्ला राजेंद्र मिश्रा अंजनीकांत मिश्र कार्यकर्ताओं सहित भक्त गण उपस्थित थे।

अनिल कुमार मिश्रा एवं अर्जुन मिश्र ने हारमोनियम ढोलक पर थाप संगत कर वातावरण को भव्य व आनंदमय बना दिया ।

खाद्य विभाग की चार टीमों ने एक साथ की छापेमारी, टैंकर से तेल का कारोबार करने वाले समेत चार प्रतिष्ठानों पर छापा, 32.74 लाख का खाद्य पदार्थ चिह्नित



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव। कस्बे में मिलावटखोरी के खिलाफ रविवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। जिला खाद्य अधिकारी के नेतृत्व में चार टीमों ने एक साथ चार प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान 13 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। विभाग ने कुल 6966 किलोग्राम और 11958 लीटर खाद्य सामग्री का विवरण दर्ज किया, जिसकी अनुमानित कीमत 32.74 लाख रुपये बताई गई है। कार्रवाई में खुले तेल की बिक्री, निर्माण और पैकेजिंग के नियमों की अनदेखी सामने आने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

खाद्य विभाग की कार्रवाई में कुर्मियाना रोड स्थित विजय कुमार के प्रतिष्ठान पर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल के 300 किलोग्राम और सरसों के तेल के 4499 किलोग्राम का विवरण दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक, बिना पंजीकरण और लाइसेंस के खुले तेल की बिक्री किए जाने पर संदेह के आधार पर तेल सीज किया गया।

इसी मार्ग पर रामकिशोर साहू के प्रतिष्ठान की जांच में 850 किलोग्राम सरसों का तेल, 510 किलोग्राम सरसों दाना, 340 किलोग्राम रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, 389 किलोग्राम चना दाल और 78 किलोग्राम बेसन का विवरण मिला। यहां खुदरा पंजीकरण में चूल्हे पर सरसों के तेल का निर्माण किया जा रहा था। परिसर में गंदगी, कीड़े-मकोड़े और खाद्य व अखाद्य वस्तुएं एक साथ रखे जाने पर विभाग ने नोटिस जारी कर निर्माण कार्य बंद करा दिया।

खुले तेल के कारोबार पर विभाग की नजर

मोहल्ला मदारखेड़ा स्थित प्रज्वल ट्रेडर्स के यहां 2000 लीटर सरसों का तेल और 3000 लीटर राइस ब्रान ऑयल का विवरण दर्ज किया गया। यहां खुले सरसों के तेल का कारोबार होता पाया गया। प्रयोगशाला और पैकेजिंग प्रक्रिया के निर्धारित मानकों का अनुपालन नहीं किए जाने पर निर्माण कार्य बंद कराया गया।

वहीं, ग्राम कुशुही स्थित गणेश ट्रेडर्स के यहां 958 लीटर पामोलिन तेल, 2500 लीटर सरसों का तेल और 3500 लीटर राइस ब्रान ऑयल का विवरण दर्ज किया गया। यहां भी खुले सरसों के तेल का कारोबार और लैब व पैकेजिंग प्रक्रिया के नियमों का पालन नहीं किए जाने पर निर्माण कार्य बंद कराया गया।

कार्रवाई के दौरान एक तेल कारोबारी के यहां हर तीसरे दिन टैंकर से तेल उतरने और आसपास के क्षेत्रों में आपूर्ति किए जाने की चर्चा भी रही। खाद्य विभाग की जांच के बाद तेल की गुणवत्ता और आपूर्ति के स्रोत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, किसी भी तेल में मिलावट की पुष्टि प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।

टीमों के बाजार पहुंचते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार शटर गिराकर निकल गए। खाद्य विभाग की ओर से जारी एक नवंबर की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सभी नमूनों को विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

फर्टि-यूएन-03

प्रदोष काल में शिव को जल चढ़ाने से बदल जाता है भाग्य- प्रदीप मिश्रा



शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, बोले- एक लोटा जल से प्रसन्न होते हैं भोलेनाथय उन्नाव में दूसरा कुबेर धाम बनाने की इच्छा पर भी दिया जवाब

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। बीघापुर क्षेत्र के गौरी गांव में चल रही शिवदीप महाशिवपुराण कथा के तीसरे दिन रविवार को अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को शिव भक्ति और आत्मिक शांति का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि महाशिवपुराण भगवान शिव का स्वरूप है। जिस स्थान पर इसकी कथा होती है, वहां भगवान शिव स्वयं विराजमान रहते हैं। भगवान शिव, माता-पिता और गुरु को कोई व्यक्ति अनेक जन्म लेने के बाद भी पूरी तरह नहीं समझ सकता।

कथा के दौरान उन्होंने कहा कि विधाता भाग्य लिखते हैं और भगवान शिव उसे बदलने की शक्ति रखते हैं। प्रदोष काल में शिवलिंग पर जल चढ़ाने और उनके सामने दीपक जलाने वाले भक्त को वह भी प्राप्त हो सकता है, जो उसके भाग्य में नहीं लिखा है। इस समय की गई पूजा निष्फल नहीं जाती। उन्होंने प्रातःकाल, दोपहर और रात्रि में पूजन के महत्व को भी विस्तार से बताया।

एक लोटा जल से प्रसन्न होते हैं भोलेनाथ

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि उन्होंने कभी शिव पूजा में रुपये-पैसे खर्च करने की बात नहीं कही। उनका संदेश हमेशा यही रहा है कि एक लोटा जल, सारी समस्याओं का हल। भगवान शिव को भक्ति और श्रद्धा से चढ़ाया गया जल स्वीकार है। हथेली से जलाभिषेक करने पर भी भोलेनाथ प्रसन्न हो जाते हैं। इसके लिए मन में सच्ची श्रद्धा, विश्वास और आस्था होना जरूरी है।

उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती के श्रीशैलम की पहाड़ियों में भ्रमण का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि माता पार्वती के पूछने पर भगवान शिव ने कहा कि उन्हें भक्तों का जलाभिषेक अत्यंत प्रिय है। जो व्यक्ति नियमित रूप से शिवलिंग पर एक लोटा जल अर्पित करता है, वह महामृत्युंजय की कृपा प्राप्त करता है।

उन्नाव में दूसरा कुबेर धाम बनाने की इच्छा पर बोले- शिव कृपा हुई तो जरूर बनेगा

कथा के दौरान उन्नाव में सीहोर की तरह दूसरा धाम बनाने की इच्छा का भी जिक्र हुआ। अरुण सिंह ने पंडित प्रदीप मिश्रा से उन्नाव में दूसरा कुबेर धाम बनाने का अनुरोध किया। इस पर उन्होंने कहा कि लखनऊ और कानपुर के लोगों ने समुद्र मंथन की तरह प्रयास किए, लेकिन उन्नाव के लोगों पर भगवान शिव की विशेष कृपा है। यदि भोलेनाथ की कृपा हुई तो यहां दूसरा धाम बनाने की इच्छा भी जरूर पूरी होगी।

मोबाइल में व्यस्त रहने के बजाय शिव को भी दें समय

पंडित प्रदीप मिश्रा ने आज की जीवनशैली पर टिप्पणी करते हुए कहा कि व्यक्ति मोबाइल में इतना व्यस्त और मस्त हो गया है कि उसके पास किसी के लिए समय नहीं है। उन्होंने कहा, जो विचलित है, वही व्यस्त है। व्यक्ति थोड़ा समय भी भगवान शिव को दे तो उसके जीवन में शांति और सकारात्मकता आ सकती है। इस दौरान उन्होंने काशी की चरण रज की महिमा का वर्णन करते हुए भजन की पंक्तियां भी सुनाईं-सोई किस्मत जगा देगी चरण रज काशी की, तेरी किस्मत बदल देगी चरण रज काशी की। कथा में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक श्रीकांत कटियार, अमितेश सिंह नंदू, सौरभ सिंह, नीरज यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर पंडित प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद लिया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

दो दिन बाद मिला लापता जूता कारोबारी का शव, मां बोली- तुमने तो जल्दी लौटकर खाना खाने को कहा था

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। सफीपुर से लापता जूता कारोबारी तारुष गौर (27) का शव शनिवार देर रात करीब 1:30 बजे कानपुर के चैबेपुर थाना क्षेत्र में बंदी माता घाट के पास गंगा किनारे मिला। दो दिन तक गोताखोरों और स्टीमर की मदद से तलाश के बाद शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। बेटे का शव देखते ही मां सुभा गौर बदहवास हो गईं। वह बार-बार कहती रहीं, तुमने तो कहा था कि शिवराजपुर से जल्दी लौटकर खाना खाओगे। मैं तुम्हारा इंतजार ही करती रही। उधर, पिता ने वर्ष 2018 की पुरानी रंजिश में बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए तीन लोगों के खिलाफ आरोप लगाए हैं। पुलिस ने कारोबारी के साथ गए कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

सफीपुर के बाबरअली खेड़ा निवासी विजय कुमार गौर प्रॉपर्टी डीलर हैं। उनका इकलौता बेटा तारुष उन्नाव में गौर बूट हाउस नाम से जूते-चप्पल का शोरूम चलाता था। करीब पांच महीने पहले उसने लखनऊ में भी थोक कारोबार शुरू किया था। पिता के मुताबिक, 30 अक्टूबर की शाम तारुष की दुकान पर काम करने वाला कर्मचारी विजय राजपूत घर पहुंचा। उसने शिवराजपुर चलकर सस्ते दाम पर जूते-चप्पल का माल खरीदने और लखनऊ में अच्छे दाम पर बेचकर मुनाफा कमाने की बात कही। उसकी बातों में आकर तारुष कार से कर्मचारी के साथ निकल गया। वह अपने साथ करीब तीन लाख रुपये भी ले गया था।

कर्मचारी ने सुनाई कार गंगा में गिरने की कहानी

देर रात तक तारुष घर नहीं लौटा तो स्वजन ने उसके मोबाइल पर फोन किया, लेकिन मोबाइल बंद मिला। इसके बाद कर्मचारी विजय राजपूत से संपर्क किया गया। उसने बताया कि सफीपुर के सरैयां घाट के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गंगा में गिर गई। वह किसी तरह कार से बाहर निकल आया, जबकि तारुष कार समेत नदी में बह गया। कर्मचारी की सूचना पर स्वजन ने पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने गोताखोरों और स्टीमर की मदद से गंगा में तलाश अभियान शुरू कराया। दो दिन तक खोजबीन के बावजूद न कार मिली और न ही कारोबारी का कोई सुराग लगा।

2018 की रंजिश में हत्या कराने का आरोप

31 अक्टूबर की देर रात बंदी माता घाट के पास गंगा किनारे तारुष का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। पहचान होने के बाद परिवार को जानकारी दी गई। पिता विजय कुमार गौर ने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 में लखनऊ में उन पर फायरिंग हुई थी। इस मामले का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। उनका आरोप है कि इसी पुरानी रंजिश के चलते लखनऊ निवासी अजय गुप्ता, गुड्डू चैरसिया और विजय गुप्ता ने कर्मचारी विजय राजपूत के माध्यम से बेटे की हत्या की साजिश रची। माल खरीदने के बहाने तारुष को घर से बुलाया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। पिता ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को शिकायत दी है।

बेटे का शव देख बेसुध हुई मां

इकलौते बेटे की मौत की खबर सुनकर मां सुभा गौर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचीं। शव देखते ही वह फूट-फूटकर रोने लगीं और कुछ देर बाद बेहोश हो गईं। स्वजन ने पानी के छींटे डालकर उन्हें होश में लाने का प्रयास किया। होश आने के बाद भी वह बेटे को पुकारती रहीं। रोते हुए कहती रहीं, तारुष, तुम कहां हो? तुमने तो कहा था कि शिवराजपुर से जल्दी लौटकर खाना खाओगे। मैं तुम्हारे लिए खाना लेकर इंतजार करती रही, लेकिन तुम घर नहीं आए। मां का यह विलाप सुनकर वहां मौजूद रिश्तेदारों और स्वजन की आंखें भी नम हो गईं।

चैबेपुर थाना प्रभारी दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। स्वजन ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। कारोबारी के साथ गए कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। डीसीपी वेस्ट के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले का जल्द राजफाश किया जाएगा।

शिव महापुराण कथा के लिए सदर विधायक पंकज ने की बस रवाना .

स्वतंत्र भारत व्यूरो, शुक्लागंज ;उन्नाव। शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कराई निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत के दूसरे दिन गंगा घाट में लगे काम के बाहर सनातनी परिवारों का सैलाब उमर पाड़ा आज जो विधायक जी ने 3 बस चालू करी थी वह बस में आज कम पड़ गई तत्काल में 7 बस और करी गई जिनसे सभी श्रद्धालुओं को बीघापुर गौरी गांव में हो रही शिव महापुराण की कथा श्रवण करने के हेतु प्रस्थान कराया गया। आज प्रातः काल 8रू00 बजे से ही कैंप कार्यालय में जो ऋषि आश्रम के बाहर बना हुआ है निशुल्क बस सेवा वाला उसमें श्रद्धालुओं की भीड़ इकट्ठा होने लगी चीन बसों को भरवा करके 9रू00 बजे तक भेज दिया गया था उसके बाद निरंतर श्रद्धालु बढ़ते रहे इसके लिए बराबर बस बुलाने का क्रम चलता रहा आज बसों को रवाना करने के लिए स्वयं सदर के लोकप्रिय विधायक पंकज गुप्ता जी गंगा घाट में बने कैंप कार्यालय में आए उससे पहले उनके पुत्र प्रखर गुप्ता जी निरंतर कैंप कार्यालय में मौजूद रहे और सारी व्यवस्थाओं को देखते रहे साथ में गंगा घाट के मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद शुक्ला सारी व्यवस्थाओं को सुचार रूप से संचालित करने के लिए की किसी भी श्रद्धालु को कोई भी व्यवस्था न हो सभी श्रद्धालु जो आए हुए हैं वह कथा स्थल पर पहुंचे जिस विश्वास के साथ यह लोग हमारे कैंप कार्यालय में आए हैं हम सभी लोग इस विश्वास के साथ में कथा स्थल पर पहुंच करके कथा को श्रवण करवा करके उसके बाद इन्हें पुनं कैंप कार्यालय में लाने का कार्य करेंगे ।। मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद शुक्ला ने विधायक पंकज गुप्ता के इस पुनीत पावन कार्य के लिए बहुत.बहुत शुभकामनाएं जी और कहा कि ऐसा सरल और सहज विधायक हम लोगों को प्राप्त हुआ है हम लोग बहुत ही सौभाग्यशाली हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सतीश शुक्ला प्रदीप योगी जितेन सिंह जितेंद्र सिसोदिया दीपू पंडित योगेश अवस्थी अमरेंद्र गुप्ता आज कई भाजपा नेता मौजूद रहे।। इस दिव्य एवं भव्य कथा में क्षेत्र के अधिक से अधिक श्रद्धालु सुगमतापूर्वक पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की अमृतमयी कथा का श्रवण कर सकेंए इसी उद्देश्य से विधायक ने यह सेवाभावी पहल की है। इसी क्रम मे शुक्लागंज ऋषि नगर के बाहर ऋषि आश्रम के बाहर बने सदर विधायक के कैंप से निःशुल्क बस सेवा इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था भी की गई। इस दौरान प्रखर गुप्ता ने कहा कि श्रद्धालुओं को कथा स्थल तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न होए इसी भावना के साथ सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा निःशुल्क बस सेवा की व्यवस्था की गई है। भगवान भोलेनाथ की कृपा से आयोजित इस पावन धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक श्रद्धालु सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त करेंए यही हमारी कामना है। उल्लेखनीय है कि निःशुल्क बस सेवा प्रतिदिन प्रातः दस बजे कथा स्थल के लिए रवाना होगी तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अपराह्न 4 बजे से वापसी की व्यवस्था भी रहेगी। कथा आयोजन की पूरी अवधि में यह सेवा निरंतर उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम के दौरान सारी व्यवस्था गंगा घाट भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला नेशव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कराई निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत के दूसरे दिन गंगा घाट में लगे काम के बाहर सनातनी परिवारों का सैलाब उमर पड़ा आज जो विधायक पंकज ने 3 बसों की व्यवस्था की थी जो आज कम पड़ गई तत्काल में 7 बस और कि गई जिनसे सभी श्रद्धालुओं को बीघापुर गौरी गांव में हो रही शिव महापुराण की कथा श्रवण करने के हेतु प्रस्थान कराया गया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

सावधानी की जरूरत

दिवाली का त्योहार नजदीक आने के साथ पटाखों का इस्तेमाल फिर चर्चा के केंद्र में आ गया है। इन्हें छुड़ाने के तौर तरीके, इससे होने वाले नुकसान और उन्हें रोकने के उपाय, पुलिस-प्रशासन की जिम्मेदारी तथा आम लोगों में जागरूकता जैसी बातों पर हर साल व्यापक चर्चा होती है जो इस बार भी शुरू हो गई है। कई लोगों का सुझाव रहता है कि इन पर पूरी तरह से रोक लगा दी जाए। लेकिन सवाल यह है कि क्या इसे उपयुक्त कदम माना जा सकता है। विशेष रूप से परंपराओं और उनसे जुड़ी जनभावनाओं को देखते हुए क्या यह उचित होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे ध्यान में रखते हुए बड़ी व्यावहारिक बात कही है। उसका कहना है कि वह पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उसे जनभावनाओं का भी एहसास है। लेकिन उसने यह भी कहा है कि इसका संबंध हर जीवित प्राणी से है। प्रतिबंध की जगह उसने नियंत्रण पर जोर देते हुए कहा है कि अधिकारियों को इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करनी होगी। हम हर साल संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं लेकिन सभी का सहयोग नहीं मिलने पर ऐसा संभव नहीं हो पाता। कोर्ट ने अब तक दिए गए आदेशों को लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि जब तक उन्हें जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया जाता, तब तक आदेश और निर्देश जारी करने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि ऐसा नहीं होने पर यह मजाक बन कर रह जाता है। कोर्ट की बात के अलावा भी देखें तो यह साफ है कि पटाखों के इस्तेमाल पर जागरूकता का कुछ प्रचार-प्रसार होने के बावजूद इनकी खपत में खास कमी नहीं आई है। इसलिए इनके अवैध निर्माण का कारोबार भी इन दिनों तेजी के साथ फलता-फूलता है। यह व्यवस्था की कमी है कि इन पर सख्ती के साथ रोक नहीं लगाई जाती है। सभी लोग जानते हैं कि फुलझड़ी, अनार और हल्की आतिशबाजी के अलावा तेज धमाके वाले पटाखे ध्वनि और वायु प्रदूषण फैलाने के साथ जीवन के लिए भी खतरनाक होते हैं। विडंबना यह है कि अब बड़ी संख्या में बच्चे तो जागरूकता अभियानों से सीख लेकर अपने ऊपर संयम और नियंत्रण रखने लगे हैं लेकिन तमाम युवा अभी भी बेखौफ होकर जबर्दस्त धमाकों की आवाज के रोमांच में ही फंसे रहते हैं। इसका नतीजा उन्हें खुद या उनके आसपास के लोगों को भुगतना पड़ता है। यह संवेदना के ह्रास की ही स्थिति तो होगी। इसलिए जरूरी है कि धमाकेदार पटाखों का इस्तेमाल रोकने के लिए जागरूकता अभियानों को और आगे बढ़ाया जाए। साथ ही, धमाकों का कारोबार करने वालों के खिलाफ अब तक दिए गए आदेशों पर सख्ती से अमल किया जाए तो तमाम दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों से बचा जा सकेगा। इस लिहाज से आने वाले दिन इम्तहान के होंगे। इसकी जगह हरित पटाखों का इस्तेमाल ज्यादा सही होगा।

सुरक्षित रक्त

अस्पतालों में इलाज के दौरान अक्सर खून की जरूरत पड़ती है। इसे पूरा करने के लिए ही ब्लड बैंक स्थापित किए गए हैं। मरीज को खून चढ़ाने के महत्व को देखते हुए ही रक्तदान को 'महादान' कहा गया है जिसके लिए समय-समय पर आमजनों से अपीलें भी की जाती हैं। चूंकि खून सीधे शरीर में चढ़ाया जाता है, इसलिए जरूरी है कि यह शुद्ध तथा संक्रमण से मुक्त हो जिससे कोई विपरीत प्रभाव न पड़ने पाए। यह शुद्धता व संक्रमणविहीनता सुनिश्चित करने के लिए कई कड़े निर्देश जारी किए जा चुके हैं और लगातार जांच अभियान भी चलाए जाते हैं। लेकिन इनका अपेक्षित असर नहीं पड़ रहा है। प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) द्वारा इकतीस जिलों के इक्यासी ब्लड बैंकों के औचक निरीक्षण के दौरान कई गंभीर कमियां मिली हैं जो चिंता पैदा करती हैं। नतीजा हुआ कि विभाग ने चौदह ब्लड बैंकों में रक्त और ब्लड कंपोनेंट्स की आपूर्ति पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। ध्यान रखने की बात यह है कि खून को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए निर्धारित प्रावधानों में खून की गुणवत्ता, संक्रमण की अनिवार्य जांच, ब्लड कंपोनेंट्स के भंडारण, कोल्ड चेन, तापमान नियंत्रण, स्टॉक और डोनर रजिस्टर तक को जांचा जाता है। रक्त की तय कीमतों की भी जांच होती है। ये सब केवल इसलिए कि खून किसी भी वजह से हानिकारक न होकर मरीजों को नया जीवन देने में अपेक्षित रूप से सहायक हो सके। मौजूदा समय में जब अनेक कारणों से कई बीमारियां नए-नए जटिल रूप ले रही हैं, तब बड़ी संख्या में लोगों का जीवन भी चिकित्सकीय उपचारों के सहारे ही है। तब जरूरी है कि इसे पूरी तरह विश्वसनीय तथा दोषरहित रखा जाए। फिर भी अगर रक्त जैसी मूलभूत आवश्यकता को ही सुरक्षित न रखा जा सके तो इलाज कैसे कारगर हो सकेगा। ब्लड बैंकों में मिलने वाली कमियां किसी न किसी रूप में घातक हो सकती हैं। अतः यह जांच अभियान नियमित रूप से चलते रहना चाहिए तथा कड़ी कार्रवाई भी होनी चाहिए।

काँव-काँव

♦♦♦

एसटीएफ ने खोलीं केजीएमयू में धर्मांतरण नेटवर्क की परतें

केजीएमयू में अब धर्मांतरण का इलाज एसटीएफ करेगा!

बुलेट ट्रेन मंजूर, लखनऊ से दिल्ली 2:12 घंटे में

ऐसे ही तरक्की करें, लखनऊ तय करता है दिल्ली की कुर्सी!

रिहा हुए आजम को ईडी ने जेल के गेट से किया गिरफ्तार

रिहाई की मुबारकबाद कुबूल करने का मौका तो दे देते!

जातिवाद और जिन्नावाद के खिलाफ लड़ना है : योगी

एनडीए के घटक दलों की जातिगत राजनीति से मत लड़िएगा!

देश से सबसे बड़ा खतरा सांप्रदायिक ताकतें : अखिलेश

भाजपा जातिवाद और जिन्नावाद को बड़ा खतरा बताती है!

शिवा के शरीर पर लिपस्टिक पोतकर किया था प्रताड़ित

हुस्न पर अंधी श्रद्धा रखने वाले सतर्क हो जाएं!

♦♦♦

नेतन्याहू के अपराजित होने का मिथक ध्वस्त

इज़राइल के 2026 के संसदीय आम चुनावों के नतीजों के आने बाद देश में एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध की स्थिति बन गई है और किसी भी गुट को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। ग़ौरतलब है कि इस्राईल की 120 सदस्यों वाली 'नेसेट' अर्थात संसद में सरकार बनाने और पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए 61 सीटों की आवश्यकता होती है। परन्तु प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिकुड पार्टी व अन्य सहयोगी दक्षिणपंथी दलों के गठबंधन को कुल 53 सीटें मिली हैं। जबकि इसमें उनकी स्वयं की 'लिकुड' पार्टी को 27 सीटें मिली हैं। 27 सीटें जीतकर 'लिकुड' पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर तो ज़रूर उभरी है परन्तु इसके बावजूद नेतन्याहू का दक्षिणपंथी गठबंधन बहुमत के जादुई आंकड़े यानी 61 सीटों तक नहीं पहुँच सका और बहुमत से 8 सीटें कम रह गया।



– तनवीर जाफ़री

इज़राइल के 2026 के संसदीय आम चुनावों के नतीजों के आने बाद देश में एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध की स्थिति बन गई है और किसी भी गुट को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। ग़ौरतलब है कि इस्राईल की 120 सदस्यों वाली 'नेसेट' अर्थात संसद में सरकार बनाने और पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए 61 सीटों की आवश्यकता होती है। परन्तु प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिकुड पार्टी व अन्य सहयोगी दक्षिणपंथी दलों के गठबंधन को कुल 53 सीटें मिली हैं। जबकि इसमें उनकी स्वयं की 'लिकुड' पार्टी को 27 सीटें मिली हैं। 27 सीटें जीतकर 'लिकुड' पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर तो ज़रूर उभरी है परन्तु इसके बावजूद नेतन्याहू का दक्षिणपंथी गठबंधन बहुमत के जादुई आंकड़े यानी 61 सीटों तक नहीं पहुँच सका और बहुमत से 8 सीटें कम रह गया। बेंजामिन नेतन्याहू का कहना था कि उनका उद्देश्य एक मज़बूत दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सरकार बनाना है। इस चुनाव का एक और आकर्षण अरब नेतृत्व वाली पार्टियां का 19 सीटों पर जीत दर्ज करना भी है । अरब लोग इस्राईल की कुल जनसंख्या का क़रीब 21 प्रतिशत हैं। इस्राईल के इतिहास में यह अरब पार्टियों का अब तक का ऐतिहासिक व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। जबकि गादी आइज़नकोट का मुख्य विपक्षी गठबंधन 48 सीटें जीत पाया है। माना जा रहा है कि किसी भी बड़े गठबंधन को बहुमत न मिलने के कारण अब इस्राईल में सरकार बनाने के गठबंधन की जोड़-तोड़ और बातचीत का लंबा दौर चल सकता है । निश्चित रूप से इन चुनाव परिणामों ने इस्राइली समाज के गहरे मतभेद उजागर किए हैं। इस्राईल में हुआ यह चुनाव कितना महत्वपूर्ण था इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें यहूदी और अरब दोनों ही मतदाताओं की ओर से रिकॉर्ड संख्या में मतदान में हिस्सा लिया गया। इसके अतिरिक्त अनेक मतदाताओं ने हज़ारों डॉलर ख़र्च कर विदेशों से आकर मतदान में हिस्सा लिया। नेतन्याहू की पार्टी व उनके नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी गठबंधन को पूर्ण बहुमत हासिल न होने के पीछे जो मुख्य कारण माने जा रहे हैं उनमें एक तो यह कि यह चुनाव एक ऐसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुये जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग चुके हैं। इसके अतिरिक्त नेतन्याहू पर 7 अक्तूबर से पहले इस्राईल की रक्षा करने में नाकाम रहने का भी आरोप है। विपक्षी नेताओं व समाज के एक बड़े वर्ग द्वारा इसकी जांच की मांग भी होती रही है, लेकिन नेतन्याहू इस जांच के लिए कभी तैयार नहीं हुये। इसलिये इस्राईली समाज का एक बड़ा वर्ग 7 अक्तूबर की घटना को एक सुनियोजित व सत्ता प्रायोजित साज़िश के संदेह से भी इनकार नहीं करता। अब इस्राईल में नई सरकार बनाने को लेकर भी तरह तरह के क़यास लगाये जा रहे हैं। इतने अलग-अलग विचारों और राजनीतिक हितों को एक सरकार के रूप में साथ लाना अब इस्राईल की राजनीति के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार बनाने के लिये क्या नेतन्याहू अपने धार्मिक सहयोगियों को छोड़कर विपक्षी गुट के दक्षिणपंथी नेताओं के साथ गठबंधन बनाने के लिए तैयार होंगे? और क्या वे नेता, जो लंबे समय से नेतन्याहू के विरोधी रहे हैं, उनके साथ सरकार में शामिल होने के लिए तैयार होंगे? क्या विपक्षी गठबंधन अपने चुनावी वादों का बड़ा हिस्सा छोड़कर नेतन्याहू को सत्ता से बाहर करने के लिए अरब पार्टियों के साथ सहयोग करने को तैयार है? और क्या अरब पार्टियां ऐसी सरकार में शामिल होने का जोखिम उठाएंगी, जो कुछ ही महीनों में गिर सकती हो ? यह सवाल इस्राईल के राजनैतिक भविष्य के लिये सबसे महत्वपूर्ण हैं।

इस बीच इस्राइल के वरिष्ठ वामपंथी डेमोक्रेट नेता यायर गोलान ने विपक्षी गुट से अरब पार्टियों के साथ साझेदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि हमें अब नेतन्याहू द्वारा यहूदी और अरब वोटों के बीच किए जा रहे नस्लवादी विभाजन को स्वीकार नहीं करना चाहिए। चुनाव परिणामों और विश्लेषकों के रुख़ को देखें तो यह स्पष्ट है कि नेतन्याहू की कट्टर, ध्रुवीकरण करने वाली और अत्यधिक आक्रामक छवि ने उन्हें गंभीर राजनीतिक नुक़्सान पहुँचाया है। अक्टूबर 2023 के हमास हमलों के बाद से इस्राइल लगातार युद्ध की स्थिति में है। नेतन्याहू ने ईरान, गज़ा और लेबनान में 'सैन्य सफलताओं' को भुनाने की कोशिश भी की। लेकिन देश की जनता का एक बड़ा हिस्सा लगातार जारी युद्ध की अनिश्चितता, बंधकों की घर वापसी



में विफलता और देश के आर्थिक नुक़्सान से थक चुका था। इसी ने नेतन्याहू की 'अजेय सुरक्षा प्रदाता' वाली छवि को चोट पहुंचाई।

नेतन्याहू के मौजूदा गठबंधन में धुर-दक्षिणपंथी और कट्टरपंथी वे यहूदी नेता भी शामिल थे, जिन्होंने वेस्ट बैंक में आक्रामक नीतियों को बढ़ावा दिया। इसके चलते इस्राइल के उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और यूरोपीय मूल के यहूदी नागरिकों में यह डर बढ़ गया था कि यह कट्टरता इस्राइल के लोकतांत्रिक ढांचे को ख़त्म कर रही है, जिससे तेल अवीव की सड़कों पर उनके ख़िलाफ़ भारी विरोध प्रदर्शन हुए। इसके अलावा चुनाव प्रचार के दौरान नेतन्याहू ने यहूदी राष्ट्रवादियों को एकजुट करने के लिए सोशल मीडिया पर आक्रामक बयानबाज़ी की और अरब नागरिकों पर 'चुनाव चुराने' का आरोप लगाया। नेतन्याहू के इस आक्रामक रुख़ ने डर पैदा करने के बजाय अरब मतदाताओं को एकजुट कर दिया, जिसके कारण उन्होंने रिकॉर्ड संख्या में बाहर निकलकर नेतन्याहू व उनके गठबंधन के ख़िलाफ़ वोट डाला। युद्ध के इस दौर में भी नेतन्याहू द्वारा कट्टरपंथी रूढ़ीवादी यहूदियों को सेना की अनिवार्य सेवा से छूट देना भी आम इस्राइलियों को रास नहीं आया, जो लंबे समय से मोर्चे पर लड़ रहे हैं। विपक्ष ने इसे भी एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था । इस्राईल के चुनाव परिणाम से यह संकेत भी साफ़ है कि नेतन्याहू ने भले ही अपनी लिकुड पार्टी को सबसे बड़े दल के रूप में बचा लिया हो, लेकिन उनकी आक्रामक और ध्रुवीकरण की राजनीति ने उनके विरोधियों और देश के अरब अल्पसंख्यकों को इस क़दर लामबंद कर दिया कि वे स्पष्ट बहुमत से 8 सीटें दूर रह गए। इसलिये कहना ग़लत नहीं होगा कि इस्राईल में बदलाव की चाहत रखने वाले और उनके कट्टर रवैये से असहमत लोगों ने उनके 'अपराजित' होने के मिथक को ध्वस्त कर दिया है।

।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

अथ अष्टादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे)

योगेश्वर कहते हैं कि प्रकृति से उत्पन्न गुणों द्वारा परवश होकर मनुष्य परिस्थिति के अनुसार ढलता ही रहता है। गुण स्वतः उन्हें ढालने में सक्षम हैं। भौतिकशास्त्र, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, तर्कशास्त्र वह गढ़ता ही रहता है। एक ही वस्तु ऐसी है जो मनुष्य नहीं जानता, नहीं पहचानता। जो है तो उसी के पास किन्तु उसे विस्मृत है। गीता सुनकर अर्जुन की वही स्मृति लौट आयी थी। वह स्मृति है परमात्मा की, जो हृदय-देश में होकर भी उससे बहुत दूर है। उसी को मनुष्य पाना चाहता है; किन्तु रास्ता नहीं पाता। केवल कल्याण-पथ से ही मनुष्य अनभिज्ञ है। मोह का आवरण इतना घना है कि उधर सोचने का समय ही नहीं मिलता। उन महापुरुष ने आपके लिये समय दिया है, उस कर्म को स्पष्ट किया है, जिसे करने का निर्देश गीता में है। गीता मुख्यतः यही देती है। भौतिक वस्तुएँ भी उससे मिलती हैं; किन्तु श्रेय की तुलना में प्रेय नगण्य हैं।

योग-प्रदाता- योगेश्वर श्रीकृष्ण के अनुसार कल्याण-पथ की जानकारी, उसका साधन और उसकी प्राप्ति सद्गुरु से होती है। इधर-उधर तीर्थों में बहुत भटकने या बहुत परिश्रम से यह तब तक नहीं मिलता, जब तक किसी सन्त द्वारा न प्राप्त किया जाय। अध्याय 4/34 में श्रीकृष्ण ने कहा- अर्जुन! तू किसी तत्त्वदर्शी महापुरुष के पास जाकर, भली प्रकार दण्ड-प्रणाम कर, निष्कपट भाव से सेवा करके, प्रश्न करके उस ज्ञान को प्राप्त कर। प्राप्ति का एकमात्र उपाय है, किसी महापुरुष का सान्निध्य और उनकी सेवा। उनके अनुसार चलकर योग की संसिद्धिकाल में पायेगा। अध्याय 18/18 में उन्होंने बताया कि परिज्ञाता अर्थात् तत्त्वदर्शी महापुरुष, ज्ञान अर्थात् जानने की विधि और ज्ञेय परमात्मा - तीनों कर्म के प्रेरक हैं। अतः श्रीकृष्ण के अनुसार महापुरुष ही कर्म के माध्यम हैं, न कि केवल पुस्तक। किताब तो एक नुस्खा है। क्रमशः...

।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

एकेन शुष्कवृक्षेण दह्यमानेन वह्निना।
दह्यते तद्वनं सर्वं कुपुत्रेण कुलं तथा।।

जिस प्रकार अग्नि से जलता हुआ एक ही वृक्ष सारे वन को जला डालता है, उसी प्रकार एक ही कुपुत्र से सारा कुल कलंकित हो जाता है।

♦♦♦

दलील से पहले फ़ॉन्ट सुधारिए

हम जो पढ़ते हैं, वह सिर्फ़ वही नहीं होता जो लिखा गया है। वह इससे भी तय होता है कि कैसे छपा है। यह बात अख़बारों ने सौ बरस पहले समझ ली थी। अब, उपलब्ध समाचारों के अनुसार, इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उसकी लखनऊ पीठ



– के. विश्वदेव राव

भी इसे अपने ढंग से स्वीकार कर रही हैं। यह आदेश इशारा करता है कि एक विशेष फॉन्ट में मुद्रित दलील कोई निर्दोष औज़ार नहीं, वह उस विश्वास का पहला दरवाज़ा है, जो कानूनी प्रक्रिया को रेखांकित करता है। फ़ाइलों के पहाड़ में धँसा न्यायाधीश हो या सुबह की चाय के साथ अख़बार पढ़ने वाला नागरिक, उसे पठनीय मसौदे से पहले कागज़ पर उकेरे अक्षरों को सुगमता से पढ़ने की सहूलियत चाहिये। पहले ख़बर। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में शिव किंकर सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व 2 अन्य के मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अजीत कुमार एवं न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद ने आदेश दिया कि 12 नवंबर 2026 से अंग्रेज़ी में दाख़िल हर याचिका, शपथ-पत्र, प्रति-शपथ-पत्र और अपील 'टाइम्स न्यू रोमन' में, चौदह पॉइंट के आकार में और दोहरी पंक्ति-दूरी के साथ होंगी। मोटे अक्षर केवल संलग्नकों और सूची के लिए रहेंगे, तिरछे अक्षर केवल उद्धरण या अदालत और अधिनियम के नाम के लिए। प्रार्थना-खंड तिरछा हो ही नहीं सकेगा।

इस आदेश को घरेलू व्यवस्था की भाषा में लिखा गया है, यानी कागज़ चाहे भौतिक रूप में आए या इलेक्ट्रॉनिक, अभिलेख एक-सा दिखे। पर गौर करने की बात है कि अदालत का अपना पिछला निर्देश कुछ और था- आकार बारह, अक्षर 'एरियल' फॉन्ट में। यानी यह आदेश अपनी ही पुरानी भूल का मौन स्वीकार भी है। अब सवाल यह है कि अदालत को यह बात इतनी देर से क्यों सूझी, और अख़बारों को पहले क्यों? शायद इसलिए कि अख़बार का पाठक नाराज़ हो तो पन्ना पलट देता है, जबकि अदालत में मजबूरी है कि हर अक्षर उसे पढ़ना ही पड़ेगा। जिससे वो भाग नहीं सकता, उसकी थकान का हिसाब कोई नहीं रखता। टाइम्स न्यू रोमन फॉन्ट की जड़ें अख़बार से ही उपजी हैं। 1932 में लंदन के 'द टाइम्स' ने इसे दो इंच चौड़े संकरे स्तंभों और सस्ते, स्याही सोखने वाले न्यूज़प्रिंट के लिए अपनाया था। दो इंच में यह अक्षर चमकता है, छह इंच में बुझने लगता है। तंग गली के सिपाही को चौड़े क़ानूनी काग़ज़ के मैदान में उतारना वैसा ही है जैसे शहर के रिक्शे को राजपथ पर दौड़ा देना। इसी वजह से अमेरिका के सातवें सर्किट की मार्गदर्शिका के हवाले से कहा जाता है कि पेशेवर टाइपोग्राफ़र लंबे दस्तावेज़ों में इससे बचते हैं, और वहाँ का सर्वोच्च न्यायालय अपने नियमों में 'सेंचुरी' परिवार के फॉन्ट माँगता है।

फिर हमारी अदालत उसी की ओर क्यों जा रही है जिससे वे लोग दूर जा चुके हैं?

क्योंकि यहाँ प्रश्न सुंदरता का नहीं, एकरूपता का है। यह फॉन्ट लगभग हर कंप्यूटर में पहले से मौजूद होता हैं, और जहाँ नहीं है, वहाँ मिलते-जुलते विकल्प चल जाते हैं। झाँसी की कचहरी में बना मसौदा और लखनऊ के किसी कॉरपोरेट दफ़्तर का मसौदा एक-सा दिखेगा। हज़ारों फ़ाइलें निपटाने वाली रजिस्ट्री के लिए यह सुविधा किसी भी अक्षर-सौंदर्य से भारी है। यह तर्क हल्का नहीं है, पर इसकी क़ीमत कौन चुकाएगा, यह देखना भी ज़रूरी है। यथार्थ यह है कि आदेश आधी राह पर ठहरा हुआ लगता है। चौदह पॉइंट और दोहरी पंक्ति में सामान्य याचिका भी फूलकर मोटी हो जाएगी- ज़्यादा पन्ने, ज़्यादा फ़ोटोकॉपी, ज़्यादा जिल्द। फ़ॉन्ट पर अनुशासन हो और लंबाई खुली छूट पर, तो एक हाथ से आँख को राहत मिलती है और दूसरे हाथ से जेब पर भारी लगती है। अमेरिकी अपीली नियम इसीलिए फॉन्ट के साथ शब्द-सीमा भी बाँधते हैं, ताकि टाइपोग्राफ़ी के सहारे लंबाई चुपके से न घुसे। इलाहाबाद न्यायालय के आदेश को भी फ़ॉन्ट के साथ उचित शब्द-सीमा और पृष्ठ-सीमा तय करनी चाहिए, ताकि कागज़ की बर्बादी रुके और पढ़ने वाले की आँख और धैर्य दोनों बचें। हिंदी में दाख़िल किये जाने वाले मसौदे का प्रश्न और भी बड़ा है। आदेश के अनुसार देवनागरी के लिए कोई भी यूनिकोड अक्षर इस्तेमाल किया जा सकता है। पर देवनागरी के अक्षर मोटाई और ऊँचाई में एक-दूसरे से बहुत भिन्न होते हैं। जिस एकरूपता की बात आदेश करता है, वह यहीं सबसे पहले डगमगाएगी। बेहतर होगा कि हिंदी के लिए भी कोई स्पष्ट फॉन्ट और निश्चित आकार तय हो। 'मंगल' या 'अपराजिता' जैसे सर्वसुलभ अक्षर इस पर विचार का आरंभ-बिंदु हो सकते हैं, हालाँकि अंतिम चुनाव अदालत और विशेषज्ञों का काम है। और चूँकि अनुपालन की जाँच स्कैनिंग-शाखा में होगी, एक ग़लत पंक्ति-दूरी का अर्थ है लौटाई हुई याचिका, टला हुआ अंतरिम संरक्षण और किसी वकील की शाम जिल्द-बंदी की भेंट। यह मार सबसे ज़्यादा उन पर पड़ेगी जो ख़ुद अपनी पैरवी करते हैं, या जिनके दफ़्तर में परिपत्र पढ़ने वाला कोई मुंशी नहीं। इसलिए 12 नवंबर तक अनुपालन चाहने वाली अदालत को निर्देश के साथ एक नमूना पृष्ठ, फ़ाइलिंग-काउंटर पर जाँच-सूची और आपत्तियाँ शुरू होने से पहले थोड़ी रियायत भी देनी चाहिए। फिर भी एक बड़ी बात मान ली गई है। अदालत ने स्वीकार किया कि पन्ने की बनावट इस बात में शामिल है कि दलील कैसे ग्रहण की जाती है। मोटे, रेखांकित और तिरछे अक्षरों का जंगल वैसा ही है जैसे कोई कचहरी में चीख़कर बोले। स्वर जितना ऊँचा, विश्वास उतना कमज़ोर। जब सब कुछ ज़ोर देकर कहा जाए, तो कुछ भी ज़ोरदार नहीं रह जाता। अख़बार जानता है कि शीर्षक का फॉन्ट संपादक की आवाज़ है, और उसे अगर बदल दिया तो ख़बर की गंभीरता बदल जाती है। अदालत अब यह जान रही है कि वकील का मसौदा उसकी पहली दलील है, चाहे वकील यह माने या न माने। शब्दों को लिख कर सम्पादित करना फिर प्रिंट प्रस्तुत करना वकालत की वह आखिरी मंज़िल है जिसके बारे में अधिकतर वकील दिन रात चिराग जलाते हैं। और अंततः न्यायाधीश महोदय उस भारी भरकम जिरह जो एक पहेली होती है, उसे सुलझा कर अपना न्यायसंगत आदेश पारित करते हैं।

तो अंत में प्रश्न यही है। अगर अदालतें मानती हैं कि पन्ने की बनावट न्याय की पहली सीढ़ी है, तो क्या वे इसे फ़ॉन्ट के आदेश पर ही छोड़ देंगी, या उसके साथ लंबाई की मर्यादा, हिंदी का सम्मान और साधन-हीन वादी की सुविधा भी तय करेंगी?

न्यायालय ने न्याय तक पहुँचने का रास्ता तो सुंदर बना दिया, पर क्या वह सबके लिए सुगम भी होगा? फॉन्ट तो सँवर जाएँगे पर न्याय कहीं पीछे ना छूट जाए।

प्रेरक प्रसंग

दिल की पुकार

नावेर नाम का एक अरब था। उसके पास एक बहुत बढ़िया घोड़ा था। एक दिन दाहर नामक एक आदमी उसके पास आया। उसने घोड़ा देखा तो उसका मन उसकी ओर आकर्षित हो गया। उसके पास बहुत-से ऊंट थे। उसने नावेर से कहा, तुम ये ऊंट ले लो और अपना घोड़ा मुझे दे दो।

लेकिन नावेर को भी वह घोड़ा बहुत प्यारा था। उसने उसे देने से इन्कार कर दिया।

दाहर ने बहुत आग्रह किया, लेकिन वह घोड़ा देने के लिए किसी प्रकार भी राजी नहीं हुआ। तब दाहर ने एक चाल चली। नावेर जिस रास्ते से बाहर जाया करता था, उस रास्ते पर फटे-पुराने कपड़े पहनकर जा बैठा और अपना चेहरा छिपा लिया।

कुछ समय बाद जब नावेर अपने घोड़े पर सवार होकर उधर से निकला, तो दाहर ने उसका रास्ता रोक लिया। कहा, मैं बहुत दीन हूं, गरीब हूं। मुझे अगले गांव तक पहुंचा दोगे ?

नावेर बड़ा दयालु था। उसकी दशा देखकर उसका हृदय द्रवित हो उठा। वह घोड़े पर से उतर पड़ा और दाहर को उस पर बिठाकर स्वयं पैदल चलने लगा।

दाहर ने घोड़े को चाबुक मारकर भगा दिया और नावेर के पास आकर बोला, तुमने राजी से घोड़ा नहीं दिया। लो, मैंने तुम्हारा घोड़ा ले लिया!

नावेर ने उसे पहचानकर कहा, कोई बात नहीं है दोस्त, पर एक बात याद रखना। इस घटना की चर्चा किसी से मत करना।

क्यों? दाहर ने गर्व से पूछा।

इसलिए कि, नावेर ने कहा, आगे कभी कोई दया नहीं करेगा और बेचारे गरीब लोग बेमौत मारे जायेंगे।यह उसके दिल की पुकार थी। उसे सुनकर दाहर बड़ा लज्जित हुआ। उसने अपने किये पर क्षमा मांगी और घोड़ा लाकर उसे लौटा दिया।

आपका पत्र मिला

विपक्ष का असल विरोध या प्रगति में अवरोध?

लोकतंत्र में सत्ता की असमंजस्य नीतियों का विपक्ष द्वारा विरोध करना उनका संवैधानिक अधिकार है. जो समय-समय पर सत्ता को सही राह दिखाने के लिए जरूरी भी है. जब से देश आजाद हुआ है और हमारे देश में लोकतंत्रीय व्यवस्था व हमारा संविधान लागू है तब से ही विपक्ष द्वारा सरकार की गलत नीतियों का विरोध विपक्ष द्वारा किया जाता रहा है साथ ही बेहतर नीतियों की सराहना और सत्ता की नीतियों को और बेहतर व जनहितैषी बनाने के लिए सुझाव भी दिए जाते रहे हैं जिसे सरकार ने सहर्ष स्वीकार भी किये। किन्तु आज का विपक्ष अपने दिल से पूछे कि उसने 14 सालों में सरकार की कितनी सराहना की और कितने बेहतर नीतिगत सुझाव दिए जिसे उसने मानने से इंकार किया हो. आम जनता विपक्षियों के सरकार के प्रति रवैये को आरम्भ से ही देख और समझ रही है. आलोचना, समालोचना व जनहितैषी कार्यों की सराहना न सही नीति पर सहयोग तो सरकार को किया जा सकता है. किन्तु एकतरफा सिर्फ और सिर्फ विरोध करना ही लोकतंत्रीय व्यवस्था में विपक्ष का काम न तो स्वयं के लिए और न ही सत्ता और देश के लिए लाभकारी है।

अतः विपक्ष को इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए ताकि तर्क-वितर्क के साथ ही देशहित में विरोध भी सार्थक सिद्ध हो सके न कि वह देश की प्रगति में बाधक बने।

शकुंतला महेश नेनावा
वाया ई-मेल

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

दिवाली शॉपिंग के लिए देश के 10 सस्ते और मशहूर बाजार



दिवाली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगती है। घर की सजावट से लेकर नए कपड़े, ज्वेलरी, दीये, लाइट्स और गिफ्ट आइटम खरीदने तक हर कोई दिवाली की तैयारियों में जुट जाता है। हालांकि, त्योहार के दौरान बढ़ती महंगाई के बीच बजट में रहकर अच्छी खरीदारी करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में अगर आप भी कम पैसों में दिवाली की शानदार शॉपिंग करना चाहते हैं, तो देश के कुछ मशहूर बाजार आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकते हैं। इन बाजारों में कपड़े, सजावटी सामान, पूजा सामग्री, बर्तन, फुटवियर और गिफ्ट आइटम किफायती दामों पर मिल जाते हैं।

दिल्ली का चांदनी चौक- दिल्ली का चांदनी चौक दिवाली की खरीदारी के लिए मशहूर बाजारों में शामिल है। यहां कपड़ों, साड़ियों, ज्वेलरी, सजावटी सामान, पूजा सामग्री और गिफ्ट आइटम की कई दुकानें मिलती हैं। दिवाली के समय यहां की रौनक देखते ही बनती है। कम बजट में खरीदारी करने वालों के लिए यह बाजार अच्छा विकल्प है।



मुंबई का क्रॉफर्ड मार्केट- मुंबई का क्रॉफर्ड मार्केट दिवाली की खरीदारी के लिए लोकप्रिय जगह है। यहां घर की सजावट, लाइट्स, आर्टिफिशियल फूल, गिफ्ट आइटम, बर्तन और रोजमर्रा के सामान की कई वैरायटी मिलती हैं।

त्योहार के समय यहां खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रहती है।

जयपुर का बापू बाजार- जयपुर का बापू बाजार रंग-बिरंगे कपड़ों, जूतियों, बैग और पारंपरिक सामान के लिए जाना जाता है। अगर आप दिवाली पर एथनिक कपड़े और पारंपरिक एक्सेसरीज खरीदना चाहते हैं, तो यहां जा सकते हैं। बाजार में कई दुकानों पर बजट के अनुसार विकल्प मिल जाते हैं।



लखनऊ का अमीनाबाद बाजार- लखनऊ का अमीनाबाद बाजार खरीदारी के शौकीनों के बीच काफी लोकप्रिय है। यहां चिकनकारी कपड़े, साड़ियां, सूट, ज्वेलरी और घरेलू सामान की कई दुकानें हैं। दिवाली पर नए कपड़े खरीदने के लिए यह बाजार अच्छा विकल्प हो सकता है।

कोलकाता का न्यू मार्केट- कोलकाता का न्यू मार्केट दिवाली की खरीदारी के लिए मशहूर है। यहां कपड़े, फुटवियर, बैग, कॉस्मेटिक्स, गिफ्ट आइटम और सजावटी सामान मिलते हैं। यहां आपको अलग-अलग बजट में खरीदारी के कई विकल्प मिल सकते हैं।

अहमदाबाद का लाल दरवाजा बाजार- अहमदाबाद का लाल दरवाजा बाजार किफायती खरीदारी के लिए जाना जाता है। यहां कपड़े, ज्वेलरी, घरेलू सामान, फुटवियर और फैशन एक्सेसरीज की कई दुकानें हैं। दिवाली के लिए घर की जरूरतों और व्यक्तिगत खरीदारी के लिए यह बाजार अच्छा विकल्प है।

हैदराबाद का लाड बाजार- हैदराबाद का लाड बाजार खासतौर पर चूड़ियों और पारंपरिक ज्वेलरी के लिए मशहूर है। यहां रंग-बिरंगी चूड़ियों, मोतियों की ज्वेलरी और पारंपरिक एक्सेसरीज की अच्छी वैरायटी मिलती है। दिवाली पर ट्रेडिशनल लुक के लिए यहां खरीदारी कर सकते हैं।

बेंगलुरु का चिकपेट बाजार- बेंगलुरु का चिकपेट बाजार कपड़ों और साड़ियों की खरीदारी के लिए लोकप्रिय है। यहां सिल्क साड़ियों, फैब्रिक, ड्रेस मटेरियल और पारंपरिक कपड़ों की कई दुकानें हैं। दिवाली पर नए कपड़े खरीदने के लिए यह बाजार एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

पटना का हथुआ मार्केट- पटना का हथुआ मार्केट कपड़े, फुटवियर, ज्वेलरी और फैशन से जुड़े सामान की खरीदारी के लिए जाना जाता है। दिवाली के समय यहां कई तरह के सामान की दुकानें सजी रहती हैं। बजट के अनुसार खरीदारी करने के लिए यह बाजार देख सकते हैं।

वाराणसी का ठठेरी बाजार- वाराणसी का ठठेरी बाजार बर्तन और पीतल के सामान के लिए प्रसिद्ध है। दिवाली और धनतेरस के मौके पर यहां बर्तनों और पारंपरिक घरेलू सामान की खरीदारी की जा सकती है। अगर आप त्योहार पर पूजा और घर के लिए बर्तन खरीदना चाहते हैं, तो यह बाजार अच्छा विकल्प है।

पहनावा ही बता देता है आपकी पर्सनालिटी



आप किसी पार्टी में गए हों या किसी इवेंट पर या फिर शॉपिंग के लिए। आपको ना जानने वाले लोग भी आपके पहनावे के आधार पर आपके बारे में राय बना लेते हैं। आपके बोलेन से पहले ही आपका पर्सनालिटी कार्ड बन जाता है। आइए, ड्रेसिंग को लेकर ऐसी ही कुछ मजेदार बातों के बारे में जानते हैं। **कपड़ो की फिटिंग-** कपड़ों में सबसे पहले लोगों का ध्यान उसकी फिटिंग की तरफ जाता है। अगर आपके कपड़े बहुत टाइट हैं तो वो अनकंफर्टेबल नजर आते हैं और ज्यादा ढीले-ढाले कपड़ों को देखकर लगता है कि आप कुछ छुपाने की कोशिश कर रहे हैं। **जूतों की हालत-** घिसा हुआ लेदर, फटे हुए सोल या गंदे स्नीकर्स देखकर लोगों को लगता है कि आप बेपरवाह हैं और छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देते। **ब्राण्ड काफी कुछ कहता है-** आपने किस ब्राण्ड के कपड़े या एसेसरीज पहनी है, उससे आपकी स्टाइल के बारे में काफी कुछ पता चलता है। लोगो देखकर ही उन्हें लगने लगता है कि आप डिजाइनर चीजों के कितने शौकीन हैं, वहीं नॉन-ब्राण्डेड चीजें ऐसा प्रभाव नहीं डालतीं। **कपड़ों का रंग कुछ कहता है-** रंगों का बहुत ही गहरा साइकोलॉजिकल प्रभाव पड़ता है। आपके कपड़ों के हल्के शेड देखकर लोग मान लेते हैं कि आप ऊर्जा से भरे और मिलनसार हैं। वहीं, कपड़ों का गहरा रंग आपके गंभीर व्यक्तित्व की ओर इशारा करता है। कपड़ों का मिला-जुला रंग आपको बेखबर दिखाता है। **अगर कपड़े हों ज्यादा रिविलिंग-** आउटफिट का ज्यादा रिविलिंग या बोल्ड डिजाइन देखकर लोगों को लगता है आपके अंदर अटेंशन पाने की कुछ ज्यादा ही चाहत है। वहीं कुछ लोग इसे मौके के हिसाब से सही चॉइस नहीं मानते।

क्या होता है रेज़िन और आखिर क्यों है ये ट्रेंडिंग



रेज़िन एक प्रकृतिक और सिंथेटिक रसायन है, जो ठोस रूप में पाया जाता है। प्रकृतिक रेज़िन, वह होते हैं जो पेड़ से निकाले जाते हैं, जबकि सिंथेटिक रेज़िन, मेन मेड होते हैं। रेज़िन का उपयोग उसकी मजबूत और टिकाऊ विशेषताओं के कारण किया जाता है। रेज़िन की विशेषताएँ जैसे कि मजबूती, वॉटरप्रूफ, और आसानी से मोल्ड होने की क्षमता इसे बाकी चीज़ो से अलग करती है। इसका उपयोग गहनों, कलाकृतियों, और निर्माण सामग्री के रूप में किया जाता है। चलिए, आपको रेज़िन के कुछ प्रोडेक्टस बताते हैं, जो आजकल टेंडिंग में बने हुए हैं। रेज़िन वॉच के कई फायदे होते हैं, जो इन्हें लोकप्रिय बनाते हैं। रेज़िन वॉच हल्की होती है, जिससे इनहें पहनना आरामदायक होता है। रेजिन वॉच पानी में भी सुरक्षित रहती है, जिससे यह लंबी अवधि तक चलती है। यह वॉच विभिन्न रंगों और डिजाइनों में उपलब्ध होती हैं। अन्य प्रकार की घड़ियों की तुलना में, रेज़िन की घड़ी कम कीमत में मिल जाती है। इन वॉच में अक्सर विभिन्न फीचर्स जैसे स्टॉपवॉच, अलार्म और बैकलाइट होते हैं, जो इन्हें बाकी घड़ीयों से अलग करती है। रेजिन वॉच एक बेहतरीन और खूबसूरत विकल्प है। रेसिन पेंडेंट के कई लाभ होते हैं, जो उन्हें आकर्षक बनाते हैं।

भारत का पहला और दुनिया का दूसरा सबसे ठंडा गांव

भारत में जैसे ही सर्दियों का मौसम शुरू होता है, हम सभी मोटे-मोटे स्वेटर, जैकेट और गर्म कपड़े निकालकर ठंड से बचने की तैयारी कर लेते हैं। इनके बिना घर से निकलना संभव नहीं होता लेकिन क्या आप कभी किसी ऐसी जगह की कल्पना कर सकते हैं जहां ठंड इतनी चरम हो कि खून तक जम जाए, और हर सांस की बूंद भी बर्फ बन जाए? ऐसा अक्सर बाहर के कई देशों में होता है। पर क्या आप जानते हैं कि भारत में भी एक गांव ऐसा है, जहां इतनी ही भीषण सर्दी पड़ती है। दरअसल, लद्दाख के कारगिल जिले में स्थित द्रास गांव इसी ठंड के लिए जाना जाता है। इसे भारत का सबसे ठंडा और दुनिया का दूसरा सबसे ठंडा गांव माना जाता है। यहां सर्दियों में तापमान कई - डिग्री तक गिर जाता है, और गीले कपड़े टांगते ही कुछ ही देर में जम जाते हैं। इस गांव में जीवन जीना एक चुनौती है, लेकिन स्थानीय लोग कठोर मौसम के बीच भी अपनी परंपराओं और जीवनशैली के अनुसार अनोखी ढंग से जीते हैं। द्रास की बर्फीली घाटियां और सर्द हवा इसे साहसिक यात्रियों और फोटोग्राफरों के लिए आकर्षक



बनाती हैं। **कहां है स्थित -** द्रास को लद्दाख का प्रवेश द्वार% यानी गेटवे ऑफ लद्दाख कहा जाता है। भारत में स्थित ये खूबसूरत जगह चारों तरफ से 16 हजार से 21 हजार फीट ऊंचे पहाड़ों से घिरी हुई है, जिस वजह से यहां हिमालय की बर्फीली हवाएं खूब तेजी से चलती हैं और ठंड को और बढ़ा देती हैं। लेह और कारगिल जाने वाले यात्रियों को यहीं से गुजरना पड़ता है। **कितना रहता है तापमान-** सबसे पहले जान लेते हैं कि यहां का तापमान कितना होता है तो आपको बता दें कि सर्दियों के मौसम में यहां का तापमान आमतौर पर -20°C से -25°C तक पहुंच जाता है। कुछ समय पहले यहां का तापमान -60 डिग्री पहुंच गया था। आज भी सुबह की शुरुआत में झीलें, तालाब और गीले कपड़े जम जाते हैं। बर्फबारी कई महीने तक बनी रहती है, जिस वजह से यहां काफी ज्यादा ठंड होती है। **कैसी है स्थानीय जीवनशैली-** यहां रहने वाले लोग हमेशा मोटे ऊनी कपड़े पहनते हैं और घरों में हीटिंग का इस्तेमाल करते हैं। इनके घरों की दीवारें काफी मोटी होती हैं, जो हवा से लोगों का बचाव करती हैं। इसके साथ-साथ मांसाहारी खाना, गर्म भोजन, सूप और स्थानीय व्यंजन जैसे पकवान यहां से लोगों के शरीर को गर्माहट देते हैं। शारीरिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए मोटे कपड़े, दस्ताने, टोपी और गर्म जूते पहनना जरूरी है। **पर्यटन और रोमांच के लिए है बेहद खूबसूरत-** अक्टूबर के महीने से ही यहां बर्फीली हवाओं का तांडव शुरू हो जाता है जो अगले साल अप्रैल तक चलता है।

प्रदूषण में एक्सरसाइज करने से पहले जरूर जान लें ये बातें

सर्दियों के मौसम में बढ़ता वायु प्रदूषण लोगों की सेहत के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। खासकर दिल्ली-हृष्टक्र समेत कई शहरों में खराब एयर क्वालिटी के कारण सुबह की सैर, जॉगिंग और खुले मैदान में एक्सरसाइज करना मुश्किल हो सकता है। फिट रहने के लिए रोजाना व्यायाम करना जरूरी है, लेकिन प्रदूषण के बीच बिना सावधानी के एक्सरसाइज करना सांस और फेफड़ों से जुड़ी परेशानियों का जोखिम बढ़ा सकता है। जब हवा में PM2.5 और PM10 जैसे प्रदूषक कणों की मात्रा बढ़ जाती है, तो शारीरिक गतिविधि के दौरान तेज सांस लेने से शरीर में इन कणों का प्रवेश बढ़ सकता है। इससे खांसी, गले में जलन, सांस लेने में परेशानी और अस्थमा के लक्षण बढ़ सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, नियमित शारीरिक गतिविधि के फायदे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अधिक प्रदूषण के दौरान एक्सरसाइज का समय, स्थान और तीव्रता बदलना जरूरी है। ऐसे में सवाल उठता है कि प्रदूषण के दिनों में एक्सरसाइज कैसे करें और किन बातों का ध्यान रखें? आइए जानते हैं कुछ जरूरी सावधानियां, जिनकी मदद से आप अपनी फिटनेस को बनाए रखते हुए प्रदूषण के संपर्क को कम कर सकते हैं। **एक्सरसाइज से पहले AQI जरूर चेक करें-** घर से बाहर निकलने से पहले अपने इलाके का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) जरूर देखें। भारत में (AQI) की जानकारी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के आधिकारिक प्लेटफॉर्म पर मिल सकती है। यदि AQI खराब, बहुत खराब या गंभीर श्रेणी में है, तो बाहर दौड़ने और कठिन एक्सरसाइज से बचें। **सही समय और जगह चुनें-** व्यस्त सड़कों, ट्रैफिक और निर्माण स्थलों के पास एक्सरसाइज करने से बचें। संभव हो तो कम प्रदूषण वाले स्थान पर जाएं। ध्यान रखें कि सुबह का समय हमेशा साफ हवा की गारंटी नहीं देता। इसलिए समय तय करने से पहले स्थानीय (AQI) की स्थिति देखें। **जरूरत पड़ने पर घर के अंदर एक्सरसाइज करें-** प्रदूषण बढ़ने पर घर के अंदर योग, हल्की स्ट्रेचिंग या अन्य उपयुक्त व्यायाम करना बेहतर विकल्प हो सकता है। यदि संभव हो तो साफ हवा वाले कमरे में एक्सरसाइज करें। घर के अंदर भी धुआं, अगरबत्ती और खाना पकाने से होने वाले प्रदूषण से बचें। **भारी वर्कआउट से बचें-** खराब एयर क्वालिटी में दौड़ना, तेज साइकिल चलाना और हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट करने से प्रदूषित हवा ज्यादा मात्रा में सांस के जरिए अंदर जा सकती है। ऐसे दिनों में एक्सरसाइज की अवधि और तीव्रता कम करें। AQI गंभीर होने पर बाहरी एक्सरसाइज टालें।





-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 2 नवंबर 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शरद ऋतौ कार्तिक मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, अष्टमी तिथौ सोम वासरे 13/11/ आश्लेषा नक्षत्रे 27/47/ शुभ योग 12/07/ कौलव करणे 13/11/ सिंह राशिगत चन्द्रमा 27 घं. 47मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार-

मेष : नये आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

वृष : उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा-वाहन पर व्यय होगा।

मिथुन : रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

कर्क : राजकीय कार्यों के प्रति ध्यान रखें। किसी प्रतिष्ठस जनक कार्य के बन जाने का हर्ष भी मिलेगा। जोखिम उठाने का लाभ भी मिलेगा।

सिंह : किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद-प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता होगी।

कन्या : सत्परामर्श से लाभ होगा। व्यापार में सुधार होगा। घरेलू चिंताएं दूर होंगी। नवीन सम्पर्कों का लाभ मिलेगा।

तुला : देनदारी में कमी आएगी। काम काज में शिथिलता रहेगी। मानसिक थकान रहेगी। आय-व्यय समानता रहेगी।

वृश्चिक : व्यर्थ ही समय नष्ट हो जाएगा। परिस्थितियों की जटिलता से कामकाज प्रभावित हो सकता है।

धनु : मनोवांछित लाभ का हर्ष होगा। गृहस्थ जीवन सुखी संपन्न होगा। श्रेष्ठ जनों से पथ प्रदर्शन मिलेगा।

मकर : शांति से कार्य करें। सफलता की आशा है। जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता मिलेगी।

कुंभ : जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता से दांपत्य जीवन प्रभावित होगा।

मीन : विघ्न बाधाएं दूर होंगी। मनोरंजन पर व्यय होगा। व्यय आधिक्य का डर रहेगा। घरेलू कार्यों की पूर्ति होगी।

सामान्य खेती बनाम जैविक एवं प्राकृतिक खेती : सिंहावलोकन एवं व्यावहारिक सुझाव

अनिल कुमार पाठक

भारत में खेती की पद्धति ने सैकड़ों वर्षों में अनेक परिवर्तन देखे हैं। एक समय था जब सोती मुख्यतः स्थानीय संसाधनों और प्रकृति पर आधारित थी। फसल उत्पादन हेतु कृषक अपने घरों के बाहर या अन्य उपयुक्त स्थानों पर गोबर, पशुओं के बाड़े से निकला अवशेष तथा घर का कूड़ा करकट एकत्र करते थे। यह 4-5 माह में सड़कर उत्कृष्ट खाद बन जाती थी। फसल बुवाई हेतु खेत तैयार करते समय खेतों में यह खाद डाली जाती थी। स्वतंत्रता के बाद देश की बढ़ती जनसंख्या की खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा करना एक बड़ी चुनौती थी। गेहूँ सहित विभिन्न फसलों की अधिक उत्पादन देने वाली नई प्रजातियाँ विकसित हुई। इनके अनुरूप वैज्ञानिक कृषि का विस्तार हुआ और रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग का प्रचलन भी तेजी से बढ़ा। वर्ष 1960 में 2.2 किग्रा प्रति हेक्टेयर के सापेक्ष वर्तमान में 135-140 किग्रा प्रति हेक्टेयर तत्व के रूप में उर्वरक की खपत हो रही है। आज अनेक क्षेत्रों में कुछ फसलों में उर्वरकों का प्रयोग उनकी वास्तविक आवश्यकता से अधिक एवं असंतुलित होने की स्थिति है।

रासायनिक उर्वरकों का असंतुलित उपयोग आर्थिक अपव्यय के साथ साथ मिट्टी की आंतरिक संरचना को भी नुकसान पहुँचाता है। पौधे द्वारा रासायनिक तत्वों की अवशोषण क्षमता सीमित होती है। रासायनिक उर्वरकों एवं फसल सुरक्षा रसायनों के असंतुलित उपयोग से मानव एवं मृदा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से बचने हेतु भारत सरकार ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए परंपरागत कृषि विकास योजना तथा गो-आधारित प्राकृतिक खेती कार्यक्रम प्रारम्भ किए।

इन योजनाओं से अनेक किसानों ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाई। लेकिन लगभग 10-12 वर्ष पूर्व जैविक खेती की ओर बढ़े अनेक किसान बाद में निम्नलिखित व्यावहारिक कारणों से पुनः प्रचलित खेती करने लगे। 1. जैविक फ़सलोत्पादन का अलग न्यूनतम समर्थन मूल्य का न होना। 2. जैविक फ़सलोत्पादन में अधिक श्रम लगना। 3. परिवर्तन के प्रारंभिक वर्षों में मिट्टी की स्थिति, कीट एवं रोग नियंत्रण के कारण उत्पादन में उतार-चढ़ाव का जोखिम। 4. जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए उपयुक्त तथा प्रमाणित बीजों की उपलब्धता न होना।

5. जैविक फसलोत्पादन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया, लागत और आवश्यक औपचारिकताएँ कठिन होना।

प्राकृतिक खेती और जैविक खेती में मुख्य अंतर

प्राकृतिक खेती : बाहरी इनपुट पूर्णतः शून्य रहता है। मुख्यतः गोमूत्र, जीवामृत, घनजीवामृत आदि प्राकृतिक एवं स्थानीय संसाधनों का ही उपयोग होता है।

जैविक खेती : बाहरी जैविक इनपुट मान्य हैं। नीम ऑयल, जैव कीटनाशक, जैव उर्वरकों का प्रयोग होता है।

एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा एकीकृत कीट प्रबंधन कृषि पद्धतियाँ व्यावहारिक विकल्प हैं। ढूहरूमें मृदा परीक्षण के अनुसार कंपोस्ट, हरी खाद, जैव उर्वरक व संतुलित रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग होता है, जबकि ढूक्रूमें जैविक, यांत्रिक विधि व नीम ऑयल के साथ आवश्यकतानुसार कीटनाशी रासायनों का प्रयोग किया जाता है। आज आवश्यकता किसी एक कृषि पद्धति को पूर्णतः स्वीकार या अस्वीकार करने की नहीं, बल्कि ऐसी कृषि प्रणाली की आवश्यकता है जिसमे मानव स्वास्थ्य, उत्पादकता, मिट्टी का स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और किसान की आय-इन सभी के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके। इसी के दृष्टिगत प्राकृतिक खेती के अतिरिक्त किसानों के बीच एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा एकीकृत कीट प्रबंधन का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

ट्रैक्टर मिस्त्री को दूसरे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी,मौत

जालौन। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी शहंशाह (36) की सहाव मोड़ के पास ट्रैक्टर मिस्त्री की दुकान है। रविवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह दकान पर जाकर किसी किसान का ट्रैक्टर सही कर रहे थे। उसी समय सरावन कर ओर से एक अन्य ट्रैक्टर चालक अपना ट्रैक्टर लेकर वहां से निकल रहा था। तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े होकर काम कर रहे शहंशाह को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से शहंशाह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग निकला। सूचना तत्काल यूपी 112 को दी। मौके पर पहुंची एबुलेंस से घायल शहंशाह को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया। उरई ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

खबर एक नज़र



राम वन गमन, केवट संवाद व दशरथ मरण की मार्मिक लीला का हुआ मंचन

बांसी। रामलीला में राम वन गमन, केवट संवाद व दशरथ मरण की मार्मिक लीला का मंचन हुआ, जिसे देखकर दर्शक भाव-विभोर हो गए व उमड़े जनसैलाब ने लीला में चार चांद लगा दिए। कस्बा के श्री हनुमान जी टौरिया मंदिर मेला मैदान पर मंदिर समिति द्वारा स्थानीय कलाकारों के माध्यम से रामलीला का मंचन किया जा रहा है व पांचवें दिन की लीला में राजा दशरथ महर्षि वशिष्ठ को बुलाकर राम को राजा बनाने का शुभ मुहूर्त निकलवाते हैं व दासी मंथरा रानी कैकेयी के कान भरकर थाती में रखे दो वरदान मांगने को कहती है व रानी कोप भवन में चली जाती हैं और राजा दशरथ से भरत को राजगद्दी और राम को चैदह वर्ष का वनवास मांगती हैं व राम, लक्ष्मण और सीता सहित वनवास को चले जाते हैं व रास्ते में निषादराज गुह से भेंट होती है व गंगा किनारे पहुंचकर केवट से नाव मांगते हैं व केवट भगवान के चरण धोकर राम, लक्ष्मण व सीता को गंगा पार कराता है व भगवान राम उतराई के रूप में माता सीता की अंगूठी देते हैं तो केवट कहता है कि हमने आपको गंगा पार उतारा है, आप हमें भवसागर से पार उतारना व मंत्री सुमंत अयोध्या लौटकर जब राम के न लौटने का समाचार देते हैं तो राजा दशरथ राम-राम कहते हुए प्राण त्याग देते हैं व बचपन में 12 वर्ष तक रामलीला में राम का अभिनय करने वाले स्वर्गीय रामनारायण तिवारी के पुत्र कुलदीप तिवारी व उनके पौत्र, इसी वर्ष 'भारतीय विदेश सेवा आई.एफ.एस. में चयनित 'रजत त्रिपाठी' ने झांकी की प्रथम आरती कर 11 हजार रुपये का दान भेंट किया व लीला के मुख्य पात्रों में राम पार्थ रमाकांत गोस्वामी, लक्ष्मण नमन सत्येन्द्र बुंदेला, सीता अभिनव राजेश झा, दशरथ भाई जी, सुमंत्र रामकिशोर बबेले, कैकेयी सोनेजू बुंदेला, निषादराज भानसिंह, केवट जय सिंह, विश्वामित्र नीरज गंगेले सहित सुनील नामदेव, निमित गुप्ता, लक्ष्य झा, अनिल गुप्ता आदि शामिल रहे।

इलेक्ट्रिक ट्रक शामिल करने के लिए टाटा मोटर्स से किया समझौता

कानपुर। अमेज़न और टाटा मोटर्स ने आज भारत में अमेज़न के ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में 3,000 इलेक्ट्रिक ट्रक शामिल करने के लिए साझेदारी का ऐलान किया। भारत में किसी ई-कॉमर्स कंपनी की ओर से इलेक्ट्रिक ट्रकों की यह सबसे बड़ी तैनाती है। बेड़े के विद्युतीकरण को लास्ट-माइल डिलीवरी से आगे ले जाने की दिशा में यह अमेज़न का अब तक का सबसे अहम कदम है। ये ट्रक अमेज़न की फैसिलिटीज के बीच, अलग-अलग शहरों में और नेशनल फ्रेट कॉरिडोर पर ग्राहकों के शिपमेंट ले जाएंगे। टाटा इलेक्ट्रिक ट्रकों के पहले जत्थे को दिल्ली में एच.डी. कुमारस्वामी, भारी उद्योग और इस्पात मंत्री भारत सरकार, अभिनव सिंह वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशंस अमेज़न, एशिया-पैसिफिक, मिडिल ईस्ट, अफ्रीका और तुर्कीय किशोर लंका, डायरेक्टर ऑपरेशंस अमेज़न इंडिया सुशांत नाइक, ग्लोबल हेड और चीफकॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर टाटा मोटर्स और राजेश कौल, वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड टाटा मोटर्स ने अन्य गणमान्य लोगों के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अमेज़न के ऑपरेशंस वाइस प्रेसिडेंट अभिनव सिंह ने कहा अपने लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में इलेक्ट्रिक गाड़ियां शामिल करना 2040 तक नेट ज़ीरो कार्बन एमिशन हासिल करने के अमेज़न के लक्ष्य का अहम हिस्सा है। भारत में हम इस दिशा में काफी आगे बढ़े हैं और 500 से ज़्यादा शहरों में हमारी 15,000 से अधिक इलेक्ट्रिक गाड़ियां चल रही हैं। टाटा मोटर्स के साथ हमारी साझेदारी इस विजन को साकार करने की दिशा में अहम कदम है। अपनी-अपनी ताकतों को मिलाकर हमारी कोशिश है कि ज़्यादा से ज़्यादा रूट्स पर इलेक्ट्रिक ट्रकों की तैनाती तेज़ हो।

बीडीओ ने सरदार पटेल को किया नमन, आवास योजनाओं में तेजी लाने के दिये निर्देश



रामपुरा,(जालौन)। भारत के लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी रामपुरा प्रशांत कुमार यादव ने सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को याद किया।

इस दौरान प्रशांत कुमार यादव ने कहा कि देश की आजादी के बाद विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोने में सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके दृढ़ संकल्प, कुशल नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण के कारण ही उन्हें लौह पुरुष कहा जाता है। उनका जीवन देश की एकता, अखंडता, आपसी भाईचारे और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर बीडीओ ने मुख्यमंत्री आवास योजना से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित आवास सचिवों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों के खातों में आवास की दूसरी किस्त की धनराशि जल्द से जल्द भेजने की कार्रवाई पूरी की जाए तथा अधूरे पड़े आवासों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए। उन्होंने बताया कि एक सैकड़ा से अधिक लंबित आवासों की धनराशि भेजने के लिए संबंधित स्तर पर कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए हैं।

दीपावली पर्व को देखते हुए बीडीओ ने विकासखंड रामपुरा की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को गांवों की गलियों, सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख स्थानों पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा कचरे का समय से निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी



जालौन। तहसील क्षेत्र के ग्राम छानीखास स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न कानूनों जानकारी दी गयी ।

न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज जूनियर डिवीजन जावेद खान ने की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि न्यायिक तहसीलदार प्रतिभा पाल की उपस्थिति में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को मोटरवाहन अधिनियम, राजस्व, भारतीय न्याय संहिता की जानकारी दी गई। न्यायिक तहसीलदार प्रतिभा पाल ने ग्रामीणों को पेंशन योजनाओं, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना समेत तहसील स्तरीय कल्याणकारी योजनाओं और फ्लैग कोड की जानकारी दी। वहीं अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रांसजेंडर के हितों के लिए दी गई व्यवस्थाओं और थर्ड जेंडर के बारे में समझाते हुए कहा कि उन्हें समाज में उन्हें उपेक्षित न किया जाए। न्यायिक मजिस्ट्रेट जावेद खान ने ग्रामीणों को बताया कि कानून सभी के लिए समान है। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर कानून का सहारा लें। इस मौके पर अधिवक्ता रवि कुमार, अमित चैहान, अभिषेक श्रीवास्तव, यासीन बाबू, पीएलवी विपिन बुधौलिया, विजेंद्र बाबू आदि रहे।

राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में मेगा विधिक सहायता शिविर, 36 विभागों के स्टॉल, 2518 लाभार्थियों को सीधा लाभ

कालपी(जालौन)। राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई परिसर में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 36 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां 2518 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया। राजस्व, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, श्रम, बैंकिंग एवं महिला कल्याण सहित अनेक विभागों ने पंजीकरण, प्रमाणन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया सरल बनाकर सेवाएं उपलब्ध कराईं।



उरई : मेगा विधिक सहायता शिविर में मौजूद न्यायिक, प्रशाशनिक, पुलिस अधिकारी ।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नाटक के माध्यम से घरेलू हिंसा, बाल श्रम, शिक्षा का अधिकार तथा किसानों की समस्याओं जैसे ज्वलंत सामाजिक मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। एक मार्मिक प्रस्तुति में दिखाया गया कि किस प्रकार किसान मजबूरी में कर्ज लेता है और समय पर अदायगी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाता है। छात्रों ने संदेश दिया कि कानून गरीब, असहाय, महिला, बच्चे और किसान सभी के अधिकारों की रक्षा करता है।

जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता और न्याय का अधिकार देता है। अनुच्छेद 39(क) के तहत निःशुल्क विधिक सहायता का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की प्रताड़ना या अन्याय की स्थिति में विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर निःशुल्क सहायता प्राप्त करें। जिलाधिकारी समीर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों को प्रताड़ना से संरक्षण मिले। अवैध वसूली, धमकी या उत्पीड़न के मामलों में कठोर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार रावत ने कहा कि कानून व्यवस्था का मूल उद्देश्य आमजन को सुरक्षा, सम्मान और भयमुक्त वातावरण प्रदान करना है। घरेलू हिंसा, बाल श्रम, अवैध वसूली या प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं के नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक जागरूकता ही अपराध की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। अपर जिला जज प्रथम सतीश द्विवेदी ने कहा कि विधिक साक्षरता समाज को सशक्त बनाती है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनाली चंद्रा ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना तथा आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय नंद प्रताप ओझा, स्पेशल जज एससीएसटी सुरेश कुमार गुप्ता, स्पेशल जज डकैती चन्द्र मोहन चतुर्वेदी सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

कालपी बार संघ अध्यक्ष गयादीन अहिरवार की हत्या से मचा हड़कंप, कानपुर में मिला शव



गयादीन अहिरवार का फाइल फोटो

-कार सवार व्यक्ति के साथ गए थे अधिवक्ता, देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

कालपी(जालौन)। कालपी बार संघ के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार की अपहरण के बाद हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। उनका शव कानपुर के गुजैनी थाना क्षेत्र में मिलने की सूचना से कालपी के अधिवक्ता समाज और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। दिनदहाड़े अधिवक्ता को अपने साथ ले जाने और बाद में उनकी हत्या किए जाने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार दोपहर गयादीन अहिरवार किसी कार्य से उरई गए हुए थे। वहां से लौटकर वह रोडवेज बस से कालपी के दुर्गा मंदिर चैराहे पर उतरे। बताया जाता है कि चैराहे पर पहले से मौजूद एक व्यक्ति उन्हें अपनी कार में बैठाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता हुई। उनके पुत्र हर्ष मित्रा ने मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बंद मिला।

काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चलने पर पुत्र हर्ष मित्रा ने अधिवक्ताओं के साथ कालपी कोतवाली पहुंचकर पिता के लापता होने की सूचना दी और पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। इसी बीच कानपुर के गुजैनी थाना क्षेत्र में उनका शव मिलने की खबर आई, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अपहरण और हत्या के पहलुओं पर जांच तेज कर दी है। क्षेत्राधिकारी राजेश कमल ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। उन्होंने जल्द ही घटना का खुलासा करने की बात कही है।

गयादीन अहिरवार की हत्या की खबर मिलते ही कालपी के अधिवक्ताओं और परिचितों में शोक और आक्रोश का माहौल है। अधिवक्ता समाज ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में 320 परीक्षार्थियों ने लिया भाग'

कोंच(जालौन)। नगर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से दिन रविवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा का आयोजन किया गया नगर के एसआरपी इंटर कॉलेज में आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला।



उरई : योग्यता परीक्षा में परीक्षार्थी ।

परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया इसमें जालौन जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया परीक्षा के लिए कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 320 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया जबकि 160 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे इस प्रकार पंजीकृत परीक्षार्थियों में से दो-तिहाई विद्यार्थियों ने परीक्षा दी

एसआरपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आशीष पोरवाल की देखरेख में परीक्षा संपन्न कराई गई उन्होंने परीक्षा के दौरान विद्यालय में की गई

सकी इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी मानवेन्द्र सिंह अवमोचक के रूप में कमलेश निरंजन मैथिली निरंजन जितेन्द्र वर्मा एवं विजय वर्मा मौजूद रहे वहीं सचल दल में मंजू अग्रवाल और संगीता ने जिम्मेदारी संभाली इसके अलावा कक्ष निरीक्षक दीपचंद्र स्वर्णकार राजीव लोचन सीमा गुप्ता नीलू यादव सुमन निषाद एवं प्रवीणा कुमारी सहित अन्य अध्यापक भी परीक्षा व्यवस्था में सहयोग करते नजर आए।

युवक को तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी

जालौन। सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवका की गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च संस्थान रेफर किया गया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी बिलाल रविवार की दोपहर ब्लॉक गेट के सामने सड़क पार रहा था। सड़क पार करते समय उरई की ओर से एक बाइक सवार तेज रफ्तार से आ रहा था। बेकाबू बाइक चालक ने सड़क पार कर रहे बिलाल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बिलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, मौका पाकर बाइक सवार युवक बाइक लेकर मौके से भाग निकला। राहगीरों ने घायल युवक को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को उच्च संस्थान रेफर कर दिया।

11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आकर युवक गंभीर घायल'

कोंच(जालौन)। ग्राम लौना स्थित खेत में नीचे झूल रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आकर एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया झुलसे युवक को आनन फानन उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडीकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया हादसा उस वक्त हुआ जब युवक खेत में चलते समय खराब होकर खड़े हार्वेस्टर के ऊपर चढ़ा हुआ था

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चमेंड निवासी अनूप कुशवाहा उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र लाखन कुशवाहा के चाचा का हार्वेस्टर ग्राम लौना में रहने वाले फूफा रामअवतार कुशवाहा के खेत में खड़ी धान की फसल काटने के लिए शनिवार को ले जाया गया था खेत में चलते समय हार्वेस्टर का सेल्फ खराब हो जाने पर दिन रविवार की दोपहर अनूप मिस्त्री को लेकर खेत पर पहुंचा था बताया जा रहा है कि इसी दौरान अनूप हार्वेस्टर के ऊपर खड़ा हुआ था तभी नीचे की ओर झूल रही 11 हजार वाट की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में वह आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया हादसे के बाद घबराए परिजन एंबुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए पहले एक प्राइवेट नर्सिंग होम और फिर बाद में सीएचसी लेकर पहुंचे यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार हेतु मेडीकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया इस हादसे के बाद ग्रामीण इलाकों में नीचे झूल रहीं बिजली लाइनों की समस्या को लेकर विभागीय लापरवाही सामने आयी है।

नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री वर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



-राष्ट्रीय एकता दिवस व लौह पुरुष की जयंती पर उनके योगदान और आदर्शों को किया याद''

रामपुरा(जालौन)। भारत के लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर रामपुरा नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री ओमप्रकाश वर्मा ने सरदार पटेल के जीवन और देश के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश की विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोने का महत्वपूर्ण कार्य सरदार पटेल ने किया। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, दृढ़ संकल्प, साहस और समर्पण का प्रतीक है।

नगर अध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल के विचार और आदर्श आज भी देशवासियों को एकता, भाईचारे और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उनकी जयंती पर हमें देश की एकता और अखंडता बनाए रखने तथा समाज में आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने का संकल्प लेना चाहिए।

यातायात माह नवम्बर का हुआ शुभारम्भ

-जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने हरी झण्डी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को किया रवाना

-यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को किया गया जागरूक



ललितपुर। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात माह नवम्बर का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन से यातायात जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी तवारक हुसैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन एवं यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी सहित यातायात पुलिसकर्मियों एवं अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि यातायात नियमों का पालन स्वयं की सुरक्षा के साथ साथ सड़क पर चलने वाले अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है व वाहन चलाते समय सावधानी, संयम एवं जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार अपनाकर सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। पुलिस अधीक्षक द्वारा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने पर विशेष बल दिया गया व निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, नशे की अवस्था में वाहन न चलाने, सड़क पर बायीं ओर चलने तथा जल्दबाजी एवं लापरवाही से वाहन चलाने से बचने के संबंध में जागरूक किया गया व चैराहों एवं तिराहों पर आगे बढ़ने से पूर्व दायीं बायीं ओर देखकर मार्ग सुरक्षित होने पर ही आगे बढ़ने, बाइक से स्टंट न करने तथा प्रेशर हॉर्न एवं मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करने की अपील की गई व पैदल राहगीरों को सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने तथा वाहनों की आवाजाही देखकर सावधानीपूर्वक सड़क पार करने के प्रति भी जागरूक किया गया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन से यातायात जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया व रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनके नियमित पालन के लिए प्रेरित किया गया तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। 'ललितपुर पुलिस की अपील है कि सभी नागरिक यातायात नियमों का पालन करें व दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें व तेज गति, नशे एवं लापरवाही से वाहन न चलाएं तथा व यातायात नियमों का करें सम्मान, सुरक्षित रहें, सुरक्षित रखें हर जान व हेलमेट है जरूरी, न समझो इसे मजबूरी सावधानी हटी, दुर्घटना घटी सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का हुआ सफल आयोजन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो,

ललितपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार राजीव कुमार तृतीय, जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में तथा सुनील सिंह अपर जिला जज नोडल अधिकारी मेगा, वृहद शिविर, देवप्रिय सारस्वत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में कल्याण सिंह सभागार रामनगर में मेगा, वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राजीव कुमार तृतीय, जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राकेश वर्मा, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सत्यप्रकाश, जिलाधिकारी, संजीव कुमार बाजपेयी, पुलिस अधीक्षक, शेषनाथ चैहान मुख्य विकास अधिकारी यादवेन्द्र सिंह प्रथम अपर जिला जज प्रथम, मयंक जायसवाल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा कुल 40 जनहितार्थ स्टॉल लगाकर उपस्थित नागरिकों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। प्रमुख रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, पंचायती राज विभाग, बैंकिंग संस्थान, पुलिस विभाग, जिला प्रोबेशन कार्यालय तथा अन्य विभागों द्वारा



योजनाओं से संबंधित आवेदन, पंजीकरण एवं परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं व मेगा शिविर में जनपद न्यायाधीश द्वारा महिला एवं बाल विकास योजना के अन्तर्गत 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करायी गयी, जो आकर्षण का केन्द्र रहीं व शिविर में उपस्थित नागरिकों को निःशुल्क विधिक परामर्श प्रदान किया गया तथा उन्हें उनके अधिकारों, विधिक सहायता योजनाओं, लोक अदालत, पारिवारिक विवाद निस्तारण, महिला एवं बाल संरक्षण कानूनों तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया व इसके अतिरिक्त, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को विशेष रूप से लाभान्वित करने हेतु विभागीय अधिकारियों द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की गई व मेगा शिविर में लगभग 400 लाभार्थी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए। अध्यक्ष ने अपने उदबोधन में कहा कि न्याय केवल न्यायालय की चार दीवारी तक सीमित नहीं है ब्लकि न्याय की संकल्पना बहुत विशाल है व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय सुलभ कराना है तथा ऐसे शिविरों के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचाया जा रहा है व यह मेगा शिविर न्यायपालिका एवं कार्यपालिका का शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम पायेदान पर खडे व्यक्ति को जोड़ने का साझा प्रयास है। जिलाधिकारी द्वारा भी सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाष द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यह बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को विधिक सहायता प्राप्त करने में कठिनाई हो, तो वह जनपद न्यायालय में बने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में सम्पर्क कर सकता है व शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया व कार्यक्रम का संचालन श्रीमती राखी भदौरिया, सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वारा किया गया तथा देवप्रिय सारस्वत सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी विभागों एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन के समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहें।

खबर एक नज़र

श्रीमद्भागवत कथा का छठा दिनए शंकर.पार्वती विवाह और हनुमंत कथा सुन झूमे श्रद्धालु



स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा। ग्राम पंचायत मवई बुजुर्ग में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं चारों धाम पूजा का आयोजन बड़े श्रद्धा भाव से किया जा रहा है। कथा का आयोजन बिंदा प्रसाद शुक्ला एवं श्रीमती प्रेमलता शुक्ला के निवास पर हो रहा है।कथा के छठवें दिन रविवार को वृंदावन धाम से पधारीं भागवताचार्य पूज्य राधिका द्विवेदी ने अपने मुखारविंद से भगवान शंकर.पार्वती विवाहए हनुमंत कथा और रुक्मणी विवाह की कथा सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आप सभी को ज्ञात हो की

कथा वाचक ने जब ष्मेरे बजरंग बलीण्ण् लंका बता दियो कैसे जलीष् भजन सुनाया तो पंडाल में मौजूद महिला और पुरुष श्रद्धालु भक्तिभाव में झूम उठे। पूरे पंडाल में जय श्री राम के जयकारे गूंजते रहे।

कार्यक्रम के संरक्षक बलराम शुक्ला हैं। व्यवस्थापक के रूप में अजय शुक्लाए विजय शुक्लाए शीतलए प्रदीपए ललितए अमन यादवए पप्पू तिवारीए राजनारायण तिवारीए गोपी सिंहए विपिन शुक्लाए अंकुर सहित अन्य लोग व्यवस्था संभाल रहे हैं।

कथा स्थल पर कथावाचिका के सहयोग में अंतिमा शुक्लाए रोशनी यादवए लक्ष्मी यादव सहित अन्य सेवादार मौजूद रहे।

तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से पलटा आटोए दो लोग घायल

बांदा। शनिवार रात्रि करीब 8ण्30 बजे तिंदवारी.पपरेंदा संपर्क मार्ग पर पशु चिकित्सालय के आगे बने ब्रेकर के पास तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से ऑटो पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार दो लोग घायल हो गए।जानकारी के अनुसारए ऑटो तिंदवारी से पपरेंदा की ओर जा रहा थाए तभी पपरेंदा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर का कोना ऑटो से टकरा गया। टक्कर लगते ही ऑटो सड़क पर पलट गया। हादसे में असलम पुत्र कल्लू ;28 वर्षद्ध और देवकुमार ;41 वर्षद्धए निवासी ग्राम मिरगहनीए घायल हो गए।मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को पास में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी पहुंचायाए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। वहींए टक्कर मारने वाला डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

लाखों रुपए बरबाद फिर भी खंभे बने शो पीसएबिजली विभाग बना अंजान



. हैंड ओवर न होने को बात पर पल्ला झाड़ रहा है विभाग

. खंभे टूटेएतार चोरी और एंगल चोरी कर ले गए चोर

. जिम्मेदारों ने नहीं ली जिम्मेदारी

बांदा। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी खंभे शो पीस की तरह खड़े हैं। और चोरों ने उस पर अपना हाथ भी साफ कर लिया लेकिन किसी ने इस पर कोई लिखित सूचना पुलिस को नहीं दी। 6 किलो मीटर लंबी लाइन जिसमें 11 हजार बोल्ट आपूर्ति की जानी थी लेकिन उसमें विभाग ने उदासीनता दिखाते हुए मौन धारण किया हुए है।

मामला खुराहंड पावर हाउस के अंतर्गत महुआ नहर से निवादा नहर से बड़ोखर बुजुर्ग नहर के किनारे किनारे लगभग 6 किलो मीटर लंबी लाइन खंभे सहित डाली गई थी। जो कि लगभग दो वर्ष पहले जिसमें लगभग 30 लाख रुपए की लागत राशि के तहत निजी नलकूप और कई योजनाओं के लिए ये लाइट डाली गई थी। लेकिन लाइन पड़े हुए दो वर्ष बीत गए लेकिन आज तक इसमें बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी। जिसके चलते कुछ तो खंभे टूट गएएकही कहीं तो तार तक चोर काट ले गए और साथ ही एंगल भी चोरों ने पार कर दिया। लेकिन आज तक विभाग में इसमें न तो पुलिस को सूचना दी और हाल ये हो गए कि लाखों रुपए पानी में बह गए और ये उदासीनता बिजली विभाग के अधिकारियों की है। जबकि इस संबंध में उप खंड अधिकारी सुभाष चंद्र नरैनी ने बताया कि मैं अभी दो माह पहले यहां आया हूं मुझे जानकारी नहीं है। मै जानकारी करके इसको दिखवाता हूं। अरविंद कुमार द्विवेदी का कहना है कि सरकार लाखों रुपए जनता को बेहतर सुविधा देने के लिए लगा रही है लेकिन ठेकेदार और विभाग अपनी जिम्मेदारी से काम ही नहीं करते है। राजू का कहना है कि वैसे तो विभाग कहेगा कि बजट का अभाव है और लाइट नहीं डाली जा सकती है। लेकिन जब लाइन पहले से पड़ी हुई है तो इसमें बिजली आपूर्ति क्यों नहीं की गई।

पैलानी जसपुरा के तीन स्वास्थ्य केंद्रों पर लगा मुख्यमंत्री आरोग्य मेला

बांदा। रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा क्षेत्र के अंतर्गत तीन नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों गड़रियाए सिंधनकला और चंदवारा में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉण् दीपक कुमार के निर्देशन में आयोजित मेलों में कुल 78 मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

स्वास्थ्य मेले में पहुंचे पुरुषोंए महिलाओं और बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। चिकित्साधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों को निःशुल्क परामर्शए उपचार और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक भी किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गड़रिया में 21ए सिंधनकला में 17 और चंदवारा में सर्वाधिक 40 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।चंदवारा स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्साधिकारी डॉण् सुमन देवीए फार्मासिस्ट महेंद्र सिंह उत्तम और लैब टेक्नीशियन अखिलेश सिंह गौतम ने स्वास्थ्य सेवाएं दीं। सिंधनकला में फार्मासिस्ट प्रदीप सिंह मौजूद रहे। वहीं गड़रिया स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट प्रदीप दीक्षित और लैब टेक्नीशियन विवेक त्रिपाठी ने मरीजों को सेवाएं प्रदान कीं।सीएचसी अधीक्षक डॉण् दीपक कुमार के निर्देशन में आयोजित आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर और निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

फेस्टिवल में बिज़नेस के लिए आखिरी पलों के फेस्टिव डील्स

कानपुर। दिवाली के नज़दीक आने के साथ, बिज़नेस इस अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में विभिन्न प्रोक्योरमेंट श्रेणियों में अमेज़न बिज़नेस पर आख़िरी पलों के डील्स का पूरा लाभ उठा सकते हैं। लैपटॉप, टेलीविज़न और एयर कंडीशनर से लेकर ऑफिस, फर्नीचर, सप्लाइज़ और लाइटिंग तक बिज़नेस ग्राहक एमआरपी पर 84प्रतिशत तक की छूट के साथ-साथ योग्य बल्क ख़रीद पर अतिरिक्त छूट भी पा सकते हैं। बिज़नेस ग्राहक अपनी त्योहारी ख़रीद पर विभिन्न श्रेणियों में इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट और ,99 रुपये तक का अतिरिक्त कैशबैक भी प्राप्त कर सकते हैं। अमेज़न बिज़नेस ग्राहकों के लिए आखिरी पलों के डील्स में शामिल हैं: गेमिंग और बिज़नेस लैपटॉप सहित लैपटॉप पर 33प्रतिशत तक की छूट। टेलीविज़न और एयर कंडीशनर पर 49प्रतिशत तक की छूट। एर्गोनोमिक और स्टडी चेयर सहित ऑफिस, फर्नीचर पर 84प्रतिशत तक की छूट, साथ ही 11प्रतिशत तक का अतिरिक्त बल्क डिस्काउंट।

टू व्हीलर्स की बिक्री में 6 गुना की भारी बढ़ोतरी

कानपुर। अब पहले से कहीं ज़्यादा ग्राहक अमेज़न.इन पर अपने पसंदीदा टू-व्हीलर के बारे में रिसर्च कर रहे हैं, उनकी तुलना कर रहे हैं और उन्हें घर बैठे खरीद रहे हैं। ग्राहकों के बीच चेतक और एम्पीयर जैसे ईवी ब्रांड्स, हीरो मोटोकॉर्प और बजाज ऑटो जैसे भरोसेमंद भारतीय ब्रांड्स और ट्रायम्फ व केटीएम जैसे प्रीमियम इंटरनेशनल ब्रांड्स सबसे लोकप्रिय विकल्प बनकर उभरे हैं, जो यह दिखाता है कि टू-व्हीलर खरीदार अब तेज़ी से ऑनलाइन शॉपिंग की तरफ बढ़ रहे हैं। अमन दीप लोहान, डायरेक्टर होम, किचन एंड आउटडोर्स अमेज़न इंडिया ने इस सफलता पर कहा टू-व्हीलर्स के लिए यह अब तक का सबसे रोमांचक अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल रहा है। पहले से कहीं ज़्यादा ग्राहक अमेज़न.इन पर अपनी पसंद की बाइक के बारे में रिसर्च और तुलना करके खरीदारी की शुरुआत कर रहे हैं और इस फेस्टिव सीज़न में यह ट्रेंड बहुत तेज़ी से आगे बढ़ा है। हमारा पूरा ध्यान उन चीज़ों पर रहा है, जो ग्राहकों के लिए सबसे ज़्यादा मायने रखती हैं। हाल ही में हमने टीवीएस मोटर, फ्लाइंग फ्ली और अल्ट्रावॉयलेट जैसे ब्रांड्स को भी अपने साथ जोड़ा है।

एएसपी ने किया यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान माह नवम्बर का शुभारम्भ

. पूरे नवम्बर माह तक चलेगा जागरुकता अभियान



स्वतंत्र भारत ब्यूरो,बांदा। प्रदेश शासन की मंशा के अनुरुप सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा लोगों में यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज जनपद बांदा में श्यातायात सुरक्षा जागरकता माह नवम्बर.2026श् को शुभारम्भ किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा महाराणा प्रताप चौक बांदा पर फीता काटकर यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान का किया गया । तथा क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री प्रतिज्ञा सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाते हुए यातायात सुरक्षा जागरुकता रैली को रवाना किया गया । कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा जागरुकता अभियान के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया जायेगा जिसमें बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन न चलानेए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलानेए चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगानेए ओवर स्पीड में वाहन न चलानेए शराब पीकर वाहन न चलाने तथा अपनी लेन में चलने आदि के संबंध में जागरुक किया जायेगा । कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र.छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई । रैली में भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेजए सेंट जेवियर इंटर कॉलेजए सेंट जॉर्ज इंटर कॉलेज एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू डिग्री कॉलेज के छात्र.छात्राओं ने बढ़.चढ़कर उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई । विशेष रूप से छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अभियान में भाग लेते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी जागरूकता एवं सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया । इस दौरान छात्र.छात्राओं द्वारा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता टेम्पलेट वितरित किए गए तथा लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई । अधिकारियों द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि जनपद में आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की दुखद मृत्यु हो जाती है ऐसे में हम सबको साथ मिलकर यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना होगा । लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया जायेगा यदि फिर भी लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी । इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात प्रतिज्ञा सिंहए क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सिंहए क्षेत्राधिकारी बबेरू कृष्णकान्त त्रिपाठीए क्षेत्राधिकारी अतर्रा अमरनाथ गुप्ता सहित पुलिस अधिकारीध्कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे ।

पुलिस अभिरक्षा से फरार हुआ पाक्सों एक्ट का आरोपी



-लापरवाही पर कर्मियों पर मुकदमा

अतर्रा बांदा। लड़की भगा कर ले जाने का आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया है और लापरवाही के मामले में भी कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।

बांदा जिले के बिसंडा थाने में नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप में गिरफ्तार मलखान यादव 1 नवंबर की सुबह पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी सहित फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ थाना बिसंडा में मुकदमा संख्या 172ध्26 दर्ज है। पुलिस के अनुसारए आरोपी को थाने में निगरानी में रखा गया था और रविवार को न्यायालय में पेश किया जाना था।

हथकड़ी की रस्सी खोलकर थाने से निकला आरोपी पुलिस के मुताबिकए मलखान यादव देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव का निवासी है। वह करीब एक माह पहले एक किशोरी को लेकर गांव से फरार हुआ था। पुलिस ने किशोरी और आरोपी को बरामद कर लिया था। किशोरी का चिकित्सकीय परीक्षण और बयान कराया जाना थाए जबकि आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी थी। शनिवार की रात आरोपी को बिसंडा थाने में हथकड़ी लगाकर निगरानी में रखा गया था। इसी दौरान मौका पाकर वह हथकड़ी की रस्सी खोलकर फरार हो गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को घटना की जानकारी होने पर अधिकारियों को सूचित किया गया।क्षेत्राधिकारी बबेरू कृष्णकांत त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी के फरार होने की सूचना मिलते ही थाना पुलिसए एसओजी और सर्विलांस टीमों को उसकी गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है। पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। सीओ बबेरू कृष्णकांत त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। आरोपी की जल्द गिरफ्तारी कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मलखान यादव के विरुद्ध थाना बिसंडा में मुकदमा संख्या 172ध्26 दर्ज है। पुलिस के अनुसारए आरोपी को नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। फरारी के बाद उसकी तलाश के लिए विभिन्न टीमों को सक्रिय किया गया है। सीओ कृष्णकांत त्रिपाठी ने कहा कि आरोपी के पुलिस अभिरक्षा से फरार होने के मामले में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के विरुद्ध भी अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसारए घटना की जांच और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई जारी है।

जानवर बांधने के विवाद में भिड़े दो पक्षए मुकदमा दर्ज

बांदा। चबूतरे में जानवर बांधने को लेकर हुए पारिवारिक विवाद में मामला इतना तूल पकड़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष से चाचा एचेचेरी बहन एवं उसके पति को लाठी डंडो से पीटकर लहूलुहान कर दिया । चचेरी बहन अभिलाषा पुत्री राजन ने चाची ममता सहित चचेरे भाई रमेश उर्फ बच्चा एअवधेश एवं उसकी पत्नी विनीता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है ।

बदौसा थानांतर्गत ग्राम हडहा माफी के अंश डाकिया के पुरवा निवासी राजन यादव की बेटी अभिलाषा ने शनिवार की दोपहर पुलिस को दी गई तहरीर में अवगत कराया कि शनिवार की सुबह चाची ममता चबूतरे में जबरदस्ती जानवर बांध रही थी । मेरे पिता राजन ने चबूतरे में जानवर बांधने का विरोध किया तो वह गाली गलोज करने लगी । मेरे द्वारा पिता को घर के अंदर ले आने के बाद चाची भतीजा रमेश एवं अवधेश पुत्रगण रामस्वरूप तथा अवधेश की पत्नी विनीता के साथ हाथों में लाठी डंडा लेकर दरवाजे में पहुंच कर गाली देते हुए पिता राजन एमुझे एवं मेरे पति को पीट कर लहूलुहान कर दिया । पीड़िता ने आरोप लगाया कि मेरे पिता को कई बार जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि तहरीर पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है । जांच उपनिरीक्षक रवींद्र कुमार पांडेय कर रहे है ।

2027 चुनाव में दुनिया की कोइ ताकत भाजपा को नहीं हरा सकती-जगदीश पटेल

.. भाजपा काम के दम पर लड़ेगी आगामी विधानसभा चुनाव

.. बूथ कार्यकर्ता ही भाजपा की मजबूत जड़



स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बाँदा । भाजपा जिला कार्यसमिति की मण्डल स्तरीय कार्यशाला पार्टी जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह प्रभारी जगदीश भाई पटेल ने अपने उदबोधन में कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 भाजपा अपने किये गये विकास कार्यों के बल पर लड़ेगी स लेकिन चुनाव जीतने में बूथ कार्यकर्ता की महत्व भूमिका होगी स बूथ का कार्यकर्ता ही पार्टी की जड़ है उनकी मेहनत अंगद के पाँव मजबूत करने का कार्य करेगी स बूथ का कार्यकर्ता ही चुनाव जिताने का कार्य करता है स चुनाव का रिजल्ट उन्हीं के हाथ में है पार्टी कार्यकर्ता की ताकत से ही प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी स आप सभी को ज्ञात हो की राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों में कानून व्यवस्था ध्वस्त थी बहू बेटियों को घर के बाहर निकलना दुर्लभ था। लेकिन भाजपा की सरकार में रात 12 बजे भी महिलायें अकेले घर के बाहर आ जा सकती हैं स भाजपा ने अभी तक के कार्यकाल में जो काम किये हैं वह पिछली सरकारों ने नहीं किये स उन्होंने कहा कि भाजपा ने इतने विकास कार्य कराये हैं कि दुनिया की कोई ताकत उसे 30 साल तक हरा नहीं सकती और आगामी 2027 के उत्तर प्रदेश चुनाव में भाजपा की सरकार बनेगी स उन्होंने पार्टी की मजबूती के लिए सगठन की संरचना बनाकर बूथों को सशक्त बनाने पर बल दिया स कार्यशाला को जिला प्रभारी संत बिलास शिवहरे ने भी सम्बोधित किया स एवं जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने आभार व्यक्त किया स कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश नाथ दीक्षितए श्रँग ऋषिए जिला प्रभारी महोबा इंद्रपाल सिंह पटेलए क्षेत्रीय मंत्री विनोदए सुधीर कुशवाहाए अमित सेठ भोलूए उत्तम सक्सेनाएप्रभा गुप्ताए वन्दना गुप्ताए रीता गुप्ताए निर्मला गौतमए प्रेम नारायण पटेलए निखिल सक्सेनाए दुर्गा चौरसियाए आनंदी साहूए ओम प्रकाश गौतमए पंकज रैकवार सहित बाँदाए चित्रकूट एवं महोबा के जिला प्रभारी एवं प्रवासीए जिला पदाधिकारीए मण्डल अध्यक्ष मौजूद रहे ।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रंजन सिंह को विभागीय कर्मचारी अधिकारियों एवं मां तथा परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में विदाई समारोह हुआ संपन्न



महोबा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रंजन सिंह का कार्यकाल व्यवहार कुशल सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा उनके सेवानिवृत्त हो जाने पर विभाग एवं क्षेत्रीय जनता की आंखें नम है विदाई समारोह पर विकास भवन में तैनात अधिकारी कर्मचारी काफी संख्या में मौजूद रहे सूत्रों ने बताया कि जो भी पशुपालक आम जनता मीडिया बंधु अधिकारी कर्मचारी इन से मुलाकात के लिए कार्यालय में पहुंचते थे वह बहुत ही अच्छा महसूस करते थे और इन्होंने जिले में पशुओं के सेवा के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ी गर्मी के मौसम तेज धूप पर भी अधिकारियों के साथ गौशालाओं का निरंतर निरीक्षण करते देखे गए तथा वहां पर तैनात पशु सेवकों को निर्देश देते हुए यही बताया है कि गौ सेवा प्राणी सेवा ही मानव का सबसे बड़ा धर्म है इसलिए उनकी सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रंजन सिंह बहुत ही धार्मिक पूजा अर्चना गरीबों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते थे ईश्वर की सेवा में हमेशा आगे रहते थे विदाई समारोह पर विभागीय कर्मचारी और सीडीओ बलराम सिंह द्वारा फूल माला पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया तथा तत्पश्चा उन्हें सभी ने प्रसन्न मन से सेवानिवृत्त की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से प्रार्थना कर कहा कि आप सदैव स्वस्थ रहें।

राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में हुआ मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन

- 46564 लोगों को मिला योजनाओं का लाभ



स्वतंत्र भारत ब्यूरो,

चित्रकूट- उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार पंचम की अध्यक्षता में आयोजित शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। विभिन्न विभागों की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र और आवश्यक उपकरण वितरित कर लाभान्वित किया गया।

शिविर से पहले जिले में विभिन्न विभागों की ओर से 503 प्री-कैंप आयोजित किए गए थे। मेगा शिविर में बेसिक शिक्षा विभाग ने 54 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं दिव्यांग बच्चों को उपकरण उपलब्ध कराए। आवास योजनाओं के तहत 34 लोगों को स्वीकृति पत्र, दिव्यांग कल्याण विभाग ने 23 लोगों को हेलमेट सहित ट्राइसाइकिल तथा कृषि विभाग ने 11 किसानों को उपकरण और बीज वितरित किए। इसके अलावा सात लोगों को सोलर पैनल की स्वीकृति, 12 को वरासत की खतौनी और 10 परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए सहायता दी गई। महिला एवं बाल कल्याण, पिछड़ा वर्ग, पशुपालन, उद्योग, खाद्य एवं रसद, रेशम, दुग्ध विकास और बैंकिंग विभागों ने भी विभिन्न योजनाओं के लाभ प्रदान किए। जल जीवन मिशन के तहत 25 घरों में जल संयोजन कर प्रमाण पत्र दिए गए। पुलिस विभाग ने सर्विलांस की मदद से बरामद आठ मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे और सड़क सुरक्षा के लिए आठ हेलमेट वितरित किए। प्री-कैंप और मुख्य शिविर को मिलाकर कुल 46,564 लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया।

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राकेश कुमार यादव, प्रथम अपर जिला जज राहुल मिश्रा, अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी अनुराग कुरील, विशेष न्यायाधीश गीता सिंह, रेनू मिश्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती, सिविल जज (सीडि) सचिन कुमार दीक्षित, अश्वनी कुमार उपाध्याय, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्णिका शुक्ला, अपर सिविल जज (सीडि) अंशुमान यादव, सिविल जज (जूडि) विदिशा भूषण, एस.आनन्द, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर विरेश कुमार सोनकर, सिविल जज मजिस्ट्रेट प्रथम सृष्टि शुक्ला, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अभिनव कुमार दुबे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चैधरी पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित न्यायिक अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

विद्युत मजदूर संघ ने बैठक कर की संविदा कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा



स्वतंत्र भारत ब्यूरो,

चित्रकूट- उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ की जिला पंचायत परिसर में रविवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रामप्रकाश रैकवार ने की। बैठक में विद्युत विभाग के निविदा एवं संविदा कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए प्रदेश सरकार की ओर से आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के फैसले का स्वागत किया गया। साथ ही जिले में संविदा कर्मियों की वेतन वृद्धि और पूर्व में छंटनी किए गए कर्मचारियों की बहाली जल्द कराने की मांग उठाई गई।

बैठक में प्रदेश मंत्री आशीष पांडेय ने कहा कि सरकार का यह फैसला स्वागत योग्य है। इससे लंबे समय से कम मानदेय पर काम कर रहे कर्मचारियों को सम्मानजनक जीवनयापन का अवसर मिलेगा। हालांकि चित्रकूट में अभी तक संविदा कर्मियों की वेतन वृद्धि को लेकर कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिली है। अधिकारियों को इस संबंध में जल्द स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले के विद्युत विभाग में वर्तमान में 306 लाइनमैन, 112 मीटर रीडर, 31 कंप्यूटर ऑपरेटर और 72 एसएसओ सहायक कार्यरत हैं। कर्मचारियों को उम्मीद है कि सरकार की घोषणा जल्द लागू होगी, जिससे दीपावली पर उनके जीवन में भी खुशियों का उजाला आएगा।

मीटर रीडर सुपरवाइजर जीके मौर्य ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद निगम ने छंटनी किए गए संविदा कर्मियों को वापस लेने का निर्णय लिया है, लेकिन चित्रकूट में अभी तक कर्मचारियों की बहाली नहीं हुई है। उन्होंने निष्पक्ष तरीके से संगठन के माध्यम से सभी प्रभावित कर्मचारियों को वापस लेने की मांग की। बैठक में सती दीक्षित, सुशील चंद्र जोशी, राम अभिलाष पाल, हरिओम साहू, हनीफ सौदागर, निर्भय शुक्ला, शिवांशु पांडेय, राजकुमार प्रजापति, राजकुमार पाल, बबलू, रामचंद्र गुप्ता, राहुल, रईस सिद्दीकी, ओमप्रकाश, धर्मेंद्र यादव, मिथिलेश, राजा साहू, फिरोज खान, आलोक सिंह और शिवशरण सहित बड़ी संख्या में संविदा कर्मी मौजूद रहे।

नवीन कलेक्ट्रेट सभागार मेंराष्ट्रीय एकता दिवस पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई गई जयंती



महोबा। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सहित जनपद के समस्त सरकारी विभागों में लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद करते हुए नमन किया । कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व इंद्र नंदन सिंह द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया एवं कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकताए अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। सभी ने देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा राष्ट्र की एकता और आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारीध् कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जनपद में श्रन फॉर यूनिटीश् ;एकता दौड़द्ध का आयोजन किया गयाए जिसमें छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। दौड़ के माध्यम से विद्यार्थियों ने देश की एकताए अखंडताए भाईचारे एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान एवं देश की एकता अखंडता को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया गया ।

फतेहपुर समाचार

स्वतंत्रता सेनानी शहीद केसरी चंद्र की मनाई गई जन्म जयंती



- हिंदू महासभा ने उनके व्यक्तित्व पर की चर्चा

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। अखिल भारत हिन्दू महासभा जिला इकाई की मासिक बैठक कैंप कार्यालय में जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में देश के महानायक शहीद केसरी चंद्र की जन्म जयंती मनाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने वीर केसरी चंद्र के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने देश की आजादी के लिए ब्रिटिश भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट की नौकरी से त्यागपत्र देकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आह्वान पर आजाद हिंद फौज में शामिल होकर अंग्रेजों से लोहा लिया था। उन्हें 3 मई 1945 को फांसी दी गई थी, और उनके इस महान बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिला प्रवक्ता स्वामी राम आश्रय आर्य ने भी उनके जीवन और संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि 3 नवंबर को राम-भरत मिलाद पर हरिहरगंज में संगठन की ओर से कैंप लगाकर व्यवस्थाएं संभाली जाएंगी। इस अवसर पर जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, ब्रम्हेश तिवारी, करण सिंह पटेल, अनमोल शुक्ला, गौरीशंकर, अर्जुन प्रसाद वैद्य, बुद्धलाल चैरसिया, प्रकाश द्विवेदी, संतोष नेता और रामनरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

यातायात माह का आगाज

डीएम और एसपी ने दिलाई शपथ, जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को यातायात माह नवंबर का शुभारंभ किया गया। तांबेश्वर चैराहे पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इसके बाद जिलाधिकारी ने एनसीसी के छात्र-छात्राओं की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यातायात नियमों का पालन कर सड़क हादसों में होने वाली जनहानि को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि यातायात माह का उद्देश्य केवल नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट के इस्तेमाल, नियंत्रित गति से वाहन चलाने और यातायात संकेतों का पालन करने का संदेश दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), मुख्य चिकित्साधिकारी, सीओ सिटी गौरव शर्मा, सीओ यातायात बृजमोहन राय, सीओ दुर्गेशन्धी, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रतीक मिश्रा, व्यापार मण्डल अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, समाजसेवी अशोक तपस्वी और प्राइवेट बस एसो. के अध्यक्ष फरहत अली सिद्दीकी उपस्थित रहे।

मेगा शिविर में जरूरतमंदों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ



- जिला जज ने बांटे प्रमाण-पत्र

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जरूरतमंदों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने और उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को प्रेक्षागृह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मेगा शिविर का आयोजन किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 03 हजार से अधिक लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ वितरित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पलाश गांगुली, मुख्य चिकित्साधिकारी और जिला विकास अधिकारी सहित समस्त न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री युवा योजना और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

इसके साथ ही, चिकित्सा विभाग की ओर से शिविर में पहुंचे लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया गया।

विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर पहुंचे लोगों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्राधिकरण के सचिव पलाश गांगुली ने सहयोग करने वाले सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह शिविर न्याय पालिका, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के बीच बेहतरीन समन्वय और सामंजस्य का एक अनूठा उदाहरण साबित हुआ।

- पासी जन जागृति संघ की बैठक

शिक्षा, एकजुटता और सामाजिक जागरूकता पर दिया गया जोर

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। पासी जन जागृति संघ की एक आवश्यक बैठक रविवार को खागा स्थित ओम साई राम श्री राम हायर सेकेंडरी स्कूल में मनोज कुमार की अगुवाई में आयोजित की गई। बैठक में पासी समाज की वर्तमान स्थिति, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, संगठन और अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और वक्ताओं ने समाज को शिक्षित, संगठित व जागरूक बनाने पर जोर दिया।

बैठक में पूर्व डीआईजी रामतीर्थ परमहंस ने कहा कि समाज के अंदर फैली अशिक्षा को दूर करना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। जब तक समाज शिक्षित और जागरूक नहीं होगा, तब तक अपने हक और हुकूक की लड़ाई मजबूती से नहीं लड़ी जा सकती। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों और संविधान की पूरी जानकारी होनी चाहिए, तभी अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा की जा सकती है। मन्नू पासी ने समाज के महापुरुषों के संघर्ष और योगदान को याद किया। कानपुर से आए जगतपाल ने कहा कि किसी भी समाज की ताकत उसकी एकता और संगठन में होती है, इसलिए आपसी मतभेदों को पीछे छोड़कर सभी को समाजहित के मुद्दों पर एक मंच पर आना होगा। उन्होंने युवाओं से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मनोज कुमार, मुकेश पत्रकार, धीरेंद्र बहादुर एड., डॉ. हेमेंद्र बहादुर, राजकरन राजवंशी, इंद्रसेन पासी, राजेश पासी, ऊधम पासी, सुमेर, राजेंद्र सिंह, राजबहादुर, आशीष कुमार, विजय कुमार और तेज प्रकाश आदि मौजूद रहे।

पीईटी परीक्षाओं की शुचिता परखने के लिए डीएम और एसपी ने किया केंद्रों का सघन निरीक्षण

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क है। रविवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त भ्रमण कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, परीक्षार्थियों के प्रवेश और तलाशी प्रक्रिया का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को शासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को ब्रीफ करते हुए निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाए। केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ किसी भी अनधिकृत व्यक्ति या अनावश्यक भीड़ को एकत्र न होने देने के निर्देश दिए गए। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पीईटी परीक्षा को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

विहिप और बजरंग दल ने हुतात्मा दिवस पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रविवार को हुतात्मा दिवस मनाते हुए जिला अस्पताल में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। बजरंग दल के प्रांतीय संयोजक और मुख्य चिकित्साधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। प्रांतीय संयोजक आचार्य अजीत राज ने कहा कि यह दिवस उन वीर शहीदों को समर्पित है जिन्होंने प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

मुख्य चिकित्साधिकारी उदय भान सिंह ने शिविर का शुभारंभ करते हुए बजरंग दल के इस सराहनीय और मानवीय कार्य की प्रशंसा की। शिविर में लगभग आधा सैकड़ा युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर विहिप के जिलाध्यक्ष संतोष विनायक, स्वरूप विश्वकर्मा, लोकेश गुप्ता, संजीव अग्रवाल, शैलेश सिंह, शैलेश श्रीवास्तव, महेश प्रजापति, सतीश, मनमोहन साहू, राजेंद्र सिंह, बच्चू मौर्य, अमित कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, गुलाब सिंह, निखिल गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, सुमित सोनी, शानू सिंह, मोनू सोनी, अनुराग अग्रहरि, विनय सरकार और रवि गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

दिव्यांगों और निराश्रित महिलाओं को बांटी दीपावली की खुशियां

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। डॉ. सत्य नारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजन में जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटने की विशेष पहल शुरू की गई है। रविवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं उत्तर प्रदेश कार्यकारी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने अछवां सूबेदार का पुरवा, राधानगर पश्चिमी और बिल्लिका कोरिया में 16 चिन्हित अति जरूरतमंद दिव्यांगों, वृद्धजनों और निराश्रित महिलाओं को दीपावली की आवश्यक सामग्री वितरित की। घर-घर हो खुशहाली, हर कोई मनाए दीवाली÷ के संदेश के साथ 01 नवंबर की सुबह आयोजित इस अभियान में जरूरतमंदों को लाई, गट्टा, पट्टी, मिठाई और मोमबत्तियां देकर त्योहार की खुशियों में शामिल करने का प्रयास किया गया। डॉ. अनुराग ने कहा कि सभी उत्सव एकता और खुशियों का संदेश देते हैं, और दीपावली पर समाज के हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शहर के सभी वार्डों में चिन्हित जरूरतमंद परिवारों तक दीपावली की सामग्री पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि कोई भी व्यक्ति त्योहार की खुशियों से वंचित न रहे। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि विवेक नागर, जबर सिंह, अभिनव श्रीवास्तव और चैतन्य कुमार आदि उपस्थित रहे।

भाजपा को सिर्फ मायावती ही दे सकती हैं शिकस्त- डॉ. रिजवी

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश की सत्ता में बदलाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी के समर्थन में भारतीय मुस्लिम मंच ने अपनी राजनीतिक मुहिम तेज कर दी है। मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. मुमताज आलम रिजवी ने शहर आगमन पर जिला प्रभारी कारी वसीम दानिश सिद्दीकी के नेतृत्व में हुए स्वागत के दौरान दावा किया कि यदि भा.ज.पा. को कोई पराजित कर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन ला सकता है, तो वह केवल बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती हैं।

डॉ. रिजवी ने कहा कि यह गलत धारणा बना दी गई है कि मुस्लिम समाज समाजवादी पार्टी के साथ है और बसपा के साथ नहीं, जबकि मायावती सरकार में अल्पसंख्यक समाज के लिए हज हाउस का निर्माण, अल्पसंख्यक आयोग व वित्त विकास निगम का गठन, मुस्लिम छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति, 350 मदरसों का आधुनिकीकरण और हजारों उर्दू शिक्षकों व अनुवादकों की नियुक्तियां जैसे ऐतिहासिक कार्य हुए। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है और विकास कार्यों के मुकाबले सिर्फ कागजी दावे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य 2027 में कुमारी मायावती को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री और 2029 में देश का प्रधानमंत्री बनाना है। इस मौके पर कारी वसीम, दानिश सिद्दीकी, गुलशेर अहमद, फिरोज सिद्दीकी उर्फ भाईजान, क्यामुद्दीन गुल, मो. आसिफ एड. और रंजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

काव्य और सृजन की त्रिवेणी- शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की 461वीं रविवासरीय गोष्ठी संपन्न

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 461वीं साप्ताहिक रविवासरीय काव्य गोष्ठी के.पी. सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं डॉ. शिवसागर साहू के संचालन में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के पुजारी विजय कुमार शुक्ल उपस्थित रहे। वाणी वंदना से आरंभ गोष्ठी में अध्यक्ष के.पी. सिंह कछवाह ने पढ़ा- सरस्वती मां, आइए, हम सब करें पुकार। कविता का रस-छंद से, हो अनुपम श्रृंगार।। साथ ही सरदार पटेल पर रचना प्रस्तुत की- शिल्पी नूतन राष्ट्र के, थे सरदार पटेल। रियासतों का देश में, करवाया था मेल।। सृजन क्रम में डॉ. सत्य नारायण मिश्र ने पढ़ा- इस मृत्यु लोक का नियम यही, परिवर्तन ही परिवर्तन है। यदि परिवर्तन से विमुख मनुज, जड़वत ही उसका जीवन है।। राम अवतार गुप्ता ने कहा- लौहपुरुष सरदार को, पूजे सब संसार। सत्कर्मों की ही सदा, होती जय-जयकार।। वहीं प्रदीप कुमार गौड़ ने पाठ किया- रामचरितमानस सबको, जीवन का मर्म बताता है। क्या, किसका दायित्व, धर्म क्या, जन-जन को सिखलाता है।। संचालक डॉ. शिवसागर साहू ने सुनाया- अधिक ताप सहता हुआ, बहुत दिनों पश्चात। हो परिवर्तित कोयला, हीरे में, विख्यात।।

अनिल कुमार तिवारी निर्झर ने पढ़ा- चीनी की कीमत बढ़ी, महंगी हो गई दाल। तेल गगनचुंबी हुआ, जनगण है बेहाल।। उमाकांत मिश्र ने साझा किया- बोझ मिथ्या भरम, तोड़तीं बेटियां। दो घरों को सदा, जोड़तीं बेटियां।। आयोजक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने मुक्तक पढ़ा- मिट्टी का दीप फूटना है, फूटेगा ही, फिर भी हमको इतना कर्तव्य निभाना है। मिट्टी के मिट्टी में मिलने से पहले ही, जग को उजियाले से जगमग कर जाना है।। अंत में मुख्य अतिथि विजय कुमार शुक्ल के आशीर्वाद और डॉ. शिवसागर साहू के आभार व्यक्त करने के साथ गोष्ठी संपन्न हुई।

प्रेस क्लब ऑफ़ यूपी के तीसरी बार जिलाध्यक्ष बने शमशाद का स्वागत



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। प्रेस क्लब ऑफ़ यूपी के लगातार तीसरी बार मो. शमशाद जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर रविवार को साथी पत्रकारों ने कैंप कार्यालय में उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री मेराज उद्दीन महताब ने शिरकत की, जबकि उपस्थित पत्रकारों ने फूल-मालाओं से लादकर शमशाद को बधाई दी और प्रदेश अध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव का आभार जताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मो. शमशाद ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों के हितों, मान-सम्मान और उनकी गरिमा की रक्षा करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पत्रकारों के मान-सम्मान से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा और वे सभी पत्रकारों को एक समान मानकर हर संघर्ष में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। शमशाद ने घोषणा की कि पत्रकारों की समस्याओं और मांगों को लेकर संगठन का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेगा और अन्य संगठनों की तर्ज पर जिला प्रशासन से हर माह पत्रकारों की बैठक बुलाकर उनकी समस्याएं सुनने की व्यवस्था की मांग की जाएगी।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अमित शरण बाबी ने किया। इस दौरान प्रयागराज मंडल अध्यक्ष मो. आसिफ, कोषाध्यक्ष इरफान काजमी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकीम अहमद, निर्देश श्रीवास्तव, रामचंद्र सैनी, नूही जाफरी, रवि सिंह, नगर अध्यक्ष उमेश चंद्र, देवेंद्र कुमार सोनू, अली खान, छोटू सविता, सगीर अहमद, हरीश कुमार संजय, सुनील गुप्ता, मोहिनी अहमद, हुसनैन कोटी, सात्विक शुक्ला, सूर्या कुमार, मो. आरिफ, धीरज सिंह, जगन्नाथ, मोइज अहमद, अहमद अली, वंदना मौर्या, विक्टर रॉबर्ट उर्फ साहिल, शारिज कमर आजमी, इरशाद उर्फ गुड्डू, शुएब जाफरी, बब्बू सिंह, मोनू अहमद, नदीम जावेद, वीर सिंह, समन खान और राहत उद्दीन आदि पत्रकार मौजूद रहे।

खबर एक नज़र

ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक भूमि विवाद को लेकर पूर्व सैनिकों में आक्रोश

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक (सैनिक अस्पताल) के भवन निर्माण में भूमि संबंधी कथित अनियमितताओं को लेकर पूर्व सैनिकों का रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की मासिक बैठक में इस मामले को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। मास्टर वारंट अफसर आर.के. विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सबसे पहले ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक भवन फतेहपुर का मुद्दा उठाया गया। समिति के अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने बताया कि सेना की जांच में यह सामने आया है कि अस्पताल के लिए आवंटित भूमि पर भवन का निर्माण नहीं कराया गया, बल्कि कथित तौर पर कचरा फेंकने के स्थान पर अस्पताल बना दिया गया है। बताया कि इस मामले में संगठन जिलाधिकारी के न्यायालय से मुकदमा जीत चुका है, जहां अदालत ने स्पष्ट किया है कि मिलिट्री लैंड रिकॉर्ड में दर्ज भूमि ही सैनिक अस्पताल की वास्तविक जगह है और वर्तमान अस्पताल का निर्माण दूसरी जगह हुआ है। नगर पालिका की ओर से जिलाधिकारी न्यायालय के फैसले के खिलाफ कमिश्नर न्यायालय प्रयागराज में निगरानी याचिका दाखिल की गई है। महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने बताया कि 03 नवंबर को सेना के अधिकारियों ने एक प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया है, जिसमें समिति के अध्यक्ष सभी कानूनी दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष रखेंगे। वार्ता और सुनवाई के बाद होने वाले निर्णय की जानकारी 04 नवंबर को पूर्व सैनिकों को दी जाएगी, और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर भानु प्रताप सिंह, राजेश शुक्ला, राज कुमार तिवारी, बालकृष्ण अवस्थी, प्रेमसागर शुक्ला, अनुज शर्मा, कमल पाल, देवेंद्र शुक्ला, रामराज अवस्थी, धर्मेंद्र पटेल, राधेश्याम गुप्ता और मेड़ी लाल आदि उपस्थित रहे।

ऐतिहासिक रामलीला के अंतिम दिन भगवान श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक - उदयभान सिंह सेंगर बने नई समिति के अध्यक्ष

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। हथगाम कस्बे में पिछले 226 वर्षों से लगातार आयोजित हो रही श्री स्वामी चन्नदास रामलीला कमेटी के तत्वावधान में दस दिवसीय रामलीला के अंतिम दिन भव्य श्री राम राज्याभिषेक का आयोजन किया गया। रामलीला के अंतिम दिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में दर्शक लीला देखने पहुंचे।श्री रामचरितमानस वंदना और आरती के बाद, 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस लौटे प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण अपनी माता कौशल्या, कैकयी और सुमित्रा से मिले और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद भरत और शत्रुघ्न से गले मिलने के दृश्यों ने सभी को भावुक कर दिया। गुरुओं के आदेशानुसार विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बीच भगवान श्रीराम को अयोध्या के राजसिंहासन पर आसीन किया गया। सिंहासन पर बैठते ही चारों ओर जय श्री राम और ÷माता सीता÷ के गगनभेदी नारे गूंज उठे।

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष उदयभान सिंह, कोषाध्यक्ष, महामन्त्री और संरक्षक सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक-एक कर भगवान की आरती उतारी, जिसके बाद भक्तों ने भी अपनी बारी पर आरती की। परंपरा के अनुसार, इस वर्ष भी रामलीला के अंतिम दिन कमेटी द्वारा कुल आय और कुल व्यय का पूरा विवरण प्रस्तुत किया गया। परंपरागत रूप से वर्तमान अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह चंदेल का अध्यक्ष पद का 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर, कमेटी के उपाध्यक्ष उदयभान सिंह सेंगर को सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा मंडली सहित सभी सदस्यों और सहयोगियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य भर्ती प्रक्रिया में अनुभव प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया को सरल बनाने की उठी मांग

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापक भर्ती प्रक्रिया में आवेदन करने वाले शिक्षकों को अनुभव प्रमाण-पत्र बनवाने में आ रही कठिनाइयों को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने अपनी आवाज बुलंद की है। संगठन ने प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री, माध्यमिक शिक्षा मंत्री सहित शासन व विभाग के उच्च अधिकारियों और उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष को ज्ञापन प्रेषित किया है। संगठन का कहना है कि भर्ती के लिए आवेदन करने वाले शिक्षकों को अनुभव प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए विभिन्न अभिलेखों के सत्यापन और अनावश्यक औपचारिकताओं से गुजरना पड़ रहा है, जिससे अत्यधिक समय लग रहा है और निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने में कठिनाई आ रही है। कई पात्र शिक्षक प्रमाण-पत्र मिलने में देरी के चलते भर्ती प्रक्रिया से वंचित होने की आशंका जता रहे हैं। संघ ने मांग की है कि संबंधित शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में दर्ज प्रमाणित अभिलेखों के आधार पर अनुभव का सत्यापन कर तत्काल प्रमाण-पत्र जारी किया जाए।जिलाध्यक्ष आलोक शुक्ल ने कहा कि शिक्षकों की वर्षों की सेवा और अनुभव का पूरा विवरण उनकी सेवा पुस्तिका में दर्ज रहता है, ऐसे में अनुभव प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए उन्हें अनावश्यक प्रक्रियाओं में उलझाना न्यायसंगत नहीं है। संगठन शिक्षकों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस संबंध में जिलाध्यक्ष आलोक शुक्ल, जिलामंत्री अमित कुमार सिंह, प्रदेश कार्यकारी सदस्य दवे सिंह चैहान एवं अतुल सिंह यादव, कोषाध्यक्ष बलराज और आय-व्यय निरीक्षक देवी प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से पत्र प्रेषित किया है।

खागा में तीन लेखपालों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश

खागा (फतेहपुर)। तहसील क्षेत्र में शासकीय कार्यों में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले राजस्व कर्मियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। एसडीएम खागा अश्वनी पांडेय ने शनिवार को लंबी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए तीन लेखपालों के विरुद्ध विभागीय जांच बैठाने के आदेश दिए हैं।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जिन लेखपालों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है, उनमें कटोघन के लेखपाल आदर्श तिवारी, सिठौरा के लेखपाल विवेक कुमार और उमरा की लेखपाल संचय देवी शामिल हैं। इन लेखपालों पर लंबे समय से शासकीय कार्यों में शिथिलता बरतने, कार्यालय अवधि के दौरान आम नागरिकों व उच्च अधिकारियों के फोन कॉल रिसीव न करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

एसडीएम खागा अश्वनी पांडेय ने दो टूक कहा कि राजस्व संबंधी कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी लेखपालों को पहले ही निर्देश दिए गए थे कि वे अपने हल्का क्षेत्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करें। इन निर्देशों की अनदेखी करने पर यह कड़ा कदम उठाया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कठोर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई से तहसील के अन्य राजस्व कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने खागा में मनाया काला दिवस, प्रधानमंत्री को खून से लिखा 54वां पत्र

खागा (फतेहपुर)। बुंदेलखंड के ऐतिहासिक विभाजन के विरोध और पृथक राज्य गठन की मांग को लेकर रविवार को बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने खागा नगर स्थित अपने कार्यालय में बुंदेलखंड काला दिवस मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने काले कपड़े पहनकर और हाथों में काली पट्टियां बांधकर अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय बुंदेलखंडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने खून से 54वीं बार पत्र लिखकर अलग बुंदेलखंड राज्य की पुरजोर मांग उठाई। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि सौ बीमारियों का एक इलाज- बुंदेलखंड राज्य है। उन्होंने याद दिलाया कि 01 नवंबर 1956 को राज्यों के पुनर्गठन के दौरान ऐतिहासिक बुंदेलखंड क्षेत्र को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच विभाजित कर दिया गया था। इस विभाजन ने क्षेत्र की एकता, सांस्कृतिक पहचान और विकास की संभावनाओं को गहरी चोट पहुंचाई है, जिससे यहां की जनता आज भी उपेक्षा का दंश झेल रही है। प्रवीण पांडेय ने कहा कि भारत का हृदयस्थल कहे जाने वाले बुंदेलखंड में प्राकृतिक संपदा की प्रचुरता के बावजूद बेरोजगारी, पलायन, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक पिछड़ेपन जैसी गंभीर समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। अलग-अलग राज्यों में बंटे होने के कारण इस साझा क्षेत्र के लिए कोई एकीकृत विकास नीति नहीं बन पा रही है। उन्होंने कहा, यह लगातार 54वां अवसर है जब हमने अपने खून से प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। हमारे पूर्वजों ने देश की आजादी के लिए खून बहाया था, और आज हम उसी खून से अपने अधिकार की मांग लिख रहे हैं। अब बुंदेलखंड को कोरे आश्वासनों की नहीं, अपने पृथक राज्य की आवश्यकता है। समिति हर साल 01 नवंबर को काला दिवस मनाकर केंद्र सरकार का ध्यान इस ऐतिहासिक भूल की ओर आकर्षित करती है और जब तक राज्य का गठन नहीं होता, संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराती है।

जिला जज ने मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का ऑफिसर्स क्लब में किया शुभारंभ



स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आज जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार ने फतेहगढ़ के ऑफिसर्स क्लब में वृद्ध विधि के सहायता से सेवा शिविर का शुभारंभ किया

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश एवं अतिथियों ने परिसर में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विधिक जागरूकता पर आधारित प्रदर्शनी तथा स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों से स्टॉलों पर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं योजनाओं की जानकारी तथा लाभार्थियों को प्रदान किए जा रहे लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आमजन को विभागीय योजनाओं पात्रता की शर्तों आवेदन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर मौके पर ही पंजीकरण करने की कार्यवाही भी की गईए जिससे लोगों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में विधिक सहायता से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई गई तथा जरूरतमंद लोगों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी सहायता व्यवस्थाओं के प्रति जागरूक किया गया।

कृषि विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉल पर उन्नतशील बीजों जैविक खादों क्रिस्टल पर के स्टॉल पर मौजूद उपनिदेशक कृषि अरविंद मोहन मिश्रा से जनपद न्यायाधीश ने बीजों के बारे में जानकारी की यहां मौजूद जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने हरेक सरकारी स्टाल के बारे में विधिवत जानकारी दी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणध्सिविल जज सीनियर डिवीजन बिन्दिया भटनागर ने कहा कि इस मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के आयोजन का उद्देश्य केवल आमजन को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देना ही नहीं है बल्कि उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक बनाकर न्याय की प्रक्रिया को उनके लिए सुलभ एवं सुगम बनाना भी है। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से जनपद के समस्त विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने.अपने विभागों में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही योजनाओं के लिए पात्र लाभार्थियों का मौके पर पंजीकरण कर उन्हें शासन की लाभार्थीपरक योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। विधि विद्यालयों के छात्र.छात्राओं द्वारा संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों नागरिक कर्तव्यों विधिक नियमों एवं कानून के पालन के महत्व पर आधारित प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटकों एवं अन्य सांस्कृतिक तथा कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज

में विधिक जागरूकता फैलाने संविधान के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने तथा प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रस्तुतियों में प्रतिभाग करने वाले छात्र.छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों को जनपद न्यायाधीश सहित अन्य न्यायाधीशगण द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जजध्नोडल अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार अपर पुलिस अधीक्षक श्री गिरीश कुमार सिंह जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी क्षेत्राधिकारी सदर अभय वर्मा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष राजपूत सहित अन्य न्यायाधीशगण न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारीए विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी विधि विद्यालयों के छात्र.छात्राएं तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बद्री विशाल महाविद्यालय की छात्राओं ने वेटलिफ्टिंग में दो स्वर्ण एक रजत पदक जीता



स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर की ओर से आयोजित इंटर कॉलेज वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बद्री विशाल महाविद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा दीक्षा ने 130 किलोग्राम निधि ने 135 किलोग्राम वजन उठाकर दोनों ने स्वर्ण पदक तथा छात्र संजना ने 136 किलो ग्राम वजन उठाकर रजत रजत पद हासिल किया है।

यह प्रतियोगिता 30 अक्टूबर को विश्वविद्यालय परिसर कानपुर में आयोजित की गई थी जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।तीनों छात्रों का चयन छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर की टीम में नॉर्थ जोन में प्रतिभाग करने के लिए किया गया है।

छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार दुबे प्राचार्या प्रोफेसर रश्मि प्रियदर्शिनी क्रीड़ा संयोजक डॉ सुरेंद्र सिंह सभी आचार्य गण एवं कोच सत्यपाल सिंह चौहान ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी पदक विजेता छात्राओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पीईटी परीक्षार्थियों के लिए फर्रुखाबाद विकास मंच बना मददगार 800 से अधिक छात्र-छात्राओं को मिली निःशुल्क रहने, खाने की सुविधा



स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा ;पीईटी में शामिल होने के लिए दूसरे जनपदों से फर्रुखाबाद पहुंचे हजारों छात्र.छात्राओं के लिए फर्रुखाबाद विकास मंच ने सराहनीय पहल की। परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों को रहनेए खाने चाय.नाश्ते और अन्य जरूरी सुविधाएं पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा की इस पहल से सैकड़ों परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को बड़ी राहत मिली।

जनपद में 25 अक्टूबर 30 अक्टूबर और 1 नवंबर को आयोजित परीक्षा के दौरान आजमगढ़ सीतापुरए हरदोईए लखनऊ उन्नाव कानपुरए कानपुर देहात शाहजहांपुर सहित कई जनपदों से बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं परीक्षा देने पहुंचे। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को ठहरने के लिए इधर.उधर भटकना न पड़े और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ेए इसके लिए फर्रुखाबाद विकास मंच ने पहले से ही व्यापक तैयारियां की थीं।रेलवे स्टेशनए बस स्टैंड और शहर के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग एवं फ्लेक्स लगवाए गए थे।

इनमें विशंभर दयाल धर्मशाला तक पहुंचने के लिए जरूरी जानकारी और मंच के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए गए थे। इसके चलते बाहर से आने वाले परीक्षार्थी आसानी से धर्मशाला पहुंच सके। यहां उन्हें रहने के साथ भोजनए चाय.नाश्ता और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। छात्राओं के साथ आए अभिभावकों के ठहरने की भी व्यवस्था की गई।

भईयन मिश्रा ने बताया कि तीन दिवसीय परीक्षा के दौरान अब तक 800 से अधिक छात्र.छात्राओं को निशुल्क ठहराने और भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा चुकी है। रविवार को लगभग 350 से अधिक परीक्षार्थियों एवं उनके साथ आए अभिभावकों को विशंभर दयाल धर्मशाला और हिंदी भवन में ठहराया गया। उन्होंने बताया कि यह पीईटी परीक्षा का 11वां आयोजन हैए जिसमें फर्रुखाबाद विकास मंच की ओर से बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए इस प्रकार की व्यवस्था की जा रही है।

उन्होंने कहा कि पहले परीक्षा के दौरान हजारों छात्र.छात्राओं को रेलवे स्टेशन बस स्टैंड फुटपाथ और सड़कों पर रात गुजारने के लिए मजबूर होना पड़ता था। उनकी परेशानियों को देखकर मंच ने यह पहल शुरू की। जब जरूरतमंद परीक्षार्थियों को सहायता मिलती है तो मन को सुकून मिलता है। हमारा प्रयास है कि कोई भी छात्र या छात्रा केवल ठहरने और भोजन की परेशानी के कारण अपनी परीक्षा की तैयारी और प्रदर्शन प्रभावित न होने दे।वहीं बाहर से आए परीक्षार्थियों ने फर्रुखाबाद विकास मंच की व्यवस्था की जमकर सराहना की। उन्होंने बताया कि इससे पहले कई जनपदों में परीक्षा देने गए लेकिन कहीं ऐसी निशुल्क व्यवस्था देखने को नहीं मिली। कई जगह तो बैठने और रात गुजारने तक की जगह नहीं मिलती लेकिन फर्रुखाबाद में उन्हें घर जैसा माहौल सम्मान और सुविधाएं मिलीं।

इस सेवा कार्य में अंगद पांडे उर्फ कोमल प्रिंस शुक्ला श्यामेंद्र दुबे ओमनिवास पाठक निशित दुबे उर्फ निशु आयुष सक्सेना राजीव वर्मा आशुतोष मिश्रा सनी बाथम शिवांक बाजपेई रजत वर्मा दिलीप टेंट वाले सल्लू भारद्वाज दीपक गुप्ता विवेक वर्मा मोनू भाटिया बीनू गुप्ता विनय दीक्षित महिपाल सिंह राजपूत योगेश वर्मा राम सक्सेना संजू तिवारीअमित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

धूमधाम से मनाई गई सरदार पटेल जयंती दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ

स्वतंत्र भारत, छिबरामऊ कन्नौज। शासन व जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देशों के क्रम में आज हीरालाल वीएन इंटर कॉलेजएमे सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्राष्ट्रीय एकता दिवसश् के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य श्री राधा बल्लभ मिश्रए एएनओ मेजर संदीप कुमार माधवए स्काउट मास्टर श्री सत्यपाल सिंह एवं अन्य शिक्षकों द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्पण के साथ हुई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष और देश की अखंडता में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला।अंत मेंए उपस्थित सभी छात्र.छात्राओंए एनसीसी कैडेट्स और समस्त विद्यालय परिवार को देश की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। कोतवाली परिसर मेंसरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई।

पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 1 से 30 नवंबर तक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद। जिले के सभी पेंशनरों के लिए 1 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पेंशनर स्मार्ट फोन से स्वयं ही अपना जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

कोषागार फर्रुखाबाद से पेंशन लेने वाले सभी पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों जिनको अपना जीवन प्रमाण.पत्र कोषागार में जमा करना है उन्हें अब कोषागार में आकर जमा करने की जरूरत नहीं है।

यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी अमरीश वाजपेई ने बताया कि पेंशनर अपना जीवन प्रमाण पत्र अपने स्मार्ट फोन के प्ले स्टोर से सबसे पहले आधार फेस आरडी ऐप और फिर दोबारा प्ले स्टोर से ही जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड कर ऐप खोलकर जरूरी जानकारी जैसे आधार संख्या आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर पेंशनर का नाम पेंशन का प्रकार स्वीकृति प्राधिकारी ;राज्य सरकार उत्तर प्रदेशद्ध संवितरण एजेंसी ;उत्तर प्रदेश कोषागार . उप कोषागारद्ध कोषागारध् एजेंसी ;फर्रुखाबादद्ध पीपीओ संख्या बैंक खाता संख्या आईएफएससी कोड आदि भरते हुए डिजिटल माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र भेज सकते हैं।

एएसपी गिरीश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना



स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन में यातायात माह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई जिसे अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम से पहले पुलिस लाइन परिसर में यातायात जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें यातायात जागरूकता का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसके अलावा लोगों को जागरूकता का संदेश देने के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था। जागरूकता रैली में एनसीसी कैडेट्स सबसे आगे चल रहे थे। उनके पीछे विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने हिस्सा लिया। रैली के अंत में यातायात जागरूकता से संबंधित संदेशों से सजे तीन वाहन शामिल रहे।

एनसीसी कैडेट्स और छात्र.छात्राओं ने हाथों में यातायात जागरूकता संबंधी पत्रिकाएं लेकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने कहा कि यातायात माह के दौरान पूरे महीने अलग.अलग दिवसों पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और अभियान चलाए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनाया जाएगा।

उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें। यातायात नियमों की अनदेखी स्वयं के साथ.साथ दूसरों के जीवन को भी खतरे में डाल सकती है।

दुर्घटना में लाईन मैन गंभीर घायल

स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़। बाघराय थाना अंतर्गत विद्युत उपकेन्द्र बिहार मे कार्यरत रमेश कुमार गौतम विभागीय कार्य उपरांत घर जाते समय शकरदहा मोड़ पर शुक्रवार की धन दुर्घटना ग्रस्त हो गया, जिससे उसकी खोपड़ी मे गंभीर चोट आ गई।स्थानीय अस्पताल से एसआरएन प्रयागराज रेफर किया गया, जहां उसका ऑपरेशन हुआ और वह आईसीयू मे जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। रमेश कुमार गौतम पुत्र छोटे लाल निवासी लाल बाबा का पुरवा निदूरा, लालगोपालगंज प्रयागराज का रहने वाला है और बेहद गरीब है,तीन भाइयों में छोटा है,पत्नी व 8 साल का बेटा व 2 माह की बेटी है।परिवार की जिम्मेदारी रमेश के कंधों पर थी,परिवार ने उच्च अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है।

तीन दिवसीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण सम्पन्न

स्वतंत्र भारत उतरौला/ बलरामपुर। जनगणना-2027 के दूसरे चक्र के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण रविवार को एचआरए इण्टर कॉलेज के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इसमें 24 प्रशिक्षकों ने 550 प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को जनगणना की प्रक्रिया, दिशा-निर्देशों और जिम्मेदारियों का प्रशिक्षण दिया। शनि वार को अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व संदीप केला ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर कर्मचारियों को निर्धारित समय सीमा में शुद्धता और जिम्मेदारी के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनगणना के पहले चरण में मकानों की गणना पूरी हो चुकी है, जबकि दूसरे चरण में व्यक्तियों की गणना की जाएगी।

अदालती सूचना

न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी पीठासीन अधिकारी का नाम ऋचा सिंह मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर तहसील कानपुर सदर वाद सं. 49942/2025 कम्प्यूटरीकृत वाद सं. टी202503410149942 श्री धीरेन्द्र सिंह बनाम श्री दिनेश सिंह आदि अन्तर्गत धारा 116 अधिनियम उ.प्र. राजस्व संहिता 2006

1. श्री धीरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. भगवान सिंह निवासी ग्राम हरदौली तह. व जिला कानपुर नगर मो.नं. 9621096970...वादी

बनाम– 1. श्री दिनेश सिंह पुत्र स्व. भगवान सिंह निवासी ग्राम हरदौली तह. व जिला कानपुर नगर 2. श्री रणविजय सिंह पुत्र स्व. प्रताप सिंह नि. ग्राम हरदौली तह. व जिला कानपुर नगर 3. श्री शिव विजय सिंह उर्फ कल्लू सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह नि. ग्राम हरदौली तह. व जिला कानपुर नगर 4. श्रीमती राजपती देवी पत्नी स्व. प्रताप सिंह नि. ग्राम हरदौली तह. व जिला कानपुर नगर...प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 116 राजस्व संहिता उ.प्र. मौजा हरदौली तह. व जिला कानपुर नगर

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 02.11.2026 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबेदही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 12.10.2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर तहसील कानपुर सदर

सी.आर.-1699/K-CN

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान् प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश महोदय कानपुर नगर वाद पत्र संख्या–220 सन् 2026

1. सपना सोनकर उम्र लगभग 36 वर्ष पुत्री स्व० सुरेन्द्र नाथ पत्नी जितेन्द्र सोनकर आदि निवासिनी ग्राम पेम, थाना बिठूर, कानपुर नगर। मो. 8960853626....प्रार्थिनी/याचीगण

बनाम–जितेन्द्र सोनकर उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व० प्रेमचन्द्र सोनकर निवासी– ग्राम बैरी पोस्ट सवई, थाना शिवली, कानपुर देहात। (मो0नं0–9651970596)....विपक्षी/अभियुक्त

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 144 बी०एन०एस०एस० 2023

सम्बन्धित थाना– बिठूर कानपुर नगर।

चूंकि आपके विरूद्ध वादिनी ने धारा 144 बी.एन.एस.एस. 2023 का प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 19.11.2026 को स्वयं न्यायालय में उपस्थित होकर अगर आपको कोई आपत्ति हो तो प्रेषित करे आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षिय आदेश पारित होगा। आज दिनांक 16.10.2026 न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी। आज्ञानुसार, सदर मुन्सरिम प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कानपुर नगर

सी.आर.-1699/K-CN

न्याय और जनकल्याण है सरकार का मुख्य उद्देश्य जनपद न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कन्नौज। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल स्मृति पार्क में आज आमजन को विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक मेगाध्बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झाए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर न्यायपालिकाए जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेशिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान कुल 129 लाभार्थियों को प्रमाण.पत्रए स्वीकृति.पत्रए डेमो चेक और अन्य लाभ प्रदान किए गए ?उद्यानए श्रमए उद्योगए ग्राम्य विकासए पिछड़ा वर्गए समाज कल्याणए कृषिए मत्स्यए बैंकए दिव्यांगजनए नेडाए बेसिक शिक्षाए आईटीआईए जिला कार्यक्रमए आपूर्तिए पशु चिकित्साए दुग्धशाला एवं प्रोबेशन विभाग द्वारा 5.5 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। ?खादी एवं ग्रामोद्योग तथा पंचायती राज विभाग द्वारा 4.4 लाभार्थियों को लाभ मिला। जिला नगरीय विकास अभिकरण ;डूडाद्ध द्वारा 10 तथा चिकित्सा विभाग

-अटल स्मृति पार्क में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित

-129 लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

द्वारा 15 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया। ?इसके अलावाए एलईडी स्क्रीन के माध्यम से विधिक सहायता और जनगणना से संबंधित जागरूकता वीडियो भी प्रदर्शित किए गए। अतिथियों ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सराहना की। संबोधन के दौरान जनपद न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा ने कहा कि संविधान का मूल उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को न्यायए समानता और गरिमापूर्ण जीवन देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से वंचित और जरूरतमंद वर्गों को एक ही स्थान पर योजनाओं की जानकारी और सहायता मिल जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित करें।

?जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर पात्र नागरिक को बिना किसी परेशानी के योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी लेकर अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करेंए ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। कार्यक्रम के अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पौमेला श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजनए अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

यातायात माह का भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कन्नौज। जनपद में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से

.. यमराज बनकर पहुंचे कलाकार ने दिए सड़क सुरक्षा के संदेश

आज यातायात माह का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कोतवाली कन्नौज क्षेत्र के अंतर्गत तिर्वा क्रॉसिंग पर आयोजित इस उद्घाटन समारोह में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर यातायात प्रचार वाहन को रवाना किया।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित आम नागरिकों और छात्र.छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करे। ?एसपी ने विशेष रूप से बच्चों से आग्रह किया कि वे घर जाकर अपने परिजनों को निम्नलिखित नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें?पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि यह यातायात माह पूरे नवंबर महीने तक चलेगा। इस दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयोंए महाविद्यालयोंए बाजारों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ हीए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। ?इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमारए क्षेत्राधिकारी नगर सुरेश कुमारए क्षेत्राधिकारी यातायात शिल्पा वर्माए यातायात प्रभारी रविशंकर तिवारीए एनसीसी कैडेट्स सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।समारोह का मुख्य आकर्षण एक स्थानीय कलाकार द्वारा श्यमराज का रूप धारण कर प्रस्तुत किया गया अनूठा जागरूकता संदेश रहा। यमराज की वेशभूषा में पहुंचे कलाकार ने लोगों को चेताया कि यातायात नियमों की अनदेखी सीधे तौर पर जानलेवा साबित हो सकती है। बिना हेलमेट बाइक चलाना और लापरवाही बरतना किस तरह यमराज के निकट ले जा सकता हैए इसे बेहद प्रभावी तरीके से दर्शाया गया।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

34 स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन 1251 मरीजों को मिला उपचार 13 मरीज किए गए रेफर

स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद। जिले में रविवार को 34 प्राथमिक एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में आयोजित मेले में 35 चिकित्सकों एवं 142 पैरामेडिकल कर्मचारियों ने मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। मेले का उद्देश्य लोगों को उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर ही जांच उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराना रहा। आरोग्य मेले में कुल 1251 मरीजों ने पहुंचकर उपचार प्राप्त किया। इनमें 569 पुरुष 520 महिलाएं और 162 बच्चे शामिल रहे। मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही 39 गर्भवती महिलाओं की भी स्वास्थ्य जांच की गई। मेले में त्वचा संबंधी समस्याओं के 337अन्य बीमारियों के 383ए श्वांस संबंधी 165ए गैस्ट्रो संबंधी 158ए मधुमेह के 166 बुखार के 230ए उच्च रक्तचाप के 66 तथा लीवर संबंधी 42 मरीजों का उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त 11 लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए परामर्श दिया गया तथा तीन लोगों की आंखों की जांच की गई।

मौसमी एवं संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण के लिए मेले में 85 मरीजों की मलेरिया तथा 35 मरीजों की डेंगू जांच की गई।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

स्वतंत्र भारत

देश विदेश

12

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, सोमवार, 2 नवंबर, 2026

इजराइली विपक्षी नेता आइजनकोट ने गठबंधन की शर्तें रखीं

नेतन्याहू को सत्ता से हटाने की तैयारी



तेल अवीव। इजराइल में 27 अक्टूबर को हुए चुनाव के बाद किसी भी गठबंधन को सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं मिला है। देश की संसद नेसेट में कुल 120 सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए 61 सीटों की जरूरत है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के गठबंधन को 53 सीटें मिली हैं, जबकि विपक्षी गठबंधन को 48 सीटें मिली हैं। वहीं, अरब पार्टियों के खाते में 19 सीटें आई हैं। गादी आइजनकोट की पार्टी याशार ने 21 सीटें जीतकर विपक्ष में सबसे ज्यादा सीटें हासिल की हैं। ऐसे में आइजनकोट ने नई सरकार बनाने के लिए चार शर्तें रखी हैं। इजराइली मीडिया वाय-नेट को मुताबिक, उन्होंने कहा कि जो भी सांसद और राजनीतिक दल इन शर्तों को मानने के लिए तैयार होंगे, उनके लिए गठबंधन सरकार में शामिल होने का रास्ता खुला रहेगा। आइजनकोट की पहली शर्त है कि इजराइल की पहचान एक यहूदी, लोकतांत्रिक, उदार और सभी को बराबर अधिकार देने वाले देश के रूप में बनी रहे। इसका मतलब है कि देश की सरकार यहूदी पहचान को बनाए रखने के साथ लोकतंत्र और नागरिकों की आजादी का भी सम्मान करे। दूसरी शर्त है कि नई सरकार 1948 में इजराइल की आजादी के समय तय किए गए सिद्धांतों का पालन करे। इनमें देश को यहूदी राज्य बनाने के साथ लोकतंत्र, आजादी, न्याय और सभी नागरिकों को बराबर अधिकार देने की बात शामिल है। तीसरी शर्त के तहत आइजनकोट चाहते हैं कि इजराइल के सभी नागरिकों के लिए सैन्य, राष्ट्रीय या नागरिक सेवा करना जरूरी हो। यानी देश का हर नागरिक किसी न किसी रूप में देश की सेवा करे। यह मुद्दा इजराइल की राजनीति में लंबे समय से विवाद की वजह बना हुआ है।

ईरान ने किया दावा : वेंस के पत्र में बदला अमेरिका का रुख



तेहरान। ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी मोहसेन रेजाई ने कहा है कि उपराष्ट्रपति जेडी. वेंस के एक पत्र में अमेरिका का रुख पूरी तरह से बदल गया है। यह जानकारी अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार है। यह बयान इस राजनयिक पहल पर ईरान की ओर से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार यह कहते आ रहे हैं कि तेहरान बातचीत करना चाहता है। सरकारी प्रसारक आईआरआईबी से बात करते हुए रेजाई ने कहा, 'उनका रुख पूरी तरह से बदल गया है, जो एक अच्छा संकेत है और दिखाता है कि हमारे लोगों ने जीत हासिल कर ली है।' रविवार को कतरी मध्यस्थों के जरिए ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव रेजाई को वेंस का पत्र सौंपा गया। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इस प्रस्ताव में वेंस के नेतृत्व में सीधी बातचीत की परिकल्पना की गई है, जिसमें शुरुआत से ही ईरान के परमाणु कार्यक्रम को चर्चा का हिस्सा बनाया जाएगा। इस बीच, 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि इस संदेश में शांति की कोई ठोस शर्तें नहीं, बल्कि बातचीत के लिए एक रूपरेखा' (फ्रेमवर्क) बताई गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह पत्र ट्रंप के निर्देश पर भेजा गया था। इससे पहले, शनिवार को विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 'अल जजीरा' को बताया कि तेहरान ने पत्र का अध्ययन कर लिया है। बातचीत शुरू करने की वाशिंगटन की कोशिश को एक सकारात्मक कदम बताया है। उन्होंने आगे बताया कि मध्यस्थों के साथ चर्चा करने के लिए उनका एक सहयोगी दोहा गया था।

एक नज़र

नेपाल में ट्रेकिंग के दौरान छह भारतीय पर्यटक लापता

भारी बर्फबारी के बीच सेना ने शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन

काठमांडू। नेपाल के हिमालयी क्षेत्र में भारी बर्फबारी के बाद छह भारतीय पर्यटक लापता हो गए हैं। इनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। सभी पर्यटक नेपाल की सबसे गहरी झीलों में से एक शे-फोक्सुंडो की ट्रेकिंग पर निकले थे। अधिकारियों ने समाचार एजेंसी एएनआई को इसकी पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पर्यटक डोल्पो बुद्ध ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर चार और आठ से झील की ओर जा रहे थे। उन्हें आखिरी बार शे-फोक्सुंडो ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड चार और आठ के बीच स्थित नुमला पास और बागला पास के इलाकों में देखा गया था। स्थानीय गाइडों को आशंका है कि बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवात अर्नब के प्रभाव से हुई भारी बर्फबारी के कारण पर्यटक पहाड़ों में फंस गए हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने उन्हें खराब मौसम और पहाड़ी दर्रों में खतरनाक परिस्थितियों को देखते हुए आगे नहीं बढ़ने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद पर्यटकों ने अपनी यात्रा जारी रखी। माना जा रहा है कि ऊंचाई वाले इलाके से लौटते समय वे बर्फ में फंस गए।

टैक्स देने में गड़बड़ी तो अमेरिका में रहना मुश्किल

ग्रीन कार्ड के लिए सख्त हुए नियम

वाशिंगटन। अमेरिका में बसने की चाहत रखने वालों को टैक्स नियमों का पालन करना होगा। टैक्स नियमों का पालन न करने का असर नागरिकता आवेदन पर दिख सकता है। इसको लेकर इमिग्रेशन वकीलों ने चेतावनी जारी की है। यूएससीआईएस का 'एडजस्टमेंट ऑफ स्टेटस' (ग्रीन कार्ड पाने की प्रक्रिया) को लेकर अपनाया गया सख्त और विवेकाधीन रवैया, आवेदकों और कुछ मामलों में उनके वित्तीय प्रायोजकों को और अधिक गहन जांच के दायरे में लाता है। टैक्स नियमों का पालन न करने का असर भविष्य में नागरिकता के आवेदनों पर भी पड़ सकता है। मई में अमेरिका के सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (एससीआईएस) की ओर से जारी एक नीतिगत ज्ञापन में 'एडजस्टमेंट ऑफ स्टेटस' (एओएस) की प्रक्रिया को नए सिरे से परिभाषित किया गया है। यह वह प्रक्रिया है जिसके तहत अमेरिका में पहले से मौजूद पात्र विदेशी नागरिक स्थायी निवास के लिए अप्लाई करते हैं। अब इसमें बदलाव करते हुए इसे एक 'विवेकाधीन लाभ' माना जाएगा। इस नीति के तहत यूएससीआईएस अधिकारियों को यह तय करने के लिए सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं पर विचार करना होगा कि क्या आवेदक को मंजूरी दी जानी चाहिए या नहीं।

नवंबर में भारत आ सकते हैं नेपाल के पीएम बालेन शाह

नई दिल्ली। भारत-नेपाल के तनाव के बीच अच्छी खबर आ रही है। जल्द ही दोनों देशों के रिश्ते एक बार फिर पटरी पर आने वाले हैं। नवंबर के आखिरी में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह की भारत यात्रा प्रस्तावित है। इससे पहले बालेन शाह की पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा का एजेंडा तैयार करने के लिए भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी के चार नवंबर को काठमांडू पहुंचने की उम्मीद है। यह यात्रा कई महीनों के राजनयिक तनाव के बाद हो रही है। इसमें मिसरी की एक प्रस्तावित यात्रा का टल जाना और लिपुलेख को लेकर मतभेद जैसी घटनाएं शामिल हैं।

जापान के तट के पास 6.0 तीव्रता का भूकंप

टोक्यो। जापान के मी प्रांत के तट के पास रविवार सुबह 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, भूकंप का केंद्र भूकंप का केंद्र मी प्रांत की राजधानी त्सु से करीब 110 किलोमीटर दक्षिण में था। त्सु की आबादी 2.5 लाख से ज्यादा है। भूकंप समुद्र में जमीन से 352 किलोमीटर की गहराई में आया। भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। किसी के घायल होने या जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

'बोल्सोनारो की अमेरिका यात्रा में ट्रंप ने नहीं की कोई मदद'

अटलांटा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद देश छोड़कर अमेरिका पहुंचे फ्लावियो बोल्सोनारो की यात्रा में कोई मदद नहीं की थी। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के खिलाफ चुनाव हारने के बाद फ्लावियो बोल्सोनारो बुधवार को मियामी पहुंचे थे। इससे एक दिन पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा था कि चुनाव में हार के बाद बोल्सोनारो और उनके परिवार को अमेरिकी वीजा दिया जाएगा। यह चुनाव कड़ा मुकाबला था और लैटिन अमेरिका में रूढ़िवादी दलों की चुनावी सफलता के रुझान से अलग रहा। जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए अटलांटा पहुंचे रूबियो ने पत्रकारों से कहा, 'हमने किसी भी तरह की मदद नहीं की।' उन्होंने कहा, 'हमें जानकारी मिली थी कि वह अमेरिका पहुंच गए हैं। उनके पास पहले से वीजा था और राष्ट्रपति ने उन्हें देश में प्रवेश की अनुमति देने का फैसला किया।' रूबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी सरकार उनकी यात्रा से जुड़े किसी भी कदम में सीधे तौर पर शामिल नहीं थी।

महिलाओं पर टिप्पणी को लेकर मरियम नवाज के पति की आलोचना

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के पति और पूर्व सैन्य अधिकारी कैप्टन (सेवानिवृत्त) मुहम्मद सफदर महिलाओं पर अपनी टिप्पणी को लेकर विवादों में घिर गए हैं। उन्होंने एक रैली में 'मेरा शरीर, मेरी मर्जी' नारे पर सवाल उठाते हुए कहा था कि कैंसर जैसी बीमारी होने पर महिलाएं इलाज के लिए धार्मिक विद्वानों से दुआ और पानी मांगती हैं। उनका वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर आलोचना हुई। मरियम नवाज ने भी उनकी टिप्पणी को 'दिल तोड़ने वाला' बताया। उनकी पोस्ट को पति के बयान पर अप्रत्यक्ष नाराजगी के रूप में देखा जा रहा है।

नीदरलैंड के तट पर रबर की नाव में फंसे 38 लोगों को बचाया

एम्स्टर्डम। नीदरलैंड के दक्षिणी तट पर शनिवार सुबह रबर की नाव में समुद्र के बीच फंसे 38 लोगों को तटरक्षक बल ने बचाया। नाव में इंजन नहीं था और कोई भी व्यक्ति लाइफ जैकेट नहीं पहने था। सैन्य पुलिस और तटरक्षक बल ने नाव को खींचकर किनारे पहुंचाया। अधिकारियों ने मानव तस्करी के संदेह में दो लोगों को हिरासत में लिया है। सभी लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। फिलहाल उनकी राष्ट्रीयता और प्रवास की स्थिति की जांच की जा रही है। अधिकारियों को यह भी पता नहीं है कि नाव कहां से आई थी और कहां जा रही थी।

एच-1बी वीजाधारकों पर पाबंदियों से अमेरिकी को होगा भारी नुकसान



ह्यूस्टन। अमेरिका में चुनाव से पहले भारतीयों के खिलाफ बढ़ती बयानबाजी और आव्रजन संबंधी प्रस्तावित पाबंदियों पर चिंता जताते हुए गैर-लाभकारी संगठन

■ इंडियास्पोरा की चेतावनी

इंडियास्पोरा ने आगाह किया है कि एच-1बी वीजा धारकों को निशाना बनाने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हो सकता है। संगठन ने भारतीय मूल के पेशेवरों को निशाना बनाने के राजनीतिक प्रयासों पर चिंता व्यक्त की है। संगठन ने कहा कि भारतीय मूल के पेशेवर स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इंडियास्पोरा के कार्यकारी निदेशक संजीव जोशीपुरा ने कहा, भारत के एच-1बी कर्मचारी अमेरिका को दुनिया में नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में मददगार रहे हैं और उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अरबों डॉलर का योगदान दिया है। उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसका असर बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक के समुदायों पर पड़ेगा। प्रवासी भारतीयों के इस संगठन ने प्रस्तावित नियामकीय उपायों पर भी चिंता जताई। इंडियास्पोरा ने कहा कि विदेशी पेशेवर, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत चिकित्सक और शिक्षक, अमेरिका के उन इलाकों में कार्यबल की कमी दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जहां घरेलू स्तर पर तत्काल पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं। इनमें मिसिसिपी डेल्टा जैसे संसाधनों की कमी वाले क्षेत्र भी शामिल हैं।

ट्रंप ने ईरान पर नेतन्याहू से की बात

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब वाशिंगटन ईरान के खिलाफ नए सिरे से सैन्य कार्रवाई की संभावनाओं का आकलन कर रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इस बातचीत से परिचित सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, इस सप्ताह की शुरुआत में व्हाइट हाउस में हुई एक बैठक के बाद दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत हुई। इस बैठक में ट्रंप ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान दोबारा शुरू करने के संभावित विकल्पों पर चर्चा की थी। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर विभिन्न रणनीतिक विकल्पों पर विचार कर रहा है।

मोजतबा के तेवर पर ट्रंप की चेतावनी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान में अमेरिका के पास अभी भी एक या दो ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें निशाना बनाना

■ कहा ईरान के एक-दो ठिकाने अभी बाकी हैं

बाकी है। इनमें एक संदिग्ध भूमिगत परमाणु परिसर भी शामिल है। उनके इस बयान से संकेत मिले हैं कि ईरान में अमेरिका के सैन्य लक्ष्य अभी पूरी तरह पूरे नहीं हुए हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल को नई चेतावनी दी है। उन्होंने ईरान की सेना को किसी भी दुश्मन के हमले का तुरंत और जोरदार जवाब देने के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है। शनिवार को फ्लोरिडा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने ईरान की सैन्य ताकत और परमाणु कार्यक्रम को काफी कमजोर कर दिया है। हालांकि, अभी भी कुछ ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें निशाना बनाना बाकी है। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा, 'हमने उनके परमाणु सिस्टम को नष्ट कर दिया है। अभी भी एक या दो ऐसी जगहें हैं, जिन्हें हमें 'संभालना' है, लेकिन हम ऐसा 10 मिनट के भीतर कर सकते हैं।' उन्होंने खास तौर पर 'पिकएक्स माउंटेन' का जिक्र किया। यह ईरान की नतान्ज परमाणु सुविधा के पास स्थित एक संदिग्ध भूमिगत परमाणु परिसर है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को इसे भी निशाना बनाना होगा।

57,000 करोड़ कीक्रिप्टो चोरी में उत्तर कोरियाई हैकर्स का हाथ

एफबीआई की जांच में बड़ा दावा

न्यूयॉर्क। दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस से कुछ ही मिनटों में अरबों डॉलर की डिजिटल करेंसी चोरी होने के मामले में अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने बड़ा खुलासा किया है। एफबीआई के मुताबिक, इस ऐतिहासिक साइबर चोरी के पीछे उत्तर कोरिया के हैकरों का हाथ है। एजेंसी ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि इस सप्ताह हुआ हमला 'ट्रेडरट्रेटर' नाम के एक समूह की दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों से जुड़ा है। यही समूह पिछले साल बायबिट से 1.5 अरब डॉलर की क्रिप्टोकरेंसी चोरी करने के मामले में भी शामिल था। एफबीआई ने क्रिप्टो एक्सचेंजों, ब्लॉकचेन एनालिटिक्स कंपनियों और अन्य संबंधित संस्थाओं से अपील की है कि वे चोरी की गई रकम से जुड़े विभिन्न डिजिटल वॉलेट पतों के लेनदेन को रोकें। इसका मकसद चोरी की रकम को दूसरी जगह भेजकर उसके मूल स्रोत को छिपाने और मनी लॉन्ड्रिंग करने से रोकना है। जांच एजेंसी के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि ट्रेडरट्रेटर चोरी की गई डिजिटल संपत्तियों को मुख्य रूप से एथेरियम क्रिप्टोकरेंसी में बदल रहा है। एफबीआई को आशंका है कि हैकर अब विकेंद्रीकृत वित्तीय प्लेटफॉर्म और इंस्टेंट स्वैप सेवाओं के जरिए इन संपत्तियों को दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में बदलने की कोशिश कर सकते हैं।

जी-20: विदेश मंत्रियों की बैठक में नहीं बनी सहमति



अटलांटा। दुनिया की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी-20 के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक वैश्विक सुरक्षा से जुड़े कई

■ रूस-यूक्रेन समेत कई मुद्दों पर मतभेद से संयुक्त बयान टला

अहम मुद्दों पर बिना किसी साझा सहमति के खत्म हो गई। रूस-यूक्रेन युद्ध समेत कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर देशों के बीच मतभेद बैठक के दौरान साफ नजर आए। इन मतभेदों का असर बैठक के नतीजों पर भी पड़ा। इसके चलते सदस्य देशों की ओर से कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया। इसके बजाय अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बैठक के अध्यक्ष की ओर से एक बयान जारी किया, जिसमें चर्चा के दौरान सामने आई प्राथमिकताओं का उल्लेख किया गया। इस बयान में किसी मुद्दे पर बनी सहमति या समझौते का जिक्र नहीं था। इसमें ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा से लेकर समुद्री रास्तों पर आवाजाही की स्वतंत्रता जैसे मुद्दों को प्राथमिकता बताया गया। बैठक के समापन पर पत्रकारों से बातचीत में रुबियो ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान को लेकर सभी देशों के बीच आम सहमति बनने की स्थिति नहीं है। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि जी-20 के कुछ देश सप्लाई चेन और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। रुबियो ने शनिवार को भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों के साथ अलग से बातचीत भी की। इसके बाद उन्होंने जी-20 के अंतिम सत्र की अध्यक्षता की। इस सत्र में होर्मुज जलडमरूमध्य, लाल सागर, काला सागर और दक्षिण चीन सागर में समुद्री आवाजाही की स्वतंत्रता पर चर्चा हुई।

ट्रंप को झटका, वॉल स्ट्रीट जर्नल पर मानहानि मुकदमा खारिज

मियामी। एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वॉल स्ट्रीट जर्नल और मीडिया मुगल रूपर्ट मर्डोक के खिलाफ अरबों डॉलर का मानहानि मुकदमा खारिज कर दिया है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश डैरिन गेल्स ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने कहा कि ट्रंप यह साबित नहीं कर पाए कि प्रतिवादियों ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से मानहानिकारक बयान दिए थे। यह मुकदमा फाइनेंसर जेफरी एपस्टीन से ट्रंप के संबंधों पर एक खबर से जुड़ा था। जर्नल ने पिछले साल एक यौन रूप से उत्तेजक पत्र के बारे में खबर प्रकाशित की थी, जिस पर ट्रंप का नाम था। ट्रंप ने इसे 'झूठा, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक' बताया था। अदालत ने मुकदमे को 'बेबुनियाद' करार दिया, जो जर्नल की खोजी रिपोर्टिंग में खामियां 'गढ़ने' की कोशिश कर रहा था।

लंदन में 'फलस्तीन एक्शन' का समर्थन 139 गिरफ्तार

लंदन। लंदन में अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रतिबंधित 'फलस्तीन एक्शन' के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे 139 लोगों को लंदन पुलिस ने गिरफ्तार किया। हिरासत में लिए गए अधिकांश लोगों ने एक प्रतिबंधित संगठन का समर्थन किया था। 'डिफेंड आवर जूरीज' के अनुसार, जुलाई 2025 से प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर 4,000 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए हैं। ब्रिटेन सरकार ने पिछले साल 'फलस्तीन एक्शन' को आतंकवादी संगठन घोषित किया था, जिसके समर्थन पर 14 साल तक की जेल हो सकती है। शनिवार को लंदन में यह प्रदर्शन 4 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में समूह के आतंकवादी पदनाम के खिलाफ अपील से पहले हुआ। अगस्त में, अमेरिकी सरकार ने भी इस समूह पर प्रतिबंध लगाए थे।

तकनीक | पेंसिल जितना पतला है एक्स-59 प्रायोगिक सुपरसोनिक जेट

अमेरिका के आसमान में नासा का अद्भुत खासियतों का विमान



वाशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के बेहद पतले और नुकीले 'एक्स-59' सुपरसोनिक प्रायोगिक विमान ने अपनी पहली उड़ान की पहली वर्षगांठ पर पूरे अमेरिका के ऊपर से उड़ान भरी। यह विमान कैलिफोर्निया से फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर की यात्रा पर निकला था। उड़ान के दौरान इसे देखने वाले लोगों ने इसके वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए, जो तेजी से वायरल हो गए। नासा प्रशासक जेरेड इसाकमैन ने भी एक्स पर वीडियो की सराहना करते हुए विमान के कैनेडी सेंटर पहुंचने की पुष्टि की। इस यात्रा के दौरान विमान के साथ एक एफ-15, एक एफ/ए-18 और एक गल्फस्ट्रीम सी-20 विमान एस्कॉर्ट के रूप में चल रहे थे।

एक साल में 12000 फीट से 56000 फीट तक का सफर- नासा एरोनॉटिक्स ने बताया कि 28 अक्टूबर 2025 को अपनी पहली उड़ान भरने के बाद से एक्स-59 ने विमानन क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। पहली उड़ान में यह विमान केवल 12,000 फीट की ऊंचाई और 230 मील प्रति घंटे की गति तक पहुंचा था तथा 67 मिनट हवा में रहा था। वहीं, ठीक एक साल बाद 28 अक्टूबर 2026 तक यह विमान 56,000 फीट की अधिकतम ऊंचाई और मैक 1.53 यानी ध्वनि की गति से डेढ़ गुना अधिक की रफ्तार हासिल कर चुका है। अब तक यह कुल 41 परीक्षण उड़ानें पूरी कर चुका है, जिसमें इसकी सबसे लंबी उड़ान 102 मिनट की रही है। नासा का एक्स-59 विमान 99.7 फीट लंबा और 29.5 फीट चौड़ा है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी पेंसिल जैसी लंबी और संकरी नोज है, जो विमान की कुल लंबाई का लगभग एक-तिहाई हिस्सा घेरती है। इस डिजाइन का मुख्य उद्देश्य ध्वनि की गति से तेज उड़ते समय पैदा होने वाली शॉक वेव्स को बिखरने से रोकना है, ताकि जमीन पर तेज सोनिक बूम सुनाई न दे। इसके अलावा, इसका इंजन ऊपर की तरफ लगाया गया है ताकि आवाज ऊपर की ओर जाए और निचला हिस्सा पूरी तरह चिकना रखा गया है।

बिना सामने वाली खिड़की के उड़ता है यह विमान- इस विमान का कॉकपिट बीच में स्थित है और इसमें सामने देखने के लिए कोई पारंपरिक शीशा या खिड़की नहीं है। पायलट आगे का दृश्य देखने के लिए नासा के खास एक्सटर्नल विजन सिस्टम का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें हाई-रेजोल्यूशन कैमरे और स्क्रीन लगे हैं।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089